✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 351 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 21 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



इटली की पीएम मेलोनी के साथ अन्य लोगों से मिलते भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दारोगा निलंबित

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में खाकी को शर्मसार करने वाले मामले में आखिरकार बड़ी कार्रवाई हुई है। बीपीएससी अभ्यर्थी को आधी रात घर से उठाकर बेरहमी से पीटने और रिश्वत लेकर छोड़ने के आरोप में महिला सब-इंस्पेक्टर शिल्पी कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। एसपी हिमांशु ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी महिला दारोगा पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की। इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

### बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा 14 व 17 जून को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 2026 का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस भर्ती अभियान के तहत मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय और परिवहन विभाग में कुल 4,236 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। परीक्षा 14 जून और 17 जून को आयोजित होगी।

### पटना में 1 जून की रात होगी मॉक ड्रिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मानसून के दौरान राजधानी को जलजमाव से बचाने के लिए बुडको ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। शहर के सभी स्थायी और अस्थायी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों की स्थिति की जांच के लिए एक जून की रात विशेष मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान रात 11 बजे से सुबह दो बजे तक सभी डीपीएस के पंप एक साथ चलाकर उनकी कार्यक्षमता परखी जाएगी।

## सम्राट कैबिनेट की बैठक में 13 बड़े फैसलों पर लगी मुहर

# औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

### गया से बैंकॉक सीधी उड़ान को मंजूरी | औरंगाबाद और अरवल में बनेगा आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार कैबिनेट की बैठक में बुधवार को 13 एजेंडों पर मुहर लगी है। खेल सुविधाओं को मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। अरवल में 6.81 एकड़ भूमि और औरंगाबाद के देव में 13.09 एकड़ जमीन पर आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। वहीं सहरसा के सलखुआ में 6.61 एकड़ क्षेत्र में आउटडोर स्टेडियम विकसित किया जाएगा। इन सभी परियोजनाओं को खेल विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा जिससे राज्य में खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिल सकेंगी। कैबिनेट ने राज्य के अंतरराष्ट्रीय संपर्क को मजबूत करने के लिए गया से बैंकॉक के बीच सीधी उड़ान शुरू करने को हरी झंडी दी गई है। सरकार इस सेवा को शुरू करने के लिए एयरलाइन कंपनियों को आर्थिक सहायता भी देगी। यह कदम पर्यटन, व्यापार और वैश्विक कनेक्टिविटी के



लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। नालंदा की पटेल वेयरहाउसिंग कंपनी को औद्योगिक प्रोत्साहन योजना के तहत 88 करोड़ रुपये की सहायता देने की मंजूरी मिली है। वहीं कैमूर की ईएसई एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को भी निवेश प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। गया के डोभी क्षेत्र में जलाशय निर्माण और अन्य विकास कार्यों के लिए 428 करोड़ रुपये से अधिक की योजना को मंजूरी दी गई है। इससे क्षेत्र में जल संसाधन और सिंचाई व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 15वें वित्त आयोग से 747 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करने की मंजूरी दी गई है। साथ ही विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में पुनर्गठन के साथ 53 नए पदों के सृजन को भी हरी झंडी दी गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस कैबिनेट बैठक में कुल 13 अहम एजेंडों को मंजूरी दी गई। इन फैसलों को राज्य के विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

## सनकी दामाद ने सास-ससुर और पत्नी-बच्चे को जिंदा जलाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना सिटी इलाके में आपसी विवाद में एक दामाद ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। बुधवार सुबह राजा बाबू खाटू श्याम गली स्थित एक मकान में दामाद ने अपनी ही पत्नी, मासूम बच्चे, सास और ससुर पर पेट्रोल या कोई अन्य ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी। इस भयावह घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आग की लपटें और चीख-पुकार सुनकर दौड़े पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सभी घायलों को बेहद गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पटना सिटी एसडीपीओ-2 ने बताया कि शुरुआती जांच में परिवार की ओर से दामाद पर आग लगाने का गंभीर आरोप लगाया गया है। पुलिस इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर तफ्तीश कर रही है। आरोपी को पकड़ने के लिए इलाके और आसपास की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सभी घायलों को इलाज के लिए पटना के एनएमसीएच में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार चारों पीड़ितों के शरीर का काफी हिस्सा झुलस चुका है जिसके कारण उनकी स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। फिलहाल उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में सघन चिकित्सा कक्ष में रखा गया है। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भी तलब किया है। टीम ने घटनास्थल से जले हुए अवशेष और अन्य नमूने एकत्र किए हैं। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) भेजा गया है। आग लगने से मकान को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

## राजस्व विभाग में मॉनिटरिंग सेल का गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहारवासियों के जमीन संबंधी शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने तत्काल प्रभाव से विभागीय जन शिकायत पोर्टल की मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत किया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश के आलोक में विभाग में नया मॉनिटरिंग सेल गठित करते हुए राजस्व सेवा के नौ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभागीय आदेश के अनुसार विभाग द्वारा संचालित जन शिकायत पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों और परिवादों के समयबद्ध निष्पादन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था तत्काल लागू की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित कराया जाएगा। इसी क्रम में राजस्व सेवा के अधिकारी कमल नयन कश्यप, संतोष कुमार चौधरी, एजाज आलम, सक्षम सिंह, धीरज कुमार, विजय कुमार राय, पंकज कुमार झा, मनोज कुमार गुप्ता और अनुजा सिन्हा को मॉनिटरिंग सेल से संबद्ध किया गया है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** तिलौथू थाना अंतर्गत राधा शांता महाविद्यालय के समीप एनएच-2सी पथ पर बुधवार देर शाम सड़क हादसे में दो साइकिल सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी और शोक का माहौल व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों साइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान तिलौथू थाना क्षेत्र के चटनी बिगहा निवासी रामसरेख राम तथा अमझोर थाना क्षेत्र के अमरा निवासी रामरतन सिंह के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे से आक्रोशित लोगों ने डिहरी-तिलौथू मार्ग को पीएचसी के समीप जाम कर दिया।

## बिहार में पांच आइपीएस और आठ डीएसपी का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए पांच आईपीएस अधिकारियों और आठ डीएसपी का तबादला कर दिया है। इसको लेकर आधिकारिक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं जबकि कुछ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी आदित्य कुमार को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-14, पटना का समादेष्टा बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें अपराध अनुसंधान विभाग के अधीक्षक की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है। इससे पहले वे सीआईडी में ही कार्यरत थे। वहीं 1997 बैच के आईपीएस संजय सिंह को अपर पुलिस महानिदेशक (सुरक्षा) की जिम्मेदारी दी गई है। वे अब बजट, अपील और कल्याण विभाग के एडीजी की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इसके अलावा 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी आनंद कुमार को पुलिस उप-महानिरीक्षक (सुरक्षा) बनाया गया है। इसके अलावा उन्हें विधि-व्यवस्था का अतिरिक्त चार्ज भी दिया गया है। वे पहले भी इसी विभाग में कार्यरत थे। 2016 बैच के आईपीएस राजेश कुमार को अब साइबर अनुसंधान एवं आर्थिक अपराध इकाई का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं 2018 बैच के आईपीएस वैभव शर्मा को नवगछिया का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे साइबर और आर्थिक अपराध इकाई में तैनात थे। बिहार में डीएसपी का भी तबादला किया गया है। गौरव कुमार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 पूर्णिया, (सदर), अनुपेश नारायण को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निर्मली, सुपौल बनाया गया है। वहीं गोपाल कृष्ण को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मोहनिया कैमूर की जिम्मेदारी दी गई है। इस फ़ेरबदल के तहत कई जिलों और महत्वपूर्ण इकाइयों में नई नियुक्तियां की गई हैं।

## आरबीआई ने औरंगाबाद जिला केंद्रीय सहकारी बैंक पर लगाया जुर्माना

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बिहार के औरंगाबाद जिला केंद्रीय सहकारी बैंक पर 20 हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई बैंक द्वारा 'क्रेडिट सूचना रिपोर्टिंग' से संबंधित निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई है। जानकारी के अनुसार नाबार्ड द्वारा 31 मार्च 2025 तक बैंक का वैधानिक निरीक्षण किया गया था। इस जांच और संबंधित पत्राचार के दौरान यह पाया गया कि बैंक अपने उधारकर्ताओं की क्रेडिट संबंधी जानकारी सभी चार क्रेडिट सूचना कंपनियों को उपलब्ध कराने में विफल रहा। इसके बाद आरबीआई ने बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के बाद आरोपों की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर यह दंडात्मक कार्रवाई की गई। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई केवल नियामकीय अनुपालन में कमी के आधार पर की गई है और इसका उद्देश्य बैंकिंग व्यवस्था में पारदर्शिता और नियमों के पालन को सुनिश्चित करना है।






### जनता सबसे बड़ी गवाह, नए इंजीनियरों और कर्मियों को उपमुख्यमंत्री की सीख

# डिप्टी सीएम ने 15 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सिंचाई भवन के सभाकक्ष में बुधवार को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने 6 सहायक अभियंता, अनुकंपा के आधार पर चयनित 6 निम्नवर्गीय लिपिक और 3 कार्यालय परिचारी पद के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है। आज 15 नये लोग जल संसाधन विभाग के परिवार में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त अधिकारियों और कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विभाग काफी महत्वपूर्ण है। यह गांव-गांव और आम लोगों से जुड़ा है। आपके अच्छे कार्य से विभाग का आंकलन होगा और उसकी प्रशंसा होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग ने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी अब आप लोग विभाग के अपेक्षा के अनुरूप अच्छा कार्य करें। ताकि विभाग की प्रशंसा हो सके। लोगों के अपेक्षा के अनुरूप कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का नाम आमलोग लेते हैं। वहीं गलत करने वालों की शिकायत भी वहीं लोग करते हैं। इससे बचना होगा। आपकी जो भी वाजिब कठिनाईयां होंगी उसे उदारता के साथ दूर किया जाएगा, लेकिन आपके कारण विभाग पर अंगुली उठेगी तो विभाग कार्रवाई करने में भी पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता से बड़ी गवाही कोई नहीं देता है। अगर आप संकट में फसेंगे तो जनता ही साथ देगी। किसी भी योजना को श्री लेबल के अधिकारी खुद देखेंगे तो वह योजना धरातल पर शीघ्र दिखने लगेगी। वहीं सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर कार्य करने की अपील की। आगत अतिथियों का स्वागत अभियंता प्रमुख वरुण कुमार ने किया। इस मौके पर सभी अभियंता प्रमुख, सभी वरीय अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# एनटीपीसी बाढ़ में ग्रामीण बालिकाओं हेतु कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बाढ़।** एनटीपीसी बाढ़ में मंदाकिनी क्लब द्वारा ग्रामीण बालिकाओं हेतु आयोजित तीन माह के कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पहल सी. वी. एल. अनुराधा, अध्यक्षा, मंदाकिनी क्लब के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई। इसका उद्देश्य ग्रामीण बालिकाओं को डिजिटल शिक्षा एवं कंप्यूटर ज्ञान के माध्यम से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 18 प्रतिभागियों ने कंप्यूटर प्रशिक्षण कक्षाओं में नामांकन कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कंप्यूटर के मूलभूत ज्ञान, एमएस ऑफिस, इंटरनेट उपयोग एवं डिजिटल कार्यप्रणाली से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मंदाकिनी क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं, अन्य अधिकारीगण, प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षु छात्राएं उपस्थित रहीं। प्रतिभागियों ने कंप्यूटर शिक्षा की शुरुआत को लेकर उत्साह व्यक्त किया। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के कौशल विकास, आत्मनिर्भरता एवं तकनीकी जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य में शिक्षा, रोजगार एवं डिजिटल सेवाओं के उपयोग में सहायता प्राप्त होगी।

# बिहार में सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** नेस्ले इंडिया ने बिहार स्वास्थ्य विभाग और एनएएसवीआई के सहयोग से राज्य में सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार किया है। इसके तहत पटना, गया, नालंदा, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों में 1,500 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रशिक्षित विक्रेताओं की कुल संख्या 10,000 से अधिक हो जाएगी। परियोजना के तहत विक्रेताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, वेस्ट डिस्पोजल और एंटरप्रेन्योरशिप से जुड़ा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि बिहार तेजी से विकास कर रहा है और खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता मानकों को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने इस पहल के लिए नेस्ले इंडिया और एनएएसवीआई की सराहना की। नेस्ले इंडिया में सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक पहलों के प्रमुख कुंवर हिम्मत सिंह ने कहा कि सर्व सेफ फूड परियोजना के माध्यम से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उनके कौशल और जागरूकता को मजबूत किया जा रहा है। नेस्ले इंडिया ने वर्ष 2016 में सर्व सेफ फूड परियोजना की शुरुआत की थी। अब तक इस पहल के तहत 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 92,800 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### पूर्वी चंपारण के तीन पंचायतों में लगे 'सहयोग शिविर' में ऑनस्पॉट निपटाई गए 97 प्रतिशत शिकायतें

# सरकार व जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम 'सहयोग शिविर': मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/पूर्वी चंपारण।** पूर्वी चंपारण जिले के महेसी प्रखण्ड अंतर्गत हरपुरनाग पंचायत, चकिया प्रखण्ड के चिंतामनपुर पंचायत तथा पिपराकोठी प्रखण्ड के वीरपुर छपरा पंचायत में बिहार सरकार द्वारा आयोजित 'सहयोग शिविर' का सफल आयोजन किया गया। इन तीनों पंचायतों में आयोजित शिविरों का उद्घाटन जनता दल (यू) विधायक दल के नेता सह बिहार के ग्रामीण विकास और सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री व पूर्वी चम्पारण जिला के प्रभारी श्रवण कुमार ने किया। बिहार सरकार द्वारा शुरू किए गए इस 'सहयोग शिविर' का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार गांव-गांव तक प्रशासन की पहुंच बनाकर आमलोगों को न्याय और सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। 'सहयोग शिविर' सरकार और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि इन शिविरों में प्राप्त आमलोगों से शिकायतों का निवारण अगले 30 दिनों के अंदर किया जाए। यदि 31वें दिन तक किसी शिकायत का समाधान नहीं होता है तो उससे संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। 'सहयोग शिविर' में राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, आवास योजना, पेयजल, सड़क, बिजली तथा स्थानीय विकास से जुड़े अनेक समस्याओं पर सुनवाई हुई। इस अवसर पर मोतिहारी नगर के विधायक प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व मंत्री कृष्णनन्दन पासवान, पिपरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव, पूर्वी चम्पारण जदयू के जिलाध्यक्ष भरत पटेल के साथ पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और पुलिस अधीक्षक पूर्वी चम्पारण स्वर्ण प्रभात के साथ चकिया की अनुमण्डलाधिकारी शिवानी शुभम, एसडीपीओ संतोष कुमार के साथ जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ स्थानीय जन प्रतिनिधि भी शामिल थे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने वैश्विक ऊर्जा संकट को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ किया विचार-विमर्श

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वैश्विक ऊर्जा संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री के पेट्रोल-डीजल के खपत को घटाने तथा सार्वजनिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की पहल को विधान सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच लागू करने के सबंध में वरीय अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे रूट चिन्हित कर महिला पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पिंक बस परिचालन करने संबंधी आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही पुरुष पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए भी रूट चिन्हित कर ग्रीन बस का परिचालन करने संबंधी आवश्यक कार्रवाई करें। इस संबंध में प्रभारी सचिव द्वारा बिहार विधान सभा सभागार में सभी महिला पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें महिला कर्मियों द्वारा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने हेतु सहमति व्यक्त की गयी। सभा सचिवालय में महिला कर्मचारियों की संख्या 239 एवं पुरुष कर्मचारियों की संख्या लगभग 700 है। सर्वप्रथम महिला कर्मियों द्वारा अपने-अपने निवास स्थान से निकटतम बस स्टॉपेज की सूचना एवं रूट से सभा सचिवालय को अवगत कराया जा रहा है। सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बसों की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मंत्री परिवहन विभाग के साथ अलग से बैठक आयोजित की जायगी।

# दानापुर मंडल के स्टेशनों पर चला विशेष सफाई अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**खगौल (पटना)।** दानापुर मंडल में 15 मई से शुरू होकर 5 जून तक चलने वाले विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत दानापुर मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र जंक्शन, मोकामा एवं राजेंद्रनगर टर्मिनल पर व्यापक स्तर पर सघन सफाई एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसरों, प्लेटफॉर्मो, ट्रैक क्षेत्रों, प्रतीक्षालयों, सर्कुलेटिंग एरिया एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई सुनिश्चित की गई, ताकि यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। सफाई अभियान के साथ-साथ यात्रियों एवं आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत जीवनशैली के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। यात्रियों को स्वच्छ परिवेश बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाने तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

पटना जंक्शन पर एनजीओ 'पीपल्स डेस्क' द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके माध्यम से यात्रियों एवं आमजन को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों से संवाद स्थापित कर स्वच्छता के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। यात्रियों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण केवल सामूहिक सहभागिता एवं जन जागरूकता से ही संभव है। दानापुर मंडल द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य न केवल स्टेशन परिसरों की स्वच्छता रखना है, बल्कि आमजन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी एवं जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना भी है। मंडल स्तर पर भविष्य में भी इस प्रकार के स्वच्छता एवं जनभागीदारी आधारित जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# मंत्री श्रवण कुमार ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री सह-जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने उत्तराखंड की राजनीति के सबसे सख्त, ईमानदार और अनुशासित चेहरों में शामिल रहे पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (सेनि) भुवनचंद्र खंडूरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देश ने आज एक कद्दावर नेता खो दिया है। निकट भविष्य में भारतीय राजनीति में इस खालीपन को दूर करना काफी मुश्किल होगा। देश एवं राज्य की जनता उनके निधन से काफी मर्माहत है। श्रवण कुमार ने स्व. खंडूरी की पवित्र आत्मा की शांति एवं दुःख की इस घड़ी में उनके शुभचिंतकों एवं परिवार के सदस्यों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार विमान कंपनियों को देगी अंतर निधि

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिया गया खास निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में नए अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर हवाई संपर्कता बढ़ाने की नीति के तहत नए अंतरराष्ट्रीय स्थानों तक नॉन स्टॉप वायु सेवा प्रदान करने के लिए निजी कंपनियों को खासतौर से बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे संबंधित एक महत्वपूर्ण एजेंडा पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया। इसके अनुसार राज्य के हवाईअड्डों से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बढ़ावा देने के लिए सरकार विमान कंपनियों को अंतर निधी देगी। कैबिनेट में 12 प्रमुख एजेंडों पर मुहर लगी। इसकी जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बिहार में नए अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर हवाई संपर्कता बढ़ाने की नीति के तहत नए अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए नॉन-स्टॉप वायु सेवा प्रदान करने के लिए आमंत्रित निविदा में इंडिगो एयरलाइंस से गयाजी-बैंकॉक मार्ग के लिए एकल निविदा को नामांकन के आधार पर चयन किया गया है। इसमें व्यहार्यता अंतर निधि के रूप में अधिकतम 12 महीने के लिए 10 करोड़ 40 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कंपनी जब से हवाई सेवा शुरू करेगी, तब से उसे यह लाभ मिलेगा। इसके जल्द शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि गयाजी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा से बैंकॉक (थाईलैंड) के बीच सीधी हवाई संपर्कता स्थापित होने से बिहार में विदेशी पर्यटकों, खासकर बौद्ध पर्यटकों के आगमन की सुविधा में बढ़ोतरी होगी। थाईलैंड से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक बौद्ध तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए भारत आते हैं जिनमें बिहार के बोधगया समेत अन्य बौद्ध स्थलों का विशेष महत्व है। इस हवाई सेवा के शुरू होने से बौद्ध पर्यटन को पोत्साहन मिलेगा और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के मद्देनजर ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए केंद्र सरकार से प्राप्त हेल्थ सेक्टर ग्रांट मद में राशि की विमुक्ति के लिए बिहार आकस्मिकता निधि से 747 करोड़ 97 लाख 64 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के तौर पर विकतिस किया जाएगा। यह राशि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है जिसकी लंबाई 1839 किमी है। इसके दायरे में छह राज्य आ रहे हैं जिनमें आर्थिक एवं रोजगार क्षमता का विकास होगा। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य की नेपाल से लगने वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा को अधिक सुरक्षित करने और आसूचना तंत्र को विकसित करने के लिए विशेष शाखा के अधीन आईजी के एक नए पद का सृजन किया गया है। इससे नेपाल की सीमा पर चौकसी बरतने में काफी मदद मिलेगी। इसके अलावा अरवल और औरंगाबाद में खेल स्टेडियम के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। अरवल जिला के करपी के मौजा झिकटिया में 6.81 एकड़ और औरंगाबाद के देव अंचल के विभिन्न मौजा में 13.09 एकड़ भूमि पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए मुफ्त जमीन ट्रांसफर की जाएगी।

# 29, 30 एवं 31 मई को सदाकत आश्रम में आयोजित होगा सर्वोदय संकल्प शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने आगामी 29, 30 एवं 31 मई को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित होने वाली सर्वोदय संकल्प शिविर प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु एक संचालन समिति का गठन किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ब्रजेश प्रसाद मुनन को इस समिति का संयोजक तथा अरविंद चौधरी को सह-संयोजक बनाया गया है। संचालन समिति के अन्य सदस्यों में प्रो. कुमारी अनिता, राजीव शर्मा, राजेश रंजन पप्पू, इबरार राजा, खुशबू कुमारी, ब्रह्म प्रकाश, पूनम यादव, विनय राव, नीतीश कुमार सिंह, तारक चौधरी, प्रभुनाथ राम, विश्वनाथ बैठा, सुशीला चंद्रवंशी, श्वेता राम तथा नंद किशोर यादव बनाए गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके सिद्धांतों और मूल्यों से अवगत कराना है। ज्ञातव्य है कि सर्वोदय संकल्प शिविर पहला चरण 18, 19 एवं 20 अप्रैल को सदाकत आश्रम में आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 40 से अधिक पार्टी नेताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

# एक्यूप्रेशर चिकित्सकों का महाकुम्भ 26 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय परिसर, पटना में आगामी 26 मई को 33वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन का आयोजन बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, इण्डियन काउन्सिल ऑफ एक्युप्रेशर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन संयोजक डा. अजय प्रकाश ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन में 18 राज्यों से पांच सौ चयनित चिकित्सक भाग लेंगे तथा 6 विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। एक्युप्रेशर जनक डा. चन्द्रमा प्रसाद गुप्त की 105वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एक्युप्रेशर पुस्तक एक्युप्रेशर डीजीज एण्ड मैनेजमेंट पुस्तक सहित आयुष्मान भवः स्मारिका का विमोचन किया जायेगा। चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हुए 16 चिकित्सकों को सम्मानित किया जायेगा। सम्मेलन में बिहार प्रदेश के कई प्रमुख राजनेतागण, विधान सभा अध्यक्ष, विधान परिषद् सभापति, मंत्रीगण, शिक्षाविद्, प्रमुख चिकित्सक एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शामिल होने की स्वीकृति दी है। सम्मेलन की अध्यक्षता एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त जी करेंगे वहीं प्रमुख वक्ता में डा. एल. पी. सिंह, डा. हरेराम राय, डा. श्रीप्रकाश बरनवाल, डा. मनोज कुमार, डा. निखिल चौधरी, डा. सुरेन्द्र प्रसाद, डॉ. अनीता सिन्हा, डा. संजय कुमार, डा. शारदा सुमन, डा. मुकेश कुमार आदि रहेंगे।

# अब बदलेगी बिहार की पहचान, 'ब्रांड बिहार' से निवेश और विकास को नई उड़ान

### मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के नेतृत्व में होगा काम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राज्य में निवेश, नवाचार व अवसरों के उभरते हुए गंतव्य को स्थापित करने के लिए बिहार सरकार ने बुधवार को 'ब्रांड बिहार' के शुरुआत की घोषणा की। यह मुख्य सचिव कोषांग के तहत स्थापित एक रणनीतिक राज्यव्यापी पहल है जो मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और श्रद्धा शर्मा के नेतृत्व में काम करेगा। इसका गठन राज्य में हो रही वास्तविक प्रगति, विकासात्मक कार्यों, संस्थागत सुधारों, उद्यमिता, नवाचार, सांस्कृतिक विरासत और नागरिकों के नेतृत्व में हो रहे बदलावों को प्रदर्शित करके राज्य के एकीकृत ब्रांडिंग, संचार (कम्युनिकेशन) और पोजिशनिंग प्रयासों को गति देने के लिए किया गया है। यह पहल विभिन्न विभागों और हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगी ताकि एक साझा नैरेटिव तैयार कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि बिहार की इस बदलाव की यात्रा को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर एक व्यवस्थित, प्रामाणिक और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि ब्रांड बिहार महज एक संचार पहल नहीं है, बल्कि एक दीर्घकालिक राज्य परिवर्तन और छवि-निर्माण का प्रयास है जिसे बिहार के लिए एक साझा दृष्टिकोण में विकास, पहचान, निवेश और नागरिक भागीदारी को जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य की उपलब्धियों, अवसरों और बदलावों को प्रभावी ढंग से डॉक्युमेंट और संप्रेषित किया जाए। इससे बिहार के लिए एक मजबूत, प्रामाणिक और भविष्य के लिए नई पहचान बनाने में मदद मिल सके।

# मुख्यालय हाजीपुर में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय, हाजीपुर स्थित नए सम्मेलन कक्ष में लेखा विभाग द्वारा 'वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सम्मेलन' का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार नीरज वर्मा, प्रधान वित्त सलाहकार/निर्माण वंदना शर्मा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, विभिन्न मंडलों एवं इकाइयों से आए वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक तथा लेखा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि 1988 बैच के सेवानिवृत्त आईआरएएस अधिकारी संतोष कुमार पट्टनायक थे। सम्मेलन में पूर्व मध्य रेलवे की वित्तीय स्थिति एवं विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत परिचर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक/समस्तीपुर गणनाथ झा द्वारा 'स्ट्रीमलाइनिंग ऑफ रिलिज्ड मटेरियल इश्यू' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। वहीं मंडल वित्त प्रबंधक/धनबाद हर्षवर्द्धन सिंह ने 'कोल पायलट पॉलिसी' तथा मंडल वित्त प्रबंधक/सोनपुर मनीष कुमार ने 'मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया।

# 47 लंबित निगरानी मामलों पर राजस्व मंत्री का कड़ा निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने बुधवार को विभागीय कार्यालय कक्ष में निगरानी वाद से संबंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि विभाग में कुल 70 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई से जुड़े मामले लंबित हैं। इनमें 47 मामलों में संचालन पदाधिकारी द्वारा अब तक जवाब उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि 23 मामलों में जवाब विभाग को प्राप्त हो चुका है। राजस्व मंत्री ने सभी लंबित मामलों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन 47 मामलों में जवाब अप्राप्त है उनमें संबंधित संचालन पदाधिकारियों को अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि पत्र में स्पष्ट रूप से पूछा जाए कि विभागीय आदेश की अवहेलना और जवाब देने में लापरवाही के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय आदेशों की अनदेखी अनुशासनहीनता की श्रेणी में आती है और यह अंतिम अवसर दिया जा रहा है। यदि इसके बाद भी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती गई तो उनके विरुद्ध कार्रवाई हेतु सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र भेजा जाएगा। समीक्षा बैठक में मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि विभाग में निलंबित कर्मियों को सर्वे कार्य में लगाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मियों से कार्य भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश एवं निगरानी में कराया जाए, ताकि विभागीय कार्यों में गति बनी रहे और उपलब्ध मानव संसाधन का उपयोग प्रभावी तरीके से हो सके।

# समय पर निर्धारित मात्रा में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना प्राथमिकता : सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग लाभार्थियों को समय से गुणवत्तापूर्ण राशन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद ने 'रबी विपणन मौसम 2026-27' अंतर्गत मसूर की खरीद और 'खरीफ विपणन मौसम 2025-26' अंतर्गत सीएमआर चावल आपूर्ति के लिए समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लाभार्थियों तक समय पर निर्धारित मात्रा में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान सचिव ने सीएमआर चावल आपूर्ति की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अनुश्रवण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर हाल में 30 जून तक शत-प्रतिशत सीएमआर चावल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों की अरवा एवं उसना चावल की वास्तविक मांग का अध्ययन कराकर 30 जून तक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सचिव ने 'रबी विपणन मौसम 2026-27' अंतर्गत मसूर अधिप्राप्ति अभियान की समीक्षा करते हुए मिशन मोड में खरीद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### जनसमस्याओं के समाधान को लेकर राज्य सरकार की पहल

# करूप पंचायत में लगा सहयोग शिविर, 15 सौ मामलों का निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** सासाराम अनुमंडल के करूप पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राज्य सरकार की जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की पहल स्पष्ट रूप से दिखाई दी। भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का उद्घाटन किया। इसके बाद प्रेस वार्ता को संबोधित किया जिसमें उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**1500 मामलों का किया गया निष्पादन**

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री चौधरी ने बताया कि रोहतास जिले में अब तक कुल 2100 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1500 से अधिक मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका है। उन्होंने इस आंकड़े को जिला प्रशासन की सक्रियता और शिकायतों के समाधान के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। मंत्री अशोक चौधरी ने स्पष्ट किया कि यह पहल राज्य सरकार की उस सोच का हिस्सा है जिसके तहत आम लोगों की समस्याओं का समाधान उनके दरवाजे तक जाकर किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्पष्ट निर्देश का उल्लेख किया जिसमें अधिकारियों को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने को कहा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतों का निपटारा नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जिसमें निलंबन भी शामिल है। यह व्यवस्था प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से लागू की गई है। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार की यह पहल आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम देगी। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह लगातार शिकायतों का समाधान होता रहा तो धीरे-धीरे लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी और लोगों का जीवन अधिक सरल तथा सुगम बनेगा। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रखें, ताकि उनका समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में बड़ी राहत मिलेगी और आवेदन की अंतिम तिथि मार्च 2027 है। विद्युत विभाग ने आम लोगों से स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और सोलर पैनल लगवाकर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है। विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि यह योजना भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण है और केंद्र सरकार सोलर संयंत्र पर आकर्षक सब्सिडी दे रही है। योजना में 1 किलोवाट पर 30000, 2 किलोवाट पर 60000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 78000 तक की सब्सिडी मिलेगी। सोलर लगाने के लिए बैंक लगभग 7 प्रतिशत ब्याज पर 2 लाख तक का ऋण भी दे रहे हैं जिसकी वसूली शहरी क्षेत्र में 4 से 5 वर्ष और ग्रामीण क्षेत्र में 7 से 8 वर्ष में होगी। उपभोक्ता मासिक खपत के आधार पर संयंत्र चुन सकते हैं-150 यूनिट तक के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक के लिए 2 किलोवाट और 300 यूनिट से अधिक पर 3 किलोवाट या अधिक उपयुक्त है। अनुमानित लागत 1 किलोवाट की 80 हजार से 1 लाख, 2 किलोवाट की 1.30 से 1.50 लाख तथा 3 किलोवाट की 1.90 से 2 लाख तक है। उत्पादित अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर बिल में समायोजित कराई जा सकती है जिससे अतिरिक्त आर्थिक लाभ होगा। प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट जगह चाहिए और उचित रखरखाव से पैनल 25 वर्षों तक चल सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया सरल है और ऑनलाइन की जा सकती है। इसके लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर, आधार कार्ड, बैंक खाता और मोबाइल नंबर जरूरी है जबकि ऋण के लिए पैन कार्ड और ईमेल आईडी भी चाहिए। समस्या होने पर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय के सुविधा काउंटर से निःशुल्क आवेदन किया जा सकता है। विभाग ने सभी से योजना का लाभ उठाकर ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की अपील की है।

## 'सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान के तहत जनजातीय बहुल 19 गांवों में जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित 'जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान के अंतर्गत रोहतास जिला के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में चेनारी, नौहट्टा, सासाराम, रोहतास एवं तिलौथू प्रखंड अंतर्गत 20 मई को 19 गांवों में कुल 127 आवेदन प्राप्त किया गया और 47 को इंटाइटलमेंट वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ एवं जनजातीय समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं, शासन की कल्याणकारी योजनाओं तथा जागरूकता गतिविधियों की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। घर-घर जा कर सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए वंचित परिवारों से आवेदन प्राप्त किया गया है। कार्यक्रम में उप निदेशक कल्याण, मगध प्रमंडल गया, जिला कल्याण पदाधिकारी, रोहतास प्रखंड के सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी, विकासमित्रों, स्वास्थ्यकर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

## शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय में विधिक एवं वित्तीय अनुपालन पर कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** स्टार्टअप सेल, शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय द्वारा बुधवार को महाविद्यालय परिसर में 'विधिक एवं वित्तीय अनुपालन' विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नवोदित उद्यमियों को उद्योग स्थापना से जुड़ी कानूनी, वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग विभाग के महाप्रबंधक आशीष रंजन थे। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी स्टार्टअप या उद्योग की सफलता के लिए कानूनी एवं वित्तीय नियमों की सही जानकारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्टार्टअप एवं उद्यमिता योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता अरुण कुमार तिवारी ने बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), कंपनी पंजीकरण, जीएसटी अनुपालन तथा अनुबंध प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्टार्टअप संस्कृति तेजी से विकसित हो रही है और ऐसे में युवाओं को कानूनी एवं वित्तीय प्रक्रियाओं की जानकारी होना जरूरी है, ताकि वे भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक या कानूनी कठिनाइयों से बच सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार ने विद्यार्थियों को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक एवं विधिक जानकारी भी विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक शैलेश सौरभ सहित महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं तथा उद्यमिता में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि बिहार सरकार द्वारा स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्योग स्थापना की दिशा में प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## सासाराम में आज से दो दिवसीय शेरशाह सूरी महोत्सव, कुमार सत्यम की सूफी और गजलों से सजेगी शाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम में बिहार पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 21 एवं 22 मई को दो दिवसीय शेरशाह सूरी महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह महोत्सव न्यू स्टेडियम फजलगंज में आयोजित होगा जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव के पहले दिन 21 मई को प्रसिद्ध गायक कुमार सत्यम अपनी सूफी गीतों और गजलों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर संगीत प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार महोत्सव का उद्देश्य शेरशाह सूरी की ऐतिहासिक विरासत को सांस्कृतिक स्वरूप में प्रस्तुत करना और क्षेत्रीय कला-संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर जिले की सभी दवा दुकानों को पूर्णतः बंद रखा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने ऑन लाइन दवा बिक्री और कार्पोरेट कंपनियों द्वारा बाजार में की जा रही प्रिडेटरी प्राइसिंग के खिलाफ आल इंडिया आर्गनाईजेशन आफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के देश भर में थोक एवं खुदरा दवा दुकान को बंद रखने के आह्वान पर सासाराम मुख्यालय सहित जिले के सभी दवा दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखा गया। संगठन द्वारा इमर्जेंसी सेवा के लिए अस्पताल एवं नर्सिंग होम में मौजूद दवा दुकानों को बंदी से अलग रखा गया। आज के इस बंदी में संगठन ने बीसीडीए के अध्यक्ष परसन कुमार सिंह एवं महासचिव प्रभाकर कुमार द्वारा बंदी से जारी गाइड लाइन के अनुसार ही दुकानों को बंद रखा गया जिससे किसी भी मरीज को इमर्जेंसी असुविधा नहीं हुई, आज की बंदी पूर्ण रूप से सफल रही। आज की बंदी में जिले के सभी पदाधिकारी एवं केमिस्ट सदस्य तत्पर रहे। बंदी में मुख्य रूप से बीसीडीए (सेंट्रल वेस्ट जोन) के संयुक्त सचिव कमलेश कुमार सिन्हा एवं सासाराम केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के सचिव राजेश्वर सिंह ने कहा कि ई फार्मेसी से मरीजों के सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है साथ ही ऑनलाइन माध्यमों से बिना किसी कड़े और उचित सरकारी नियंत्रण के दवाओं की धड़ल्ले से होम डिलीवरी की जा रही है। इससे फर्जी व अप्रमाणित पर्चा का इस्तेमाल, एंटीबायोटिक दवाओं के दुरूपयोग और नारकोटिक (नशीली) की आसान उपलब्धता का खतरा अत्यधिक बढ़ गया है। आज की बंदी में शशि शेखर सिंह, भूप किशोर श्रीवास्तव, श्याम सतेंद्र प्रसाद, सुदामा सिंह, कौशल किशोर श्रीवास्तव, किशोर चंद्र प्रसाद, अमन पटेल, राकेश स्वरूप सिन्हा, दिनेश कुमार, संजय प्रसाद गुप्ता, सुमित प्रसाद गुप्ता, विनीत कुमार राय, हर्ष वर्धन चौहान, मनीष पांडेय, राहुल पटेल, रामनाथ प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार, प्रदीप पोद्दार, सोनू, सतीश दुबे, प्रमोद कुमार, शंभु प्रसाद गुप्ता, बिनोद कुमार, मनोज कुमार सहित बहुत सारे केमिस्ट्स मौजूद थे।

## शौचालय से मोबाइल व पैसे की चोरी, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के सामने बने शौचालय से मोबाइल व नकदी चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर डिहरी नगर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार डालमियानगर के लाल बंगला निवासी रुद्र पांडेय स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के सामने शौचालय गया था। वहां उसका मोबाइल व पर्स में रखे पैसे चोरी हो गए। पीड़ित ने बताया कि अगले दिन अपने फोन पर कॉल किया तो आरोपी ने उठाया और पैसे की मांग की। उसने 100 रुपये पर भेजने को कहा। पैसे भेजने के बाद आरोपी से कॉल कर धमकी दी और गाली-गलौज की।

## मध्य विद्यालय शिवगंज, डिहरी में भारतीय भाषा समर कैंप संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज, डिहरी में भारतीय भाषा समर कैंप 2026 का समापन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। यह समर कैंप बिहार शिक्षा परियोजना, पटना के निर्देश तथा राष्ट्रीय शैक्षिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के तत्वावधान में 13 मई 2026 से प्रारंभ हुआ था। कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई आत्मविश्वास, कौशल विकास, सांस्कृतिक समझ एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। सात दिनों तक चले इस समर कैंप में सांकेतिक भाषा सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें कुल 28 घंटे की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां संपन्न हुईं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह तथा विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डिहरी डॉ. संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों के बीच प्रशस्ति पत्र एवं मेडल वितरित कर समारोह का समापन किया। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा मुख्य अतिथि राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष मीना देवी एवं सचिव रितु देवी ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। समर कैंप के दौरान छात्रों द्वारा संवाद, भाषा कौशल, सांस्कृतिक समझ तथा राष्ट्रीय एकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा अच्छी शिक्षा ग्रहण कर राज्य और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बच्चों के बीच टॉफी का भी वितरण किया गया। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका एवं शिक्षकों चंचल द्विवेदी, प्रेमचंद प्रसाद, नरेश प्रसाद, नसरीन, सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता, विभा रानी एवं आयुषी गौतम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावक एवं ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पीएम श्री स्कूल में 'बाल कैबिनेट', 'मीना मंच' व 'इको क्लब' का चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** शेरशाह सूरी रौजा के समीप स्थित पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय, चौखंडी पथ रौजा रोड में बुधवार को 'बाल कैबिनेट', 'मीना मंच' एवं 'इको क्लब' के गठन को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। चुनाव प्रक्रिया विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में संपन्न हुई। विद्यालय प्रशासन का उद्देश्य बच्चों को लोकतांत्रिक प्रणाली, मतदान के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इस चुनाव में कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए विद्यालय परिसर में अलग-अलग पोलिंग बूथ बनाए गए थे। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चुनाव पदाधिकारी की भूमिका निभाते हुए मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। पूरे चुनाव के दौरान अनुशासन बनाए रखने में एनसीसी पदाधिकारी फर्स्ट ऑफिसर चंदन कुमार एवं एनसीसी कैडेटों की अहम भूमिका रही। विद्यालय के छात्रों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों के चेहरे पर अपने प्रतिनिधि चुनने की खुशी साफ झलक रही थी। शिक्षकों ने इसे विद्यालय के लिए ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि इससे बच्चों में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित होगी। विद्यालय में कुल 955 मतदाता छात्र-छात्राएं थे जिनमें से 708 विद्यार्थियों ने अपने मत का प्रयोग किया। जल्द ही विजयी प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा कर उन्हें 'बाल कैबिनेट', 'मीना मंच' एवं 'इको क्लब' के तहत पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में हिमांशु त्रिपाठी, राम स्वरूप सिंह, धनजी सिंह, चंदन कुमार, सुमित कुमारी, नीरज कुमारी, राजेश्वर प्रसाद, विमलेश कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, सिंधु कुमारी, नेहा कुमारी, गुलाब यादव एवं अरविंद कुमार जायसवाल का सराहनीय योगदान रहा।

## आरपीएफ ने शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन-सोन की टीम ने गश्त एवं चेकिंग अभियान के दौरान 30.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक शिवराज साह, सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार दास, आरक्षी विकास कुमार एवं आरक्षी पवन कुमार सिंह डिहरी ऑन-सोन रेलवे स्टेशन पर गश्त एवं चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान टीआरडी डिपो के पश्चिम, रेलवे पोल संख्या 555/1005S1007 के बीच एक संदिग्ध व्यक्ति को दो पिट्ठू बैग के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान प्रफुल कुमार (36 वर्ष), पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद माली, निवासी सदसपुर, थाना मोहनियां, जिला-कैमूर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 30.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह शराब को बिहार में ऊंचे दामों पर बेचने के उद्देश्य से लेकर आ रहा था। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी प्रफुल कुमार को जप्त शराब के साथ राजकीय रेल थाना को अग्रिम कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 43, दिनांक 13.05.2026, (सिविल कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. 43-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में दिव्यांगजन यात्रियों के लिए टैक्टाइल टाइलों के प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्यों के सिविल कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 6,01,15,761.71, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 05.06.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps .gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/ मालदा टाउन। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। MLD-55/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## डीडीयू जंक्शन एवं रेलवे कॉलोनियों में बहुस्तरीय जलापूर्ति व्यवस्था शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू जंक्शन) पर बढ़ती यात्री संख्या एवं गर्मी के मौसम में जल की बढ़ती मांग के बीच स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनियों में बहुस्तरीय जलापूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित की जा रही है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों एवं रेलकर्मियों को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जलापूर्ति प्रणाली की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। वर्तमान में डीडीयू जंक्शन एवं रेलवे कॉलोनियों में कुल 1 करोड़ 29 लाख लीटर प्रतिदिन जल की आवश्यकता के अनुरूप नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए कुल 21 पंप हाउस कार्यरत है जिनका मुख्य स्रोत डीप ट्यूबवेल हैं। जल भंडारण हेतु कुल 70 लाख लीटर क्षमता के ओवरहेड स्टोरेज टैंक उपलब्ध हैं जिनके माध्यम से स्टेशन परिसर एवं रेलवे आवासों तक जलापूर्ति की जाती है। आवश्यकता अनुसार पर्याप्त पंपिंग की व्यवस्था है। स्टेशन क्षेत्र में जलापूर्ति हेतु स्टेशन के दक्षिणी भाग में 20 एचपी क्षमता के 4 पंप तथा उत्तरी भाग में 20 एचपी क्षमता के 2 पंप कार्यरत हैं जिनकी क्षमता 15,000 गैलन प्रति घंटा है एवं उनका संचालन समय प्रतिदिन लगभग 15/16 घंटे है। रेलवे कॉलोनियों में लगभग 3,800 रेलवे आवासों तक नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए डीडीयू जंक्शन स्टेशन पर 48 वाटर बूथ एवं 275 कार्यरत नलों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 12 वाटर कूलर तथा 12 वाटर वेंडिंग मशीनें भी संचालित हैं। जलापूर्ति व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु स्टेशन पर कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट मोड में तैनात रहते हैं, ताकि किसी भी परिस्थिति में जलापूर्ति प्रभावित न हो। डीडीयू जंक्शन पर ट्रेनों में जल भराव एवं स्वच्छता व्यवस्था को आधुनिक प्रणालियों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। स्टेशन पर उपलब्ध आधुनिक क्विक वाटरिंग सिस्टम व्यवस्था के माध्यम से प्रतिदिन औसतन लगभग 3007 कोचों में जल भराव किया जा रहा है जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर क्लीन ट्रेन स्टेशन सुविधा भी उपलब्ध है जिसके अंतर्गत वर्तमान में 88 ट्रेनों में नियमित साफ-सफाई की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत कोच शौचालयों, डोरवे एवं वेस्टिब्यूल क्षेत्रों की हाई प्रेशर जेट से सफाई, डिसइन्फेक्टेंट के साथ मॉपिंग तथा कोचों से कचरा संग्रहण जैसे कार्य नियमित रूप से किए जाते हैं। जलापूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इसी माह 4 नए डीप ट्यूबवेल एवं 15 शैलो ट्यूबवेल स्थापित किए जा रहे हैं। डीडीयू जंक्शन पर एक नए ट्यूबवेल का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसके लिए 20 एचपी क्षमता का नया पंप पूर्व से ही प्रस्तावित किया जा चुका है।

## पांचों नगर निकायों हेतु निर्वाचन की तिथि घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ। बिहार** सरकार के प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेशानुसार कैमूर जिले के जिला पदाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने जिले के सभी पांचों नगर निकायों हेतु स्थायी सशक्त समिति के निर्वाचन की तिथि तथा निर्वाचन स्थान को घोषित कर दिया है। कैमूर के नगर परिषद भभुआ सहित नगर पंचायत मोहनियां, कुदरा,रामगढ तथा हाटा के लिए सभी जगह तीन-तीन सदस्यों का निर्वाचन निर्धारित स्थानों पर 30 मई को सविधि होना सुनिश्चित है।

## मारपीट की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी मुफस्सिल थाना में जमुहार गांव निवासी जितेंद्र कुमार सिंह ने गांव के तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह जख्मी करने की प्राथमिक किया है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में गांव के प्रयाग पासवान, पप्पू पासवान व इंद्रजीत पासवान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत डीडीयू मंडल में स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत डीडीयू मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाकर रेलकर्मियों, यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने हेतु जागरूक किया गया। अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय समुदायों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। इसी क्रम में डीडीयू जंक्शन स्थित रेल कॉलोनी में स्थानीय प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कार्यशाला, स्वच्छता जागरूकता संवाद एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से रेलकर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण, प्लास्टिक मुक्त परिसर, वृक्षारोपण, अपशिष्ट पृथक्करण एवं सामुदायिक सहभागिता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लोगों की सक्रिय भागीदारी रही तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सतत स्वच्छता हेतु सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-33 से 36-26-27 (खुली), दिनांक 18.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-33-26-27, **कार्य का नामः** डीईएन/4/आसनसोल के कार्यक्षेत्र के अधीन अण्डाल में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलने के लिए खुली निविदा । **निविदा मूल्य :** रु.52,43,043.56, **बयाना राशि :** रु. 1,04,900/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 06 माह । **क्रम सं. 2, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-34-26-27, **कार्य का नामः** निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा-मेहशमुंडा (एमएमडी) स्टेशन पर रैंप और शेड के साथ एफओबी का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.3,54,00,354.07, **बयाना राशि :** रु. 7,08,000/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह । **क्रम सं. 3,** केस संख्या : ओ-एसी-टी-35-26-27, **कार्य का नामः** एईएन/मधुपुर के अधीन एसएसई/पी.वे/मधुपुर के खंड में मधुपुर-गिरिडीह लाइन के लिए ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.64,77,484.70, **बयाना राशि :** रु. 1,29,600/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह। **क्रम सं. 4,** केस संख्या : ओ-एसी-टी-36-26-27, **कार्य का नामः** अजय नदी से जसीडीह स्टेशन तक अतिरिक्त बोरिंग एवं वाटर पाइपलाइन कनेक्शन और अन्य संबंधित विविध कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.8,77,79,797.55, **बयाना राशि :** रु. 17,55,600/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह । **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 12.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-95/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### कौआकोल में बुधवार को दवा दुकानें रही बंद, लोगों को हुई परेशानी

**कौआकोल।** बुधवार को कौआकोल बाजार की सभी दवा दुकानें बंद रहने के कारण लोगों को आंशिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ा।आवश्यक दवाइयों के लिए मरीजों और उनके परिजनों को इधर-उधर भटकना पड़ा। दवा दुकानदारों द्वारा विभिन्न मांगों के समर्थन में दुकानें बंद रखी गईं। इस दौरान बाजार की सभी मेडिकल दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। दवा दुकानदार संघ के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, राजीव रंजन सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि यह बंदी संगठन के निर्णय के तहत की गई है।

### सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी, मनरेगा बहाली की मांग

**कौआकोल।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सह सचिव मंटू कुमार ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को लेकर सरकार के विरुद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा व्यवस्था को पूरी तरह बहाल किया जाए तथा वीबीजी राम जी को पुनः कार्य पर वापस लिया जाए। साथ ही मनरेगा में काम की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 200 दिन करने तथा मजदूरी दर 700 रुपये प्रतिदिन निर्धारित करने की मांग की गई।मंटू कुमार ने कहा कि ग्रामीण मजदूरों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### सोखोदेवरा आश्रम में किसानों के बीच धान के बीज का हुआ वितरण



**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम नवादा में बुधवार को शिविर आयोजित कर राजेंद्र स्वेता प्रभेद के धान बीज का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि फसल वैज्ञानिक सह बीज उत्पादन प्रभारी रविकांत चौबे की देखरेख में कुल 700 क्विंटल धान बीज किसानों के बीच वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि नवादा जिला के अलावा जमुई, शेखपुरा सहित विभिन्न जिलों से आए 1000 से अधिक किसानों ने 50 रुपये प्रति किलो की दर से धान बीज प्राप्त किया। बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,डॉ॰ भारत भूषण शर्मा,वैज्ञानिक अंगद कुमार, रौशन कुमार, पिंटू पासवान, सलोनी कुमारी सहित अन्य कृषि कर्मी एवं किसान मौजूद रहे।

### छह महीने में एनडीए सरकार के वादे फेल, युवा और मजदूर बेहाल : जन सुराज पार्टी



**नवादा।** जन सुराज पार्टी ने नवादा में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर एनडीए सरकार पर युवाओं, महिलाओं और मजदूरों के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया। जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा रोजगार और महिला सहायता को लेकर किए गए वादे अब तक धरातल पर नहीं उतरे हैं। बिहार में बेरोजगारी और पलायन लगातार बढ़ रहा है, जबकि टीआरई-4 भर्ती को लेकर छात्रों के साथ भी अन्याय किया गया है।
जिला मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश प्रसाद सिंह ने राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध और परिवारवाद के मुद्दे पर सरकार को घेरा। मीडिया जोनल प्रभारी अजय कुमार ने नीट छात्रा हत्याकांड मामले में समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होने पर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। नेताओं ने कहा कि जन सुराज पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। साथ ही "बिहार नवनिर्माण अभियान" के नए चरण के तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से संवाद करेंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, लोकसभा प्रभारी उदय शंकर, नालंदा जोन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रभारी सैयद मसूदीन जी तथा कोषाध्यक्ष ललन कुमार शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष स्वीटी कुमारी, राधा देवी, पूनम कुमारी गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार जी भी उपस्थित थे।

### अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर पंचायत समिति सदस्यों ने दिया आवेदन



**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर बुधवार के दिन पांच पंचायत समिति सदस्यों ने आवेदन दिया। आवेदन बीडीओ के अनुपस्थिति में प्रखंड नाजिर को दिया गया। पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख पर पांच बिंदु में आरोप लगाते हुए बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा 4413) (i) के अन्तर्गत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेतु पंचायत समिति सदस्यों की विशेष बैठक की तिथि निर्धारित करने की मांग किया है।

### दवा दुकानों की हड़ताल से नालंदा में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**बिहारशरीफ।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की अपील पर नालंदा जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा बुधवार को जिलेभर में एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। बंद के समर्थन में जिले की अधिकांश दवा दुकानें पूरी तरह बंद रहीं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार इस हड़ताल से जिले में करीब 50 लाख रुपए के दवा कारोबार प्रभावित होने की संभावना है। दवा दुकानों के बंद रहने से कई मरीज आवश्यक दवाओं के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि देश में दवा कारोबार ड्रग एक्ट के कड़े नियमों के तहत संचालित होता है, जिसमें योग्य डी. फार्मा और बी. फार्मा डिग्रीधारकों की निगरानी में ही दवाओं का भंडारण और बिक्री की अनुमति है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने ऑनलाइन दवा आपूर्ति को लेकर दो नोटिफिकेशन जारी किए थे। लेकिन कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी उन नोटिफिकेशनों को वापस नहीं लिया गया, जिसके विरोध में देशभर के दवा विक्रेता आंदोलन कर रहे हैं।

# ऑनलाइन दवा बिक्री पर नियंत्रण की मांग को लेकर केमिस्टों का विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण तथा दवा विक्रेताओं के हितों की रक्षा की मांग को लेकर नवादा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने अपनी आवाज बुलंद की है। एसोसिएशन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अखिल भारतीय संगठन के आह्वान पर बिहार सहित देशभर के केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट समुदाय ने एकजुट होकर जनहित और व्यवसायिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को उठाया है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्तमान समय में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से दवाओं की अनियंत्रित बिक्री, भारी छूट (डीप डिस्काउंटिंग) तथा नियामक व्यवस्थाओं की कमी के कारण पारंपरिक दवा विक्रेताओं के समक्ष गंभीर चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं। संगठन का कहना है कि




दवाएं सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं, बल्कि मानव स्वास्थ्य से सीधे जुड़ी संवेदनशील सामग्री हैं, जिनकी बिक्री और वितरण के लिए स्पष्ट एवं कड़े नियमों की आवश्यकता है। एसोसिएशन ने बताया कि कोविड-19 महामारी सहित हर आपदा और आपातकालीन स्थिति में स्थानीय केमिस्टों ने 24 घंटे सेवा देकर समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। इसके बावजूद ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री के लिए अभी तक कोई स्पष्ट और पृथक कानूनी ढांचा नहीं होने से दवा विक्रेताओं के समक्ष असमान प्रतिस्पर्धा की स्थिति बन गई है। प्रेस विज्ञप्ति में सरकार से मांग की गई है कि ऑनलाइन दवा बिक्री पर प्रभावी निगरानी और नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दवाओं की बिक्री एवं होम डिलीवरी के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं। संगठन ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा दी जा रही अत्यधिक छूट पर रोक लगाने, मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उचित नियामक व्यवस्था लागू करने तथा मौजूदा कानूनी प्रावधानों की समीक्षा कर उनके दुरुपयोग को रोकने की मांग की है। इसके अलावा संगठन ने कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के अंतर्गत जारी लाइसेंस प्राप्त परिसरों के लिए लागू नियमों का इंटरनेट आधारित दवा बिक्री में भी समान रूप से पालन कराया जाए। एसोसिएशन का मानना है कि इससे मरीजों की सुरक्षा, दवा वितरण व्यवस्था की पारदर्शिता और कानून के अनुपालन को मजबूती मिलेगी। नवादा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने राज्य सरकार से जनहित, रोगी सुरक्षा तथा रोजगार संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो भविष्य में केमिस्ट समुदाय व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# जांच टीम ने लिया अनुसूचित जनजाति शिविर का जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** जनजातीय परिवारों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जनभागीदारी अभियान सबसे दूर, सबसे पहले कार्यक्रम के तहत लगाए गए शिविर का निरीक्षण बुधवार को एससी-एसटी कल्याण विभाग, पटना से आई जांच टीम ने किया। जांच टीम के प्रतिनिधि कल्याण पदाधिकारी वीरेन कुमार ने शिविर का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रियरंजन ने प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत स्थित विरहोरटांड़ तथा लालपुर पंचायत के बदरवातरी गांव में मंगलवार से संचालित शिविर का निरीक्षण किया। विरहोरटांड़ गांव में अधिकारियों द्वारा लाभुकों के बीच विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, जॉब कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का वितरण किया गया। साथ ही शिविर



में उपस्थित लाभुकों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता सबसे पिछड़े एवं दूरस्थ जनजातीय समुदायों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों ने विरहोरटांड़ में पौधारोपण भी किया। मौके पर बीपीआरओ शमा बानो, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी लोकेश नाथ चौधरी, कस्तूरबा विद्यालय के लेखापाल अजित कुमार सुमन, विकासमित्र जितेंद्र मांझी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित वैद्य नवल किशोर प्रसाद सिंह का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरावा गांव निवासी राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित वैद्य नवल किशोर प्रसाद सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। समाज सेवा और निःशुल्क उपचार के लिए पहचान बनाने वाले वैद्य नवल किशोर सिंह जिंदगी भर असहाय गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करते रहे।
बताया जाता है कि वर्ष 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के हाथों उन्हें राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उन्हें पशुओं में फैलने वाली



गंभीर "अढ़ैया रोग" जैसी जानलेवा बीमारी की दवा के अविष्कार के लिए मिला था। इस बीमारी में जानवरों को तेज बुखार, लंगड़ाकर चलना, दूध की कमी, जैसी समस्याएं होती थी, और धीरे-धीरे उन बेचारो जानवरों की मौत हो जाती थी। वैद्य नवल किशोर सिंह ने इस गंभीर बीमारी का सफल इलाज तैयार कर देश विदेश तक के पशुपालकों को राहत पहुंचाई थी।

# ककोलत जलप्रपात में पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर प्रवेश शुल्क में संशोधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रेष्ठ कृष्णा द्वारा संयुक्त रूप से आज गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ककोलत जलप्रपात का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पर्यटकों की अत्यधिक भीड़, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, यातायात नियंत्रण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।
निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि गर्मी के मौसम एवं अवकाश के दिनों में ककोलत जलप्रपात में प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं, जिसके कारण स्थल पर अत्यधिक दबाव उत्पन्न हो रहा है। कई अवसरों पर अत्यधिक भीड़ के कारण कुंड क्षेत्र में अव्यवस्था, सुरक्षा संबंधी जोखिम एवं पर्यावरणीय दबाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए भीड़ प्रबंधन, पर्यटकों की सुविधा,पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रवेश शुल्क एवं पार्किंग शुल्क की दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया गया।
जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ककोलत जलप्रपात की प्राकृतिक सुंदरता एवं पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। बढ़ती पर्यटक संख्या के कारण पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, आपदा प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। पर्यटकों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्णय लिया गया है,जो निम्नवत है-
भीड़ नियंत्रण एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन अधिकतम 8000 टिकट ही निर्गत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त कुंड क्षेत्र में एक समय में सीमित संख्या में ही पर्यटकों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण के दृष्टिकोण से कुंड क्षेत्र में पर्यटकों के ठहराव की अवधि अधिकतम एक घंटा निर्धारित की गई है। एक घंटे की अवधि पूर्ण होने के उपरांत कुंड क्षेत्र में मौजूद पर्यटकों को वापस भेजा जाएगा तथा उसके बाद नए पर्यटकों को प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाएगी, ताकि सभी पर्यटक सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से स्थल का आनंद ले सकें।
संशोधित दरें निम्नवत् निर्धारित की गई हैं—

**सोमवार से शुक्रवार तक (मंगलवार बंद रहेगा)**
प्रवेश शुल्क – 100 प्रति व्यक्ति
टू-व्हीलर पार्किंग शुल्क – 100
फोर-व्हीलर पार्किंग शुल्क – 200

**शनिवार एवं रविवार**
प्रवेश शुल्क – 200 प्रति व्यक्ति
टू-व्हीलर पार्किंग शुल्क – 200
फोर-व्हीलर पार्किंग शुल्क – 400

उक्त सभी निर्णय दिनांक 21.05.2026 से प्रभावी होंगे एवं माह जुलाई 2026 तक लागू रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय केवल व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन, पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन स्थल के समुचित रख-रखाव के उद्देश्य से लिया गया है।

# टी.एस.कॉलेज के शिक्षकेतर कर्मचारियों की एकदिवसीय हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिसुआ।** नगर परिषद स्थित मगध विश्वविद्यालय बोधगया की अंगीभूत इकाई टी. एस.कॉलेज, हिसुआ के शिक्षकेतर कर्मचारी बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे, टी.एस. कॉलेज, हिसुआ शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ बिहार पटना एवं मगध प्रक्षेत्र के आहवान पर कर्मचारियों की पंद्रह सूत्री मांग हेतु आंदोलन के प्रथम चरण में दो दिवसीय कलम बंद हड़ताल किए थे है, महाविद्यालय के सभी कर्मचारी प्रशासनिक भवन में धरना पर बैठे दिनांक 06/05/ 26 एवं 07/05/26 को महाविद्यालय के सभी कर्मचारी कलम बंद हड़ताल पर रह कर अपना विरोध प्रगट किए थे। सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि आंदोलन के दूसरे चरण में 20/05/26 को टी.एस. कॉलेज हिसुआ सहित राज्य के विभिन्न पारंपरिक विश्वविद्यालयों सहित 250




अंगीभूत महाविद्यालयों के तकरीबन 33 हजार शिक्षकेतर कर्मचारी 20 मई को समूहिक अवकाश पर रहे तथा विश्विद्यालय मुख्यालय में कुलपति के समक्ष धरना एवं व्यापक प्रदर्शन किया गया, आंदोलन के अगले चरण में जुलाई के प्रथम सप्ताह में बिहार विधान सभा का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा ।मगध प्रक्षेत्र शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव डॉ.शेखर ने बताया कि महासंघ की पंद्रह सूत्री मांग में वेतन सत्यापन कोषांग की मनमानी पर रोक एवं वेतन विसंगति का निराकरण, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यादेश का कार्यान्वयन, पदोन्नति एवं स्थायीकरण, सातवें वेतन का वेतांतर का भुगतान खास तौर से शामिल हैं। और व्यापक आंदोलन किया जाएगा, विश्विद्यालय मुख्यालय में धरना कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के सचिव मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष राधारणम, कोषाध्यक्ष रौशन, डॉ शेखर कुमार, संयुक सचिव अमरजीत कुमार अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, राजेश कुमार, शंकर कुमार , दीपक कुमार, बाल्मीकि पांडे, अमरनाथ गुप्ता, सिन्धुकांत अजय कुमार शर्मा, बबीता कुमारी, प्रवीण कुमार, उमेश कुमार, अविनाश कुमार, सुरेश प्रसाद सहित सभी कर्मचारी शामिल हुए।

# मगही साहित्य जगत को दोहरा आघात, प्रलेस ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) जिला शाखा नवादा ने मगही भाषा के प्रखर गीतकार जय बाबू और प्रेमचंद साहित्यिक मंच के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। प्रलेस पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि "भाषा साहित्य के छतनार वृक्ष से जब कोई डाली टूटती है तो केवल छाया का विस्तार ही नहीं टूटता, बल्कि आश्रय पाने वाले प्रतिरोध के चूज़े भी कुम्हलाने लगते हैं।" प्रलेस के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह, सचिव अशोक समदर्शी, कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद सिंह, कोषाध्यक्ष शंभू विश्वकर्मा, शिक्षाविद अवधेश कुमार तथा पेंशनर एसोसिएशन के सचिव भुवनेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि जय बाबू ने मगही गीतों के सौंदर्यशास्त्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, वहीं डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने जिले में प्रेमचंद की साहित्यिक विरासत को




लंबे समय तक जीवित रखा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि 16 अप्रैल को जयप्रकाश उर्फ जय बाबू के निधन से साहित्यकारों के आंसू सूखे भी नहीं थे कि 17 मई को डॉ. संजय सिन्हा के निधन की खबर ने पूरे साहित्यिक जगत को झकझोर दिया। दोनों साहित्यकारों की रचनाधर्मिता, भाषा आंदोलन में उनकी अग्रणी भूमिका और समाज के प्रति समर्पण को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
प्रलेस ने बताया कि पिछले वर्ष जयप्रकाश को "मगही मुरेठा सम्मान" से सम्मानित किया गया था, जिसमें डॉ. संजय सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। लंबे समय से किडनी रोग से पीड़ित डॉ. सिन्हा डायलिसिस पर थे।
मगधेश के नाम से विख्यात साहित्यकार मिथलेश ने भी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्यकारों की मृत्यु केवल स्थूल काया का अंत है, जबकि उनके आदर्श, भावनाएं और रचनाएं सदियों तक जीवित रहती हैं।

# बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** भाजपा बिहारशरीफ नगर उत्तरी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रमुख सुनील कुमार ने की। इस शक्ति केंद्र के अंतर्गत वार्ड संख्या 1 एवं 2 के सोहडीह, बबुरबन्ना और सहोखर मोहल्ला आते हैं। बैठक में सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में जिला मंत्री सह मंडल प्रभारी अमरेश कुमार एवं नगर अध्यक्ष संदीप कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी बूथों पर बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों के साथ बैठक कर "सुनना और देखना" कार्यक्रम को सफल बनाने तथा बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने की रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अमरेश



कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता देवतुल्य है, जो देश सर्वोपरि की भावना से समाज और राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम "मन की बात" को प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को बूथ स्तर पर स्थानीय लोगों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुनने और देखने का आग्रह किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राजदीप कुमार, वीरेंद्र चौधरी, शशिकांत सिन्हा, कमल प्रभाकर, अमित कुमार, रीतेश कुमार वर्मा, रविरंजन वर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शाही स्नान एवं सर्वार्थ सिद्धि स्नान की तैयारियों को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजकीय मलमास मेला 2026 के अवसर पर शाही स्नान / सर्वार्थ सिद्धि स्नान की तैयारियों को लेकर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारीयों के साथ जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने आरआईसीसी राजगीर में समीक्षा बैठक की। दिनांक 17 मई से 15 जून तक राजगीर में राजकीय मलमास मेला, 2026 का आयोजन किया जा रहा है। पंचांग के अनुसार "अधिक मास" में लगने वाला "राजगीर मलमास मेला हिन्दुओं का एक महत्वपूर्ण धार्मिक मेला है। मेला में बिहार के सभी जिलों से देश के विभिन्न राज्यों एवं पड़ोसी देश यथा नेपाल, श्रीलंका आदि देशों से बहुत बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री/पर्यटकगण /



श्रद्धालु आ रहे हैं। राजकीय मलमास मेला, 2026 के अवसर पर विधि-व्यवस्था / सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण बनाये रखने हेतु दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बलों के साथ-साथ कर्मियों की भी पालीवार प्रतिनियुक्ति की गई है। विदित हो कि द 21, 27, 31 मई, 5 एवं 15 जून को शाही स्नान / सर्वार्थ सिद्धि स्नान एवं प्रत्येक रविवार को आम दिनों की अपेक्षा राजगीर के सभी कुण्डों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के स्नान करने हेतु आने की संभावना है। मलमास मेला में विभिन्न राज्यों के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल, श्रीलंका आदि देशों से भी तीर्थयात्री एवं पर्यटकगण आते हैं। स्टेट गेस्ट हाउस में एक वी०आई०पी० टेन्ट सिटी निर्मित है। स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में टेंट सिटी (वी०आई०पी० टेंट सिटी संहित) जिसकी आवासन क्षमता 6000 है। आवासन स्थल में गर्मी के मौसम से राहत हेतु मिस्ट पेयजल शौचालय, पंखा, कूलर, रोशनी, सी०सी०टी०वी० आदि मूलभूत व्यवस्था करायी गयी है। इस अवसर पर नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता,अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

# मिड-डे मील खाने से पचास से अधिक बच्चे पड़े बीमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय कला कैला में बुधवार को मिड-डे मील का भोजन खाने से अचानक पचास से अधिक बच्चे बीमार हो गए। खाना खाने के थोड़ी ही देर बाद बच्चों को उल्टी, दस्त और चक्कर आने की शिकायत होने लगी, जिसके बाद कई बच्चे मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। इस घटना से स्कूल परिसर और गांव में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सभी बीमार बच्चों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कुछ बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें चंडी रेफरल अस्पताल भेजा गया है तो कुछ परिजन अपने बच्चों को निजी हॉस्पिटल में इलाज करवा रहे हैं।अस्पताल में इलाज करा रही पांचवीं कक्षा की छात्रा अमृता कुमारी ने बताया कि दोपहर के भोजन में चावल और चने (बूट) की सब्जी परोसी गई थी। खाना खाने के दौरान ही सब्जी के कोने में एक संदिग्ध 'गोली' मिली। छात्रा के मुताबिक, लगभग सभी बच्चों ने यह भोजन खाया था, जिसके बाद एक-एक कर सबकी तबीयत बिगड़ने लगी।छात्राओं ने यह भी बताया कि रोजाना की तरह बच्चों से पहले शिक्षकों ने भोजन को नहीं चखा था। हालांकि, बाद में अमरेश सर नामक एक शिक्षक ने भी वही खाना खाया, जिसके बाद उन्हें भी गंभीर रूप से चक्कर आने लगा और वे भी इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। स्कूल की प्रधानाध्यापिका रजनी कुमारी ने बताया कि आज बच्चों को मिड-डे मील में छोला और चावल परोसा गया था। जैसे ही बच्चों ने भोजन करना शुरू किया, अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। कई बच्चों को उल्टी-दस्त शुरू हो गए और कुछ बच्चे चक्कर खाकर बेहोश हो गए। स्थिति को देखते हुए तुरंत सभी को नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और चंडी रेफरल अस्पताल ले जाया गया। इस पूरी घटना की लिखित सूचना विभाग के वरीय पदाधिकारियों को दे दी गई है। इधर घटना की जानकारी मिलते हैं। इधर घटना की जानकारी मिलते ही हिलसा एसडीओ अमित कुमार पटेल एवं नालंदा सिविल सर्जन जयप्रकाश सिंह रेफरल अस्पताल चंडी पहुंच बच्चों के हालात के बारे में जानकारी लिये। इधर डीपीओ नालंदा आनंद शंकर डीइओ नालंदा आनंद विजय चंडी व नगरनौसा अस्पताल पहुंच इलाजरत बच्चों के बारे में जानकारी लिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** तेलमर थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पीड़िता की मां के आवेदन के आधार पर तेलमर थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। पुलिस के अनुसार मामला बीएनएस की धारा 65(1) एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया। अनुसंधान के दौरान पीड़िता के बयान की वीडियोग्राफी कराई गई, मेडिकल जांच कराई गई तथा न्यायालय में पीड़िता का बयान भी दर्ज कराया गया। तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के आधार पर छापेमारी कर नामजद आरोपी रौशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी पाकड़ गांव का निवासी बताया जाता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की उम्र करीब 20 वर्ष है और वह बोतल्ली बिंद उर्फ सुधीर बिंद का पुत्र है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। साथ ही उसका आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले का अनुसंधान तेजी से पूरा कर सात दिनों के भीतर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा।

# मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम ने बच्चों के हाईटेक मॉडल अस्पताल का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने बुधवार को गया स्थित प्रभावती अस्पताल स्थित बच्चों के हाईटेक मॉडल अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं और हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम को करीब से देखा। अस्पताल में चल रही गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली गई। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भी उन्हें अस्पताल के कामकाज और सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ने अस्पताल के मॉडल सिस्टम को समझने की कोशिश की। उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, दवा वितरण व्यवस्था, मरीजों के रिकॉर्ड और सूचना आदान-प्रदान की प्रक्रिया को देखा। अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि किस तरह यहां डिजिटल सिस्टम के जरिए मरीजों से जुड़ी जानकारी को संभाला जाता है और पटना स्थित कमांड सेंटर से इसकी निगरानी की जाती है। डॉक्टरों ने डिप्टी सीएम को बताया कि प्रभावती अस्पताल बच्चों के मॉडल अस्पताल के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां इलाज के साथ-साथ बच्चों की देखभाल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अस्पताल के अलग-अलग विभागों की कार्यप्रणाली को भी विस्तार से समझाया गया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि उन्होंने प्रभावती अस्पताल में आकर हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम की बारीकियों को समझा और परखा है। उन्होंने कहा कि यहां का सिस्टम काफी व्यवस्थित और आधुनिक तरीके से संचालित हो रहा है। डॉक्टर, स्टाफ, दवा व्यवस्था और मरीजों के प्रबंधन को बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बिहार सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि बिहार ने हेल्थ सिस्टम को मॉडल रूप देने की दिशा में अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार और मध्य प्रदेश सरकार के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अनुभवों का आदान-प्रदान होगा। दोनों राज्यों के बीच इसको लेकर सहमति भी बनी है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान मीडिया ने अस्पताल में डॉक्टरों की कमी का सवाल भी उठाया। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि उन्हें भी इसकी जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार लगातार डॉक्टरों की भर्ती के लिए वैकेंसी निकाल रही है। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है और आगे भी जारी रहेगी। डिप्टी सीएम के दौरे को लेकर अस्पताल परिसर में दोपहर बाद हलचल बनी रही। अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भी निरीक्षण को लेकर पूरी तैयारी कर रखी थी।

# केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को मिली धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को सोशल मीडिया पर खुलेआम धमकी देने का मामला सामने आया है। एक वायरल वीडियो में एक युवक मांझी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी देता नजर आ रहा है। यह मामला तब सामने आया है जब केंद्रीय मंत्री के समधी परिवार से जुड़े हमले का मामला शांत भी नहीं हुआ। वायरल वीडियो में युवक कथित तौर पर बेहद आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहता सुनाई दे रहा है। साथ ही कह रहा है कि यादव दरोगा को टारगेट करना छोड़ दो। मामले की गंभीरता को देखते हुए गया के वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने तत्काल कार्रवाई की है। एसएसपी के निर्देश पर धमकी देने वाले युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पुलिस अब वीडियो की जांच कर आरोपी की पहचान में जुट गई है। एसएसपी सुशील कुमार ने बयान जारी करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने या किसी जनप्रतिनिधि और केंद्रीय मंत्री के खिलाफ धमकी भरी भाषा का प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायरल वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार काम कर रही है। एसएसपी ने आम लोगों से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास वीडियो में दिख रहे युवक के संबंध में कोई जानकारी हो तो वह पुलिस को उपलब्ध कराए। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से उन्हें सीधे मैसेज कर जानकारी देने का अनुरोध किया है, ताकि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी बिहार की राजनीति के बड़े नेताओं में गिने जाते हैं और वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री पद पर हैं। बता दें कि कि हाल के दिनों में बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी पर हुए हमले को लेकर पहले से ही राजनीतिक माहौल गर्म है। इसी बीच अब केंद्रीय मंत्री को धमकी देने का वीडियो सामने आने से मामला और संवेदनशील हो गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वीडियो की तकनीकी जांच कराई जा रही है और आरोपी युवक की पहचान होते ही उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सात दृष्टिहीनों को मिला स्मार्टफोन व हेडफोन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा सात दृष्टिहीनों के बीच स्मार्टफोन एवं हेडफोन का वितरण किया गया है। लाभुकों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को संबल योजना के तहत बट रहे सहायक उपकरण एवं बैटरी चालित ट्राइसिकल के लिए धन्यवाद कहा है। लाभुकों ने कहा कि यह स्मार्टफोन उन्हें सक्षम बनाने में सहायता प्रदान करेगी और खुशी व्यक्त की है। सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग गया अविनाश कुमार द्वारा बताया गया कि पिछले एक साल में सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, सीपी व्हीलचेयर, ट्राइसिकल, हियरिंग ऐड, बैशाखी, डिजिटल ब्लाइंड स्टिक एवं अन्य उपकरणों से 878 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया है। इसके अलावे वर्ष 2025-26 में अभी तक 940 चलंत दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का भी लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि जो भी दिव्यांग सहायक उपकरण या बैट्री चलित ट्राइसाइकिल का लाभ लेना चाहते हैं वो आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र,यू डी आई डी कार्ड, 2 लाख से कम आय प्रमाण पत्र तथा आवासीय प्रमाण पत्र के साथ पोर्टल पर अप्लाई कर सकते हैं। दिव्यांगजन अपना आवेदन अपने ब्लॉक, नजदीकी बुनियाद केंद्र अथवा जिला कार्यालय से भी कर

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर दलित महिला ने गंभीर लापरवाही का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखंड अंतर्गत बाली गांव निवासी रिंकू देवी ने गुरारू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार प्रसाद पर दलित महिला ने गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि 19 दिसंबर 2025 को वह बंध्याकरण ऑपरेशन कराने गुरारू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी। जांच के दौरान गर्भवती पाई गई, लेकिन आरोप है कि रिंकू देवी को उसके गर्भवती होने की जानकारी दिए बिना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरारू के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार प्रसाद द्वारा उसका बंध्याकरण कर दिया गया। रिंकू देवी का कहना है कि ऑपरेशन के बाद उसकी तबीयत लगातार बिगड़ने लगी और अत्यधिक ब्लीडिंग होने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसे एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रभारी द्वारा उसकी छोटी बहन निशू को डरा-धमकाकर कागज पर यह लिखवाया गया कि गर्भवती होने की जानकारी के बावजूद उसने स्वयं ऑपरेशन कराने की सहमति दी थी। पीड़िता ने बताया कि उसके पति प्रदेश में मजदूरी करते हैं। घर लौटने के बाद उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए असैनिक सह शल्य चिकित्सा पदाधिकारी गया जी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला धिकारी गया जी को लिखित आवेदन देकर दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई और न्याय की मांग की है। इधर उसी गांव की एक अन्य दलित समुदाय की महिला सावित्री देवी, पति बाबूलाल पासवान ने भी अपने बेटी के बंध्याकरण के दौरान गुरारू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर पर पैसा लेने का आरोप लगाया है। सावित्री देवी ने मीडिया को बताया कि बंध्याकरण ऑपरेशन के दौरान एक अन्य बीमारी का हवाला देकर उनसे 80 हजार रुपये की मांग की गई। सावित्री देवी के परिजनों द्वारा असमर्थता जताने के बाद डॉ. सुनील कुमार प्रसाद पांच हजार पर अड़ गए और मरीज की मां के पांच हजार रुपए देने की स्वीकृति के बाद ही बंध्याकरण का ऑपरेशन किए। ऑपरेशन के बाद जब पैसा देने की बारी आई तो काफी रोने गिड़गिड़ाने पर एक हजार रुपये लेकर मामला रफा दफा करने का आरोप लगाया गया। गांव की महिलाओं ने यह भी कहा कि बंध्याकरण में मात्र 2000 रु. मिलता है और डॉ. बीमारी निकालकर ढेर सारा मनमानी पैसा मांगते हैं तो हमलोग कहां से देंगे , पैसा वसूली के डर से ही हमलोग बंध्याकरण ऑपरेशन नहीं करा रहे हैं। महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद गुरारू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की कार्यप्रणाली तथा स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## खिजरसराय थाना में लगेगा एसआइएस का भर्ती कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना में एस आई एस का भर्ती कैंप 21मई को लगाया जायेगा। एस आई एस में भारत सरकार की ई एल आई योजना के तहत सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर की भर्ती होगी। सुरक्षा जवान के लिए दसवीं पास और सुरक्षा अधिकारी के लिए स्नातक और सुपरवाइजर के लिए 10+2 होना अनिवार्य है।

# देवरिया में महादलित सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड की नगवा पंचायत अंतर्गत देवरिया गांव में महादलित सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। महादलित ग्रामीणों में निर्माण कार्य को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासी अमरेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने प्रखंड कार्यालय के अंचल अधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों से बने उनके घर को जबरन गिराकर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में लगभग दो एकड़ आठ डिसमिल सरकारी जमीन उपलब्ध है। इसके बावजूद उन्हें कमजोर और अल्पसंख्यक समझकर उनके आशियाने को निशाना बनाया गया। अंगलेश कुमार चंद्रवंशी ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार शंकर प्रसाद द्वारा बिना सूचना दिए जेसीबी मशीन से उनकी लगभग 11 हजार ईंटों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। वहीं देवरिया टोला बहालडीह महादलित टोले के दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि महादलित टोले के नाम पर स्वीकृत भवन का निर्माण वास्तविक महादलित बस्ती में नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि देवरिया में जहां भवन बनाया जा रहा है वहां महादलित परिवारों की संख्या काफी कम है जबकि बहालडीह महादलित टोले में अधिक संख्या में महादलित परिवार निवास करते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भवन निर्माण के चयन में जनहित की अनदेखी की गई है और अधिकारियों का निर्णय सवालों के घेरे में है।

## बंद घर से चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** थाना क्षेत्र के मई गांव में मंगलवार की रात बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने जमकर आतंक मचाया। बुधवार सुबह चोरी की घटना सामने आते ही गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार कुंदन शर्मा अपनी पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। वह करीब 10 दिन पहले ही गांव से दिल्ली गए थे। इसी बीच चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए जेवरात सहित लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के बहनोई सोनू कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी बुधवार सुबह हुई जब वे घर पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

# जिले में घरेलू गैस की दिक्कत नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जिले में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस उपलब्ध है। आइपीसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल गैस एजेंसी में स्टाक की नियमित जांच एवं अनुश्रवण की जा रही है। घरेलू गैस की होम डिलीवरी हर उपभोक्ता को किया जा रहा है। विभिन्न स्तरों से उस पर निगरानी भी किया जा रहा है। जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं छापामारी किया जा रहा है। सभी उपभोक्ताओं को सरकार के दर पर घरेलू गैस दिया जा रहा है। निर्धारित मूल्य से अधिक की शिकायत पर गैस सिलेंडर देने और अन्य मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत निहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई किया जाएगा। सभी प्रखंड में आपूर्ति पदाधिकारी निरीक्षक के सभी गैस वितरकों की जांच जारी है। अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा गैस वितरण गोदाम की मांग पर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्त की जा रही है। सभी गैस वितरक एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं। ऑनलाइन बुकिंग के बाद ससमय गैस वितरण किया जाए। गैस गोदाम से घरेलू गैस की डिलीवरी नहीं करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को गोदामों को विभिन्न तरीकों से निरंतर जांच किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों का उल्लघंन करने पर नियमानुसार उल्लंघन करने पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिले में 18 मई 2026 तक जिला अन्तर्गत घरों में 2303 पीएनजी कनेक्शन लगाया गया है। 19 मई तक 5 कन्नेशन लगाया गया है। कुल 2308 घरों में पीएनजी कनेक्शन लगाया गया है। गया जिले वासी पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं या मो. नं. पर कॉल करके रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# ढाई माह से वेतन नहीं मिलने से नियोजित शिक्षकों में आक्रोश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के नियोजित शिक्षकों को पिछले ढाई माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। वेतन भुगतान में हो रही देरी से शिक्षकों के समक्ष परिवार के भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मार्च माह से अब तक शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं हुआ है जबकि तीन माह पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार के सौतेले रवैये के कारण हजारों नियोजित शिक्षक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और कई शिक्षक भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि समय पर वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों को दैनिक जरूरतों को पूरा करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि जल्द ही वेतन भुगतान नहीं किया गया तो नियोजित शिक्षक सरकार के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# सड़क समस्या का मुखिया ने किया त्वरित निष्पादन, ग्रामीणों में हर्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के नगवा पंचायत के देवरिया गांव में वर्षों से बनी सड़क को गांव एक व्यक्ति द्वारा निजी जमीन होने के बंद कर दिया गया जिसे गांवों में लोगों को आवागवन ठप हो गई जिसके बाद नगवा पति राणा संतोष कुमार सिंह ने ग्रामीणों के सहमति से अपने फंड से पाएं के पिंड पर होम पाइप देकर जेसीबी से मिट्ठी डालकर फिलहाल सड़क निर्माण कार्य करवा दिया है और मुखिया ने कहा कि जल्द पेवर ब्लॉक लगा दिया जाएगा। सड़क निर्माण से देवरिया गांव के लोगों को राहत की सांस मिली और चेहरे पर खुशी खिल उठा और मुखिया को धन्यवाद दिया गांव के लोग मुखिया के प्रशंसा कर रहे हैं।

# खरंजा लगने के बावजूद नहीं बनी सड़क, ग्रामीण परेशान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गया जी।** डोभी प्रखंड के पचरतन पंचायत अंतर्गत अमारूत तिवारी टोला स्थित शिव मंदिर के पास की सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़ी हुई है। स्थानीय ग्रामीण त्रिलोकी तिवारी ने बताया कि इस सड़क पर लगभग दस वर्ष पूर्व ईंट में ही खरंजा लगाया गया था, लेकिन अब सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में सड़क पर बारिश का पानी भर जाता है जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं बच्चों, बुजुर्गों एवं मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क गांव के कई घरों को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग है, बावजूद इसके अब तक सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है।

# मगध विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के मन्नूलाल केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं यूको बैंक के संयुक्त तत्वावधान में 'साइबर सुरक्षा एवं सोशल नेटवर्किंग साइट' विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और छात्र-छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूको बैंक के उप महाप्रबंधक मोतीलाल बनोथ ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट, अकाउंट हैकिंग और साइबर फ्रॉड की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में लोगों को बैंकिंग सुरक्षा प्रणाली को समझने और सतर्क रहने की जरूरत है। सहायक महाप्रबंधक श्रीकांत सिंह और मुख्य प्रबंधक शालिनी कुमारी ने डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलानुशासक प्रो. कृष्ण देव प्रसाद वर्मा ने की। मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवक, शिक्षक और बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से गयाजीवासी बेहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर से देहात तक घंटा में दस से बीस मिनट की बिजली कटने यानी 24 घंटे में चार से पांच घंटा पावर कट से आमजन बेहाल है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, टिंकू गिरी, मुन्ना मांझी, मोहम्मद शमीम आलम आदि ने कहा कि सूबे ही नहीं बल्कि देश में ज्यादा गर्मी पड़ने वाला गयाजी जिला में भरपूर बिजली उपलब्धता के बाद भी मेंटेनेन्स और ओवरलोड का बहाना बना कर दिन-रात 24 घंटा में 15 से 20 बार बिजली कटने से लोग रात में सो नहीं रहे हैं तथा दिन में भी घरों से बाहर निकल कर गर्मी में राहत ले रहे हैं।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक** 15.05.2026 के संबंध में शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट, 10.06.2026 को खोली जाएगी, जो पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वारा प्रकाशित किया गया था, इसमें निम्नलिखित निविदा संख्या के तहत **निविदा मूल्य** में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं, जिसे इस तरह से पढ़ा जाएगा: **क्रम सं.**: 1, **निविदा सं.** टीएन-36-26-27, **प्रकाशित निविदा मूल्य**: रु. 4,17,31,580.06, **संशोधित निविदा मूल्य : रु.4,17,31,579.65, क्रम सं.**: 2, **निविदा सं.** टीएन-37-26-27, **प्रकाशित निविदा मूल्य:** रु. 5,52,38,890.29, **संशोधित निविदा मूल्य : रु.5,52,38,890.20, क्रम सं.**: 3, **निविदा सं.** टीएन-38-26-27, **प्रकाशित निविदा मूल्य:** रु. 2,73,58,501.50, **संशोधित निविदा मूल्य : रु.2,73,58,500.32, क्रम सं.**: 4, **निविदा सं.** टीएन-39-26-27, **प्रकाशित निविदा मूल्य:** रु. 2,73,58,501.50, **संशोधित निविदा मूल्य : रु.2,73,58,503.71,** सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

SDAH-49/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू**
**Email:- palamunrep@gmail.com**

**तिथि विस्तारण संबंधी सूचना**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 137/एन0आर0ई0पी0, दिनांक 08.05.2026 द्वारा निर्गत अतिअल्पकालिन ई-निविदा आमंत्रण सूचना ई-संख्या- RDD/NREP/Palamu 05/2025-26 (3rd Call Retender) (PR No-379344) में पूर्व से निर्धारित तिथि में संशोधन करते हुए निम्न प्रकार निविदा की तिथि विस्तारित की जाती है-

| विवरणी | पूर्व से निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| ई-निविदा प्राप्त करने की तिथि | 11-05-2026 Time 10:00 AM to 18-05-2026 Time 05:00 PM | 22-05-2026 Time 10:00 AM to 29-05-2026 Time 02:00 PM |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20-05-2026 Time 11:00 AM | 30.05-2026 Time 03:00 PM |

नोट :- निविदा की शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/-कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,मेदिनीनगर पलामू

PR 380308 District(26-27).D



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई- संख्या- **DOPR/DE/ZP/Palamu 01/2026-27 (Retender)**

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 881/दिनांक 24.04.2026 एवं 882/दिनांक 24.04.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त-1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

विज्ञापन दाता का नाम :- जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक 22.05.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई-निविदा प्राप्त करने की तिथि :- दिनांक 22.05.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 29.05.2026 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 30.05.2026 (अपराह्न 3:00 बजे )
निविदा खोलने का स्थान :- कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sadar Medininagar | Construction of Van Nagar Jorkat (Part-II) | 2004900.00 | 40098.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-01/ 2026-27/ Gr-05 RT |

नोट - 1. केवल ई-निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/- जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 380328 District (26-27)_D

संपादकीय

## डोनाल्ड ट्रंप की निष्फल चीन यात्रा!

मनमौजी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप क्या सोच कर 9 साल बाद चीन की यात्रा पर गए थे और इससे उन्हें क्या हासिल हुआ, सिवाय चीन की हां में हां मिलाने के, इस पर दुनिया भर के कूटनीतिक विशेषज्ञ मंथन कर रहे हैं। ट्रंप अपने साथ 17 उद्योगपतियों का बड़ा दल भी साथ लेकर गए थे। दोनों देशों के बीच और खुद ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिन पिंग के बीच सीधी बातचीत हुई, लेकिन ठोस नतीजा कुछ भी नहीं निकला। दरअसल इस दौरे की शुरूआत ही परस्पर अविश्वास से हुई थी और अंत भी उसी तर्ज पर हुआ। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी लोग अपने मोबाइल लैपटॉप आदि घर पर छोड़कर गए थे, क्योंकि उन्हें शंका थी कि चीन उनमे कुछ जासूसी डिवाइस फिट कर सकता है। अविश्वास की इंतिहा ये थी कि बेनतीजा दौर से लौटते समय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने चीन द्वारा दिए सारे गिफ्ट और उपहार भी एयरपोर्ट पर छोड़ दिए। इसके पीछे भी डर वही था। हालांकि ऐसा करना किसी भी मेजबान देश का अपमान करना भी है। बताया जाता है कि ट्रंप-चिनफिंग समिट में ईरान युद्ध, ताइवान, ट्रेड, टैरिफ, रेयर अर्थ मिनरल्स, एआई और चिप जैसे संवेदनशील मुद्दे छाए रहे। चीन ने तो इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि लेकिन ट्रंप ने दावा किया चर्चा में दोनों देशों ने कई समस्याएं सुलझाई हैं और रिश्ते पहले से मजबूत हुए हैं। लेकिन कौन से रिश्ते मजबूत हुए हैं, इसका कोई ठोस विवरण उन्होंने नहीं दिया। ट्रंप के मुताबिक चीन 200 बोइंग जेट खरीदने और अमेरिका में सैकड़ों अरब डॉलर के निवेश करने पर राजी हुआ है। वहीं, ईरान युद्ध पर उनकी और चिनफिंग की सोच में समानता है। ट्रंप के अनुसार दोनों नेता चाहते हैं कि युद्ध खत्म हो, हॉर्मुज रास्ता खुला रहे और ईरान परमाणु हथियार विकसित न कर पाए। ट्रंप ने यह भी कहा कि चिनफिंग ने ईरान युद्ध सुलझाने में मदद की इच्छा जताई है और ईरान को हथियार न देने का भरोसा भी दिया। हालांकि, इन दावों की चीन ने कोई पुष्टि नहीं की है। चीन ने बयान में व्यापक सहयोग, स्थिरता व शांति की बात दोहराई। ट्रंप की नाकामी यह है कि इतने हाई प्रोफाइल दौरे के बाद भी वो कठोर सौदेबाज चीनी राष्ट्रपति शी जिनफिंग से कुछ भी नहीं हासिल नहीं कर सके। ट्रंप की कोशिश थी कि चीन होर्मुज स्ट्रेट खुलवाने के लिए ईरान पर दबाव डाले। लेकिन शी ने ऐसा कोई भी आश्वासन नहीं दिया। दूसरे, ट्रंप चाहते थे कि चीन के साथ कोई बड़ा व्यापारिक समझौता हो। वह भी नहीं हुआ। केवल वर्तमान व्यापार सुचारू रूप से चलाने के लिए दोनों देशों की एक परिषद बनाने पर सहमति बनी। चीन ने अमेरिका को खास रियायतें देने में भी रूचि नहीं दिखाई। उल्टे ताइवान पर कब्जाने की अपनी मंशा साफतौर पर जता दी। इसको लेकर ट्रंप इतने दबाव में दिखे कि उन्होंने कह दिया कि ताइवान पर चीनी हमला हुआ तो वह उस ताइवान की कतई मदद नहीं करेगा, जिसकी सुरक्षा की गारंटी उसने पिछले 80 सालों से दी हुई है और जिसे लोकतंत्र के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता के रूप में देखा जाता रहा है। उधर चीनी राष्ट्रपति ने तो अमेरिका को 'पतनशील देश' तक कह दिया, जिसका ट्रंप विरोध तक नहीं कर सके। उल्टे अपनी खीज छिपाने के लिए उन्होंने इस कथन को मोड़ने की कोशिश की कि शी ने यह कमेंट पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को लेकर किया था।

# व्यवस्था और संवेदनाओं को राख करती आग

**रात का दूसरा पहर था। प्रदेश के दो बड़े नगरों के बीच चलने वाली बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज़ी से दौड़ी चली जा रही थी। खिड़कियों के बाहर अंधेरे खेत पीछे छूट रहे थे और भीतर पीली रोशनी में यात्रियों की अपनी-अपनी छोटी दुनियाएँ बसी थीं। कोई मोबाइल पर धीमे स्वर में बात कर रहा था, कोई ऊँघ रहा था, तो कोई सीट से सिर टिकाकर आने वाले कल के सपने देख रहा था। बस की पिछली सीट पर चार वर्षीय नन्हा बालक अपनी माँ की गोद में सोया हुआ था। उसकी छोटी उंगलियाँ अब भी खिलौना कार को कसकर पकड़े थीं। माँ कभी उसके माथे को चूमती, कभी खिड़की से बाहर झाँकती। पिता सामने वाली सीट पर बैठे मुस्कुरा रहे थे– 'ग्वालियर पहुँचकर इसे किला दिखाऊँगा,' उन्होंने धीरे से कहा था।**

ब्रजेश कानूनगो

अचानक बस के अगले हिस्से से चिंगारियों की तेज़ आवाज़ आई– 'छटाक... छटाक...!' कुछ ही सेकंड में धुएँ की कड़वी गंध फैलने लगी। तभी इंजन के पास से लपटें उठीं और देखते-ही-देखते आग ने प्लास्टिक के सामान को पकड़ लिया। एक भयावह चीख बस में गूँज उठी– आग... आग लग गई! नींद में डूबे लोग घबराकर उठे। धक्का-मुक्की शुरू हो गई। कोई खिड़की तोड़ने लगा, कोई बच्चों को उठाकर दरवाज़े की ओर भागा। जलते प्लास्टिक से उठता काला धुआँ साँसों को जला रहा था। बस के भीतर अफरा-तफरी का ऐसा दृश्य था मानो हर व्यक्ति मौत से आगे निकल जाना चाहता हो। बच्चे की माँ ने उसे कसकर पकड़ लिया। पिता पीछे की ओर भागे, लेकिन तभी किसी ने चीखकर कहा– पीछे से रास्ता बंद है! बस में आपातकालीन गेट था ही नहीं।

आग अब विकराल हो चुकी थी। प्लास्टिक के पैकेट पिघल-पिघलकर जलते तेल की तरह फर्श पर बह रहे थे। धुआँ इतना घना हो गया कि चेहरों की पहचान मिटने लगी।

किसी तरह पिता ने पत्नी को दरवाज़े तक पहुँचा दिया। बाहर खड़े लोग हाथ बढ़ाकर यात्रियों को खींच रहे थे। तभी माँ की गोद अचानक हल्की हो गई। बालक... अंदर रह गया था। 'मेरा बच्चा...! मेरा बच्चा अंदर है...!' उसकी चीख रात के सन्नाटे को चीरती चली गई। उसकी आँखों के सामने बस धधक रही थी और भीतर उसका मासूम बेटा–जो कुछ देर पहले खिलौना कार पकड़े मुस्कुरा रहा था। कुछ मिनटों बाद सब शांत हो गया। बस अब सिर्फ जलता हुआ ढाँचा थी। सड़क पर धुआँ तैर रहा था। यात्रियों की सिसकियाँ हवा में घुली थीं। दूर कहीं उस बालक की छोटी खिलौना कार सड़क किनारे पड़ी थी–आधी जली हुई, आधी बची हुई। उस रात केवल एक बच्चा नहीं मरा था। मर गई थी व्यवस्था की लापरवाही। मर गई थी यात्रियों की सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता। और जल गई थी वह उम्मीद कि हर सफर सुरक्षित होकर घर तक पहुँचता है। सुबह अखबारों में खबर छपी– शार्ट सर्किट से बस में आग, एक मासूम की मौत। लेकिन उन चार-पाँच शब्दों के पीछे एक माँ की टूटी हुई दुनिया थी, एक पिता की असहाय आँखें थीं,



और एक नन्हा सपना था... जो ग्वालियर का किला देखने से पहले ही राख बन गया।

आप इसे एक मार्मिक कहानी कह लें लेकिन यात्री बसों में लगने वाली आग के बाद लगभग ऐसा ही कुछ घटित होता है। फिर वही होता है जो हमेशा से होता रहा है। सरकारें मुआवजा देनें की घोषणाएं करती हैं। नियम कानूनों की उपेक्षा की जांच और दोषियों को सजा देने का वायदा किया जाता है। थोड़े दिनों बाद किसी और घटना का समाचार पढ़ने को मिल जाता है। यात्री वाहनों और बसों में आग लगने की बढ़ती घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। हाल के महीनों में देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी ही कई डरा देने वाली खबरें सामने आई हैं। सफर को सुरक्षित बनाने के लिए इन हादसों के मूल कारणों को समझना, प्रशासनिक कमियों को पहचानना और कड़े कदम उठाना बेहद जरूरी है।

हाल ही (मई 2026) में इंदौर से ग्वालियर जा रही एक इंटरसिटी बस में शार्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। अधिकांश यात्री तो समय रहते बाहर निकल आए, लेकिन आपातकालीन गेट न होने और बस में प्लास्टिक का व्यावसायिक सामान लोड होने के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि एक 4 वर्षीय मासूम बच्चा अंदर ही फंस गया और उसकी जान चली गई। इसी प्रकार (मई 2026) में हैदराबाद से तिरुपति जा रही एक निजी ट्रैवल्स की बस का पिछला टायर जाम होने के कारण घर्षण पैदा हुआ और टायर ब्लास्ट के साथ आग लग गई। गनीमत रही कि ड्राइवर की सूझबूझ से सभी 36 यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया, लेकिन बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। मार्च में इसी राज्य के मार्कापुरम में एक बस और ट्रक की टक्कर के बाद लगी आग में 14 लोगों की मौत हो गई थी। अप्रैल 2026 में इंदौर से सागर जा रही एक स्लीपर कोच बस के स्टेयरिंग के पास शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसमें 50 यात्री बाल-बाल बचे। वहीं मैनपुरी में भी एक चलती रोडवेज बस में शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी थी।

दरअसल, वाहनों में आग लगने के कई कारण सामने आते रहे हैं, जैसे आधुनिक बसों में मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, एसी (ष्ट), हैवी लाइट्स और म्यूजिक सिस्टम के लिए अतिरिक्त वायरिंग की जाती है। यह काम अक्सर अप्रशिक्षित मैकेनिकों से और घटिया क्वालिटी के तारों से करवा लिया जाता जाता है। अत्यधिक गर्मी में लोड बढ़ने पर तार आपस में चिपक जाते हैं और शॉर्ट सर्किट हो जाता है। कई बार गर्मियों में सड़क का तापमान बहुत ज्यादा होता है। यदि टायर पुराने हों, उनमें हवा का दबाव सही न हो, या ब्रेक शू (ब्ह्रद्भड्डद्म स्द्धश्च्द्ग) जाम होने के कारण पहिया रगड़ खा रहा हो, तो भयंकर घर्षण से टायर आग पकड़ लेते हैं। इंजन का रखरखाव ठीक नहीं होने से भी दुर्घटना का खतरा बन जाता है, इंजन में ऑयल या फ्यूल लीक होना, कूलेंट का कम होना और समय पर सर्विसिंग न होने से इंजन ओवरहीट हो जाता है, जो आग का कारण बनता है। कई बस संचालक अतिरिक्त कमाई के चक्कर में यात्रियों की डिक्की या छत पर प्लास्टिक का सामान, केमिकल, या अन्य ज्वलनशील व्यावसायिक पार्सल लाद देते हैं, जो आग को तेजी से भड़काने का काम करते हैं। यद्यपि आग लगने की घटनाओं से बचाव के यात्रियों और ऑपरेटरों के स्तर पर भी कई उपाय किए गए हैं किंतु प्रश्न यह है कि क्या इन पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है? हर बस में कम से कम दो चालू हालत वाले फायर एक्सटिंग्विशर होने अनिवार्य होने चाहिए–एक ड्राइवर के पास और दूसरा आपातकालीन गेट के पास। बसों की सीटों और अंदरूनी हिस्सों में ऐसे फोम और कपड़ों का इस्तेमाल हो जो आग न पकड़ें और जलने पर जहरीला धुआं पैदा न करें (अक्सर लोग आग से कम, जहरीले धुएं से दम घुटने के कारण मरते हैं)। इंजन कंपार्टमेंट में ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम (स्न्रष्ठस्स्) लगाया जाना चाहिए, जो आग लगते ही खुद-ब-खुद उसे बुझा दे। आपातकालीन गेट के पास कोई सीट या सामान नहीं होना चाहिए ताकि वह आसानी से खुल सके। खिड़कियों के शीशे तोड़ने वाले विशेष हथौड़े (श्वद्वद्गह्म्द्दद्गठ्ठष्4 ॥ड्डद्वद्वद्गह्म्) हर दो-तीन सीट के बाद लगे होने चाहिए।

शासन और प्रशासन की भी ऐसे मामलों में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निश्चित की गई है, फिर भी कहीं तो चूक हो ही रही होगी, घटनाएं और उनकी जांच रिपोर्टें तो यही इंगित करती रही हैं। कई बार आरटीओ (ऋञ्जह्र) विभाग द्वारा वाहनों की फिटनेस जांच अक्सर केवल कागजों पर या सतही तौर पर होने की आशंका होती है। बसों के भीतर की वायरिंग, इमरजेंसी गेट के काम करने की स्थिति और टायर की गुणवत्ता की बारीकी से शायद जांच में कोई कसर रह जाती है। जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है, तो प्रशासन दो-चार दिन चेकिंग अभियान चलाकर जुर्माने काटता है और फिर स्थिति वैसी ही हो जाती है। निरंतर कड़ाई का अभाव बस ऑपरेटरों के हौसले बुलंद रखता है। स्लीपर बसों में क्षमता से अधिक केबिन बना दिए जाते हैं, जिससे गैलरी इतनी संकरी हो जाती है कि भगदड़ मचने पर दो लोग एक साथ निकल भी नहीं सकते। कई बार प्रशासन इन अवैध बदलावों को देखकर भी अनदेखा कर देता है। वाहनों के रखरखाव और यात्री बसों के सुरक्षित संचालन के लिए हमारे यहां पर्याप्त नियम और कानून हैं बस उनका ईमानदारी से पालन करने में ही कहीं न कहीं हमसे चूक हो जाती है। बसों की फिटनेस चेकिंग के लिए रैंडम और औचक निरीक्षण होने चाहिए। इसमें सीसीटीवी या डिजिटल ट्रैकिंग का इस्तेमाल हो ताकि भ्रष्टाचार की गुंजाइश न रहे। नियमों का उल्लंघन करने वाले, आपातकालीन गेट न रखने वाले या बस में अवैध कमर्शियल माल ढोने वाले ऑपरेटरों के परमिट तुरंत और स्थायी रूप से रद्द किए जाने चाहिए।

अध्यात्म

## हम अपनी सोच को सकारात्मक,बनाते हैं, तो जीवन भी सफल हो जाता है

एक लोक कथा है। एक राज्य का राजा था, तो बहुत शक्तिशाली, लेकिन उसकी सोच अक्सर संदेह और अंधविश्वास से भरी रहती थी। वह हर घटना को शुभ-अशुभ के नजरिए से देखता था। उसके राज्य के एक गांव में चर्चा चल रही थी कि वहां के एक व्यक्ति का चेहरा अशुभ है और उसे देखते ही दुर्भाग्य आता है। लोगों की सोच इतनी मजबूत हो गई है कि उन्होंने उस व्यक्ति को दोषी मान लिया है। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि गांव के लोग उसे गांव से निकालने की कोशिश करने लगे। उसे अपमानित किया जाने लगा और उसके साथ गलत व्यवहार होने लगा। जब यह बात राजा तक पहुंची, तो उन्होंने सोचा कि बिना जांच के किसी को दोषी मानना उचित नहीं है। इसलिए राजा ने उस व्यक्ति को अपने महल में रहने का आदेश दिया, ताकि वह खुद इस बात की सच्चाई जान सके। अगले दिन सुबह, राजा ने सबसे पहले उसी व्यक्ति का चेहरा देखा। उसी दिन राजा के साथ एक घटना हुई, उसे पूरे दिन राजकीय कार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहना पड़ा और व्यस्तता के कारण वह भोजन नहीं कर सका। शाम तक उसे लगने लगा कि सच में उस व्यक्ति के कारण उसका दिन खराब हुआ है। अब राजा भी राज्य के लोगों की बातों पर विश्वास करने लगा और उसने उस व्यक्ति को अशुभ मान लिया। गुस्से और अंधविश्वास में आकर राजा ने उस व्यक्ति को मृत्यु दंड दे दिया। जैसे ही यह निर्णय लिया गया, राजा के विद्वान मंत्री ने उसे रोकते हुए पूछा कि एक निर्दोष व्यक्ति को किस आधार पर दंड दिया जा रहा है। राजा ने कहा कि आज सुबह मैंने उसका चेहरा देखा और मेरा पूरा दिन खराब हो गया, इसलिए वह अशुभ है। मंत्री ने शांत स्वर में कहा, 'राजन्, क्षमा करें, लेकिन एक बात और भी है, उस व्यक्ति ने भी आज सुबह सबसे पहले आपका चेहरा देखा था। आपको तो सिर्फ भोजन नहीं मिला, लेकिन इस व्यक्ति पर तो मृत्यु का संकट खड़ा हो गया है।'

यह सुनकर राजा चुप हो गया। मंत्री ने आगे समझाया कि किसी भी व्यक्ति का चेहरा न तो शुभ होता है और न अशुभ। असल में अशुभ हमारी सोच होती है। राजा को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने तुरंत उस व्यक्ति को मुक्त कर दिया और समझ गया कि जीवन में निर्णय तथ्यों पर आधारित होने चाहिए, न कि अंधविश्वास और नकारात्मक सोच पर।

# 'सतीशन' के सामने गठबंधन सहयोगियों को संतुष्ट करने की चुनौती

**सतीशन अब एक विधायी दल का नेतृत्व कर रहे हैं जिसमें ऐसे सदस्य शामिल हैं जिन्होंने उनका समर्थन नहीं किया था। वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला सहित शक्तिशाली गुट जल्द ही अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं। इसके अलावा, सतीशन जमात के हितों और उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी, सुन्नी सर्वोच्च निकाय 'समस्त', जिसने उन्हें निहित समर्थन प्रदान किया है, के हितों को संतुलित करने की कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह इ्क्षहदू मतदाताओं को अलग-थलग कर सकते हैं, जो मुस्लिम समुदाय के बढ़ते प्रभाव के बारे में इ्क्षचतित हैं, साथ ही उदारवादी और सुधारवादी मुस्लिम आवाजों को भी, जो इन घटनाक्रमों के बारे में आशंकित हैं।**

कल्याणी शंकर

कांग्रेस पार्टी को केरल के मुख्यमंत्री का चयन करते समय महत्वपूर्ण आंतरिक गुटीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा। यह प्रक्रिया 11 दिनों तक चली और इसका उद्देश्य विभिन्न पार्टी समूहों के बीच विवादों को सुलझाना था। इन तनावों से निपटना कठिन था और इस दौरान दिखाई गई सहनशीलता सराहनीय है। के.सी. वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद वी.डी. सतीशन को इस भूमिका के लिए चुना गया। प्रियंका और राहुल गांधी ने अपना निर्णय लेते समय जनभावनाओं पर विचार किया। चयन प्रक्रिया के दौरान आंतरिक तनाव उभरे लेकिन अंततः वेणुगोपाल ने पार्टी के व्यापक हित के लिए सतीशन की नियुक्ति का समर्थन किया।

कांग्रेस आलाकमान विभाजित था-सोनिया गांधी ने चेन्निथला का समर्थन किया, राहुल गांधी ने वेणुगोपाल का और प्रियंका गांधी ने सतीशन का पक्ष लिया। इस दरार ने पार्टी के आलाकमान के भीतर आंतरिक संघर्षों को उजागर किया। इसके अतिरिक्त, कांग्रेस को अपने सहयोगी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आई.यू.एम.एल.) और जनभावनाओं से दबाव का सामना करना पड़ा, जिसने गांधी परिवार की छवि को प्रभावित किया। राहुल और प्रियंका गांधी ने स्थिति पर चर्चा की लेकिन उनके मतभेद कांग्रेस कार्यालयों के बाहर और प्रियंका के वायनाड कार्यालय में प्रदर्शित पोस्टरों में स्पष्ट थे। ऐसा ही एक पोस्टर था, 'श्रीमान राहुल, के.सी. आपके थैला ढोने वाले हो सकते हैं लेकिन केरल की जनता आपको कभी माफ नहीं करेगी', जो वेणुगोपाल के प्रति राहुल की पसंद पर असंतोष व्यक्त कर रहा था। राहुल गांधी ने जनभावनाओं का आकलन करके और दावेदारों वेणुगोपाल, सतीशन और चेन्निथला के साथ समन्वय करके केरल के मुख्यमंत्री का चयन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यूनाइटेड डैमोक्रेटिक फ्रंट (यू.डी.एफ.) के भीतर चुनाव के बाद के गतिरोध को दूर करने के लिए दिल्ली में मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी के साथ व्यापक बैठकें कीं।

आई.यू.एम.एल. ने वी.डी. सतीशन के धर्मनिरपेक्ष रुख के लिए उनका समर्थन किया। वेणुगोपाल ने मुख्यमंत्री के रूप में सतीशन की नियुक्ति के लिए अपना समर्थन व्यक्त करने हेतु राहुल और प्रियंका के साथ 2 घंटे से अधिक समय तक मुलाकात की। हालांकि वेणुगोपाल भी एक प्रमुख उम्मीदवार थे, उन्होंने जोर दिया कि पार्टी के हितों को सबसे पहले आना चाहिए। सतीशन, जो 6 बार के विधायक और यू.डी.एफ. अभियान के नेता हैं, ने इस्तीफा देने का संकल्प लिया था यदि यू.डी.एफ. केरल की 140 सीटों में से कम से कम 100 सीटें हासिल नहीं कर पाता। गठबंधन ने अंततः 102 सीटें जीतीं, जिसमें कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जो सतीशन के नेतृत्व में विश्वास को दर्शाती है।

वेणुगोपाल के लिए राहुल गांधी का समर्थन इस बात से जटिल हो गया कि वेणुगोपाल को विधायक



बनने के लिए अपनी सांसद भूमिका से इस्तीफा देना पड़ता। जमीनी स्तर के विरोध प्रदर्शनों ने सतीशन का पक्ष लिया, जो पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ एक मजबूत विपक्षी आवाज के रूप में उभरे। उन्होंने एक दशक के बाद केरल में यू.डी.एफ. की सत्ता में वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री के रूप में वेणुगोपाल की संभावित नियुक्ति के खिलाफ इन जमीनी विरोध प्रदर्शनों ने कांग्रेस के भीतर आंतरिक विभाजन को उजागर किया। सतीशन ने स्वीकार किया कि इन प्रदर्शनों ने जनभावनाओं को प्रभावित किया। कांग्रेस पार्टी खुद को भाजपा के एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में पेश करने का अवसर देख रही है। तमिलनाडु में, कांग्रेस ने द्रमुक के साथ अपने लंबे गठबंधन को समाप्त कर दिया है और अब विजय की तमिलनाडु वेत्री कड़गम (टी.वी.के.) के साथ सहयोग कर रही है, जिससे पार्टी के नेताओं को क्षेत्रीय भागीदारों के साथ जटिल संबंधों को बनाए रखते हुए स्वतंत्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति मिल रही है।

केरल के राजनीतिक परिदृश्य को नियंत्रित करने की सतीशन की क्षमता विभिन्न कारकों पर निर्भर करेगी। हालांकि वह पार्टी के साथ संरेखित होंगे लेकिन स्पष्ट शक्ति गतिशीलता और पदानुक्रम काम कर रहे हैं। ईसाई और मुस्लिम समुदायों के बीच विभाजन ने 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी को कमजोर कर दिया, जिससे कई लोग इससे दूर हो गए और पिनाराई विजयन के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने में योगदान दिया। केरल के मुख्यमंत्री के रूप में, वी.डी. सतीशन को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें पार्टी की एकता बनाए रखना, आई.यू.एम.एल. जैसे मुखर सहयोगियों के साथ गठबंधन का प्रबंधन करना और संघर्षरत अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करना शामिल हैं। उनकी तत्काल चुनौती मंत्रिमंडल का गठन है, जिसमें कांग्रेस के भीतर विभिन्न गुटों को समायोजित करना, आई.यू.एम.एल. जैसे प्रमुख गठबंधन सहयोगियों को संतुष्ट करना और पार्टी के भीतर नाराजगी को रोकना शामिल है।

उन्हें एक महत्वपूर्ण राजकोषीय घाटे और राज्य पर ऋण का भी समाधान करना और आर्थिक विकास को प्राथमिकता बनाना होगा। उन्हें अपनी बयानबाजी में सुधार करने, अल्पसंख्यक समुदाय की राजनीति को नेविगेट करने, लीग और जमात-ए-इस्लामी के साथ संबंधों के बारे में भाजपा की आलोचना का मुकाबला करने और प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक गुटों से तोड़फ़ोड़ से बचते हुए एकता बनाए रखने की आवश्यकता है। जमात-ए-इस्लामी ने सतीशन के लिए मुस्लिम वोटों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे सहयोगियों से निपटते समय अपनी धर्मनिरपेक्ष साख बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होगा।

सतीशन अब एक विधायी दल का नेतृत्व कर रहे हैं जिसमें ऐसे सदस्य शामिल हैं जिन्होंने उनका समर्थन नहीं किया था। वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला सहित शक्तिशाली गुट जल्द ही अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं। इसके अलावा, सतीशन जमात के हितों और उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी, सुन्नी सर्वोच्च निकाय 'समस्त', जिसने उन्हें निहित समर्थन प्रदान किया है, के हितों को संतुलित करने की कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह इ्क्षहदू मतदाताओं को अलग-थलग कर सकते हैं, जो मुस्लिम समुदाय के बढ़ते प्रभाव के बारे में इ्क्षचतित हैं, साथ ही उदारवादी और सुधारवादी मुस्लिम आवाजों को भी, जो इन घटनाक्रमों के बारे में आशंकित हैं।

## आज का कार्टून

सोना-चांदी खरीद के पुराने आर्डर हो रहे हैं कैंसिल
पीएम की अपील का असर, बिक्री 50 प्रतिशत घटी




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। आपको किसी उपलब्धि के लिये सम्मानित किया जा सकता है। आज आप महँगे उत्पादों की खरीदी में धन खर्च कर सकते हैं।

**वृषभ**
यात्रा करने से बचना चाहिये। पति-पत्नी के बीच झगड़े होने की सम्भावना बन रही है। पुरानी कड़वी यादें अचानक आपके सामने आ सकती हैं।

**मिथुन**
आज दिन की शुरुआत आपके लिये बहुत अच्छी रहेगी। आपकी सेहत काफी अच्छी रहने वाली है। व्यापार में नयी तकनीक का काफी अच्छा प्रयोग करेंगे।

**कर्क**
आपके परिजन आपसे इस समय अत्यधिक अपेक्षा रख रहे हैं। इसीलिये आप उन्हें समय देने का प्रयास करेंगे। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो समय बहुत ही अच्छा है।

**सिंह**
राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों का मन काम में नहीं लगेगा। व्यर्थ बातों पर ध्यान न दें। बच्चों पर पना क्रोध निकाल सकते हैं।

**कन्या**
सहकर्मियों के साथ सामंजस्य में कमी महसूस होगी। लोग आपकी अत्यधिक आलोचना भी कर सकते हैं। मित्रों से भी अधिक सहयोग की अपेक्षा न रखें।

**तुला**
व्यवसाय में विस्तार करने के लिये समय बहुत ही शुभ है। प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। धार्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**वृश्चिक**
अपने व्यवहार को सन्तुलित रखें। क्रोध के कारण आपके प्रति लोग नकारात्मक भाव अपना सकते हैं। अपने काम को लेकर दूसरों से अधिक राय न लें।

**धनु**
आर्थिक स्थिति बहुत ही उन्नत रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को अचानक नयी जॉब ऑफर हो सकती है। काफी दिनों से चली आ रही परेशानी दूर होगी। आप अपना काम काफी अच्छी तरह से पूरा करेंगे।

**मकर**
आज आर्थिक लेन-देन में सावधानी रखें। वैवाहिक जीवन अत्यन्त तनावयुक्त हो सकता है। आज आपका मन घर में नहीं लगेगा। अड़ियल रवैये के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।

**कुंभ**
सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। विरोधी आपसे पराजित होंगे। शुभ समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। छोटी यात्राओं के योग बन रहे हैं।

**मीन**
करियर को लेकर तनाव हो सकता है। घर के काम में आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। शेयर मार्केट में बड़ा निवेश न करें, अन्यथा आर्थिक हानि होने की सम्भावना भी बन रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 22 मई को

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का चतुर्थ दीक्षांत समारोह आगामी 22 मई 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय, हार्डिंग रोड, पटना में आयोजित किया जाएगा। समारोह में बिहार के माननीय राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा दीक्षांत भाषण देंगे। समारोह में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के माननीय केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के माननीय मंत्री श्री नंदकिशोर राम भी समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध कार्यक्रमों के कुल 148 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल कमेश कुमार ने बताया कि विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक एवं अन्य पदकों से सम्मानित किया जाएगा।

### मंत्री मदन साहनी का बाढ़ के बेढ़ना फोरलेन पर किया गया भव्य स्वागत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के बेढ़ना फोरलेन के पास उत्पाद एवं मद्य निषेध निबंधन मंत्री मदन साहनी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खुशहालचक के पूर्व मुखिया उमेश कुमार मंडल, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार तथा उनके साथीगण



मौजूद रहे। आपको बता दें कि मंत्री मदन साहनी बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'सहयोग शिविर' में शामिल होने के लिए खगड़िया गए हुए थे और वे वहां से कार्यक्रम संपन्न करने के बाद पटना लौट रहे थे। इसी क्रम में समर्थकों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

### विभिन्न मामलों में सात नामजद आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 7 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल भगवानगंज थाना कांड संख्या 96/26 एवं 97/26 के तहत दो पक्षों के बिच हुए आपसी विवाद मे हिंसक लडाई मे हुए प्राथमिकी मे नामजद आरोपी नरेश यादव पिता रामस्वरूप यादव, गुलबिया देवी पति रामनरेश यादव, जितेंद्र यादव पिता नरेश यादव सभी खरौना को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के श्रवण कुमार एवं पुतला यादव दोनों पिता महेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है वही दूसरे मामले में सास पुतोह की लड़ाई में दो लोगों की गिरफ्तारी की गई जिसमें दुर्गा प्रसाद पिता स्व बृजेश प्रसाद एवं अंजली देवी पति दुर्गा प्रसाद कुल 7 लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### हीट वेव की चपेट में आने से तीन छात्र-छात्राओं की तबियत बिगड़ी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भीषण गर्मी के दौरान हीट वेव के चलते बाढ़ के तीन विद्यालयों के दो छात्राएं और एक छात्र की तबीयत बिगड़ गई। राजकीय संपोषित बालिका उच्च विद्यालय की एक छात्र की तबीयत अचानक खराब हुई बिजली काटने से पंखा कुछ देर के लिए बंद हो गया जिसके बाद अचानक छात्रा बेहोश हो गई। जिसे अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। वहीं उच्च



विद्यालय बेढना विद्यालय में छुट्टी होने के बाद घर जाने के दौरान एक छात्र की तबीयत बिगड़ गई जिसे स्थानीय लोगों ने उठाकर अस्पताल पहुंचा है। बाद में परिजन पहुंचकर बच्ची की देखभाल में जुट गए। जबकि शिक्षक ट्रेनिंग स्कूल के एक छात्र अचानक बीमार पड़ गया। जिस विद्यालय के शिक्षक के द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया तीनों का इलाज बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है।

### सहयोग शिविर में पहुंचे विधायक एवं एसडीएम

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के इब्राहिमपुर पंचायत के पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बाढ़ के स्थानीय विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह, एसडीएम गरिमा लोहिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अंजू, पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष अशोक चन्द्रवंशी मौके पर मौजूद रहे। आपको बता दें कि बिहार सरकार में बने नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूरे बिहार में सहयोग शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का परित निदान करने के लिए एक अभियान चलाया है। शिविर का उद्घाटन पटना के एडीएम तथा बाढ़ की प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इस मौके पर बताया कि जो जरूरतमंद लोग हैं वे शिविर में आकर अपनी समस्याओं का निदान करा सकते हैं। इस शिविर में कृषि, पुलिस विभाग, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि से सम्बंधित किसी भी तरह के समस्याओं का निदान किया गया।

### अवैध देसी कट्टा दिखाते वायरल फोटो के आरोपित गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र में एक युवक को सोशल मीडिया पर हथियार दिखाते फोटो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भदौर थानाध्यक्ष ने बताया कि सोशल मीडिया पर अवैध कट्टा दिखाते हुए एक फोटो वायरल किया गया था। फोटो की पहचान करते हुए बेनुआ बसार गांव से एक युवक को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई के तहत माननीय न्यायालय में भेजा गया है।

### ट्रैक्टर चालक को मारपीट कर किया अधमरा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के मंगल चक गांव में 2 दिन पूर्व एक ट्रैक्टर चालक को रास्ते में बदमाशों ने पड़कर जमकर पिटाई कर दी लाठी डंडे और रड से पिटाई होने के बाद युवक बेहोश हो गया। इस दौरान उसके पॉकेट से 9600₹निकालने के साथ गला से सोने का लॉकेट भी निकाल लिया दो दिनों से युवक जितेंद्र कुमार का इलाज चल रहा है। अभी तक लोगों ने इसकी जानकारी एनटीपीसी थाना तक को नहीं दी है घायल जितेंद्र के भाई वीरेंद्र ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव में झगड़ा हुआ था जिसको लेकर इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। बदमाश ट्रैक्टर भी लेकर भागने का फिराक में था लेकिन स्थानीय लोगों के आ जाने से वह लोग भागने में सफल रहे फिलहाल जितेंद्र का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ में चल रहा है।

### अनुमंडल अस्पताल पहुंचे परिजन भड़के

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुनीचक के पास टू लेन सड़क पर एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे बाइक सवार घनश्याम कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना मिलने पर परिजनों ने उन्हें उठाकर ई रिक्शा द्वारा बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर के द्वारा तुरंत नहीं देखे जाने पर परिजन भड़क गए। हालांकि थोड़ी देर में ही उनकी प्राथमिक चिकित्सा की गई।घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें सिर और दोनों घुटनों में चोट लगी है। वे भटगांव पंचायत के रहनेवाले बताए जाते हैं। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। मौके पर डायल 112 की पुलिस भी पहुंची और पूछताछ की।

### भूमि विवाद में अपहरण की कोशिश

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के निमड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक युवक की अपहरण की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित रविकांत कुमार ने चार नामजद समेत एक अज्ञात के खिलाफ थाने में आवेदन दिया है।रविकांत कुमार, पिता गोपाल शर्मा, ने बताया कि 19 मई 2026 की रात करीब 10 बजे वह गांव में महतो के बर्थडे पार्टी से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे निमड़ा निवासी विपीन कुमार उर्फ चंदन कुमार, शंकर कुमार, रोशन कुमार तीनों पिता ब्रजकिशोर सिंह और जहानाबाद के डोंगरा निवासी मोनू कुमार पिता महेश शर्मा ने उसे पकड़ लिया।पीड़ित का आरोप है कि विपीन कुमार ने कनपटी पर पिस्टल सटाकर जबरन चारपहिया वाहन में बैठाने की कोशिश की। गाड़ी में पहले से एक अज्ञात व्यक्ति बैठा था। विरोध करने पर सभी ने मारपीट की। शोर सुनकर ग्रामीण जुटने लगे तो सभी आरोपी छोड़कर गाड़ी समेत फरार हो गए।रविकांत ने बताया कि आरोपियों से पुराना जमीन विवाद चल रहा है। पहले भी मारपीट, धमकी और रंगदारी की मांग की जा चुकी है। आरोपियों ने धमकी दी थी कि रंगदारी नहीं देने पर जान से मार देंगे। पुलिस ने आवेदन के आधार पर विपीन कुमार उर्फ चंदन कुमार 22 वर्ष, शंकर कुमार 30 वर्ष, रोशन कुमार 25 वर्ष, मोनू कुमार 22 वर्ष और एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पैक्स चुनाव: तीन पैक्स अध्यक्ष समेत 23 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन पर्चे

**त्रिकोणीय संघर्ष का क्षेत्र बना भदौरा पैक्स चुनाव**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के भदौरा पैक्स के लिए चुनाव का बिगुल बजते ही एक बार फिर से भदौरा में सरगर्मी बढ़ गई है। आगामी 3 जून को वोटिंग होनी है। ऐसे में बुधवार को नामांकन के पहले दिन तीन अध्यक्ष पद समेत 23 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नागेश्वर शर्मा पिता स्व. चंद्रिका शर्मा, रामदयाल सिंह पिता स्व. रामभगवान सिंह और लक्ष्मण पांडे पिता आदित्य नारायण पांडे समेत 23 कार्यकारिणी सदस्यों ने अपना नामकंन पर्चा दाखिल कराया है।नामकंन कार्य 20 और 21 मई तक होना है जो सुबह 11:00 बजे 3:00 बजे तक होंगे। इसके अलावा संवीक्षा का कार्य 22 और 23 मई को होगा, वहीं प्रतीक आवंटन 26 मई को होना है। एवं मतदान 3 जून को होना है जो सुबह 7:00 से 4:30 तक होगा है। आपको बता दें बता दे की 25 जुलाई 2025 को भदौरा पैक्स में चुनाव हुआ था जिसमें नागेश्वर प्रसाद सिंह और लक्ष्मण पांडे के बीच आमने-सामने की कांटे की टक्कर हुई थी, जिसमें 85 वोट से लक्ष्मण पांडे विजय हुए थे, लेकिन चुनाव होने के बाद महज एक महिने के अंतराल मे छह नवनिर्वाचित सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था,जिसके कारण नवनिर्वाचित हुए पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण पांडे ने प्रबंधन कार्यकारी कि न तो बैठक कर पाये और ना ही इनका प्रबंधन हो पाया, जिसको लेकर पैक्स पूरी तरह से डिजॉल्व हो गया ,जिसको लेकर पैक्स का चुनाव को रद्द कर दिया गया था। ऐसे में एक बार फिर से भदौरा पैक्स की चुनाव की तारीख का बिगुल बज चुका है। फिर से लोगों के बीच सरगर्मी बढ़ गई है। भदौरा पैक्स को लेकर चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं 2672 मतदाता एक बार फिर से अपना मनपसंद उम्मीदवार को चुनेंगे।

## 446 क्विंटल गेहूं, 535 क्विंटल चावल गायब, गोदाम खाली, थाने मे राशन कालाबाजारी की प्राथमिकी दर्ज

**10 हजार किलो अनाज 'हवा', डीलर का गोदाम खाली, पांच बार निरीक्षण में दुकान बंद**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गरीबों के निवाले पर डाका भगवानगंज थाना क्षेत्र के चिथौल गांव में जन वितरण प्रणाली के डीलर के यहां बड़े खाद्यान्न घोटाले का खुलासा हुआ है। जांच में डीलर का गोदाम पूरी तरह खाली मिला, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में 446.66 क्विंटल गेहूं और 535.66 क्विंटल चावल का स्टॉक दिख रहा है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलर के खिलाफ कालाबाजारी की प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बीरेन्द्र कुमार भारती ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर 16 मई 2026 को सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ चिथौल निवासी ढऊ डीलर संजीत कुमार, अनुज्ञप्ति संख्या 36/2016, की दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के वक्त डीलर गायब था और दुकान बंद मिली। फोन करने पर भी डीलर ने कॉल रिसीव नहीं किया। जांच टीम ने पाया कि डीलर के गोदाम में ताला लगा था। खिड़की से झांकने पर अंदर कोई खाद्यान्न नहीं दिखा। जबकि ऑनलाइन पोर्टल पर कुल 446.66 क्विंटल गेहूं और 535.66 क्विंटल चावल का स्टॉक दिख रहा है। मौके पर मौजूद डीलर के चाचा श्यामनंदन प्रसाद ने बताया कि डीलर के पास राशन नहीं है और न ही वह राशन बांट रहा है। एमओ ने बताया कि इससे पहले 09.07.2025, 15.09.2025, 21.02.2026 और 25.03.2026 को भी निरीक्षण किया गया था।

## कुर्की के डर से कोर्ट में हाजिर हुआ फरार आरोपी, महिला पर जानलेवा हमले का है मामला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी कुंदन कुमार ने बुधवार को मसौढ़ी सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कुर्की की कार्रवाई के डर से आरोपी ने कोर्ट के सामने हथियार डाल दिए। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि 2 सितंबर 2025 को अनीता देवी, पति टुन्नू यादव, मीरापुर ने मसौढ़ी थाने में कांड संख्या 712/25 दर्ज कराई थी। अनीता देवी का आरोप है कि कुंदन कुमार समेत चार लोगों ने घर में घुसकर बाल पकड़कर खींचा, अर्धनग्न कर बेरहमी से पिटाई की और लोहे के रॉड से मारकर जख्मी कर दिया।प्राथमिकी के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस लगातार घर पर छापेमारी कर रही थी। कुर्की का इश्तेहार तामिला होने के बाद पुलिस कुर्की की तैयारी में थी। पुलिसिया दबिश और संपत्ति कुर्क होने



के भय से आरोपी कुंदन कुमार, पिता स्व. योगेंद्र यादव, मीरापुर ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले के अन्य फरार आरोपियों के घर पर भी कार्रवाई चल रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# ई-फार्मेसी के खिलाफ केमिस्टों का गुस्सा : मसौढ़ी में 150 दवा दुकानों पर लटके ताले, मरीज परेशान





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बिगुल पर बुधवार को मसौढ़ी में दवा बाजार पूरी तरह ठप रहा। थोक और खुदरा विक्रेताओं ने 24 घंटे का ऐतिहासिक बंद रखकर सरकार को सीधी चुनौती दे दी। मसौढ़ी अनुमंडल की 150 दवा दुकानों के शटर एक साथ गिर गए।दरअसल बिहार केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने हुंकार भरते हुए कहा कि कोरोना काल में शुरू हुई ऑनलाइन दवा बिक्री अब नशीली दवाओं की खुली मंडी बन गई है। ई-फामेर्सी को तुरंत बंद किया जाए। एआई जेनरेट रसीद से युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं। यह समाज के लिए खतरा है। आक्रोशित दुकानदारों ने सवाल उठाया कि जब हम पर ड्रग लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर और इंस्पेक्शन के सख्त नियम हैं, तो ऑनलाइन कंपनियों को खुली छूट क्यों? सरकार या तो उन पर भी वही नियम थोपे या हमें भी राहत दे। दवा कारोबारियों की मांग साफ है। पहला, ई-फामेर्सी पूर्ण रूप से बंद हो। दूसरा, ऑनलाइन और ऑफलाइन विक्रेताओं पर एक समान कानून लागू हो। तीसरा, नशीली दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर सख्त रोक लगे। बंद के बावजूद इमरजेंसी सेवा के लिए चुनिंदा दुकानें खुली रखी गईं ताकि मरीजों को परेशानी न हो। मुकेश कुमार ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने 3 सूत्री मांगों पर जल्द फैसला नहीं लिया तो यह एक दिन का बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल जाएगा। पूरे राज्य के केमिस्ट सड़क पर उतरेंगे।

# धनरूआ में मजदूरों की हड़ताल मनरेगा बहाल करने की मांग

**वीबी ग्रामजी योजना का विरोध**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले के बैनर तले बुधवार को धनरूआ प्रखंड के तेतरी, मधुबन, अंजनी, वीर, देवदहा समेत दलित टोलों में मजदूर हड़ताल दिवस मनाया गया। खेग्रामस नेता वीरेंद्र प्रसाद, जितेंद्र राम, मुखिया प्रतिनिधि दीपक पासवान, बबलू चौधरी, पप्पू चौधरी ने महिला-पुरुष मजदूरों के साथ बैठक कर केंद्र सरकार पर हमला बोला। नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा हटाकर वीबी ग्रामजी योजना लाकर मजदूरों के पेट पर लात मारी है। पहले केंद्र 90% और राज्य 10% मजदूरी देता था, 100 दिन काम की गारंटी थी। अब वीबी ग्रामजी में केंद्र 40% और राज्य 60% देगा, काम की गारंटी भी खत्म कर दी गई। मजदूरों ने 22 मई को पंचायत सरकार भवन या धनरूआ प्रखंड कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति को मांगपत्र भेजने का निर्णय लिया। मांगों में मनरेगा बहाल करना, वीबी ग्रामजी खारिज करना, काम की गारंटी 100 से बढ़ाकर 200 दिन करना और न्यूनतम 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी देना शामिल है।नेताओं ने कहा कि सरकार मजदूर-किसानों की मांग अनसुनी कर महंगाई-बेरोजगारी थोप रही है। पूंजी अडानी-अंबानी के हवाले की जा रही है। बैठक में रूबी देवी, वैजयंती देवी, चिंता देवी, प्रमिला देवी, श्यामा देवी, अशोक मांझी समेत सैकड़ों मजदूर शामिल हुए।

### ऑनलाइन दवा खरीद के खिलाफ दवा व्यवसायियों ने खोला मोर्चा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को बाढ़ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स्ट एसोसिएशन के आह्वान पर दवा दुकानदारों ने ऑन लाइन दवा की बिक्री और नकली दवाओं के खिलाफ हड़ताल की। इस अवसर सभी दवा दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें बंद रखी। बाढ़ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बुधवार लगभग 12 बजे बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स्ट के अध्यक्ष जे एस शिंदे, बिहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह के आह्वान पर अपनी मांगो के मद्देनजर हड़ताल किया गया है। उन्होंने बताया कि आमलोगों को परेशानी न हो इसलिए पहले ही हड़ताल के बारे आगाह किया गया था ताकि वे जरूरी दवाईयां पहले खरीद कर रख लें। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो यह आंदोलन का रूप लेगा।

**बाढ़ स्टेशन पर हाई वोल्टेज ड्रामा**

## दूसरी शादी करने पर पहली पत्नी ने दूल्हे की सरेआम कर दी पिटाई

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन परिसर मंगलवार की सुबह उस वक्त रणक्षेत्र में बदल गया, जब एक युवक की दूसरी शादी का राज खुलते ही पहली पत्नी ने उसे सरेआम पकड़ लिया। स्टेशन के पुराने टिकट काउंटर के पास करीब एक घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ जुट गई। बताया जाता है कि नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र निवासी सोनू ने करीब 14 साल पहले सकसोहरा थाना क्षेत्र के भागाबीघा गांव में शादी की थी। इस शादी से उसकी एक 12 साल की बेटी भी है। लेकिन पारिवारिक विवाद के बाद उसने पत्नी और परिवार को छोड़ दिया। आरोप है कि सोनू ने खुद को कुंवारा बताकर दो दिन पहले वट सावित्री पूजा के दिन एनटीपीसी थाना क्षेत्र के रैली गांव की एक महिला से दूसरी शादी रचा ली। हैरानी की बात यह है कि दूसरी पत्नी को भी पहले से एक बच्चा है। मंगलवार को जब सोनू दूसरी पत्नी के साथ बाढ़ स्टेशन के पास घूम रहा था, तभी एक ई-रिक्शा चालक ने इसकी सूचना पहली पत्नी के परिजनों को दे दी। इसके बाद गुस्साए परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी। गुस्से का आलम ऐसा था कि महिला और पुरुषों ने मिलकर युवक की सरेआम पिटाई की और फिर कॉलर पकड़कर उसे ई-रिक्शा पर बैठाकर सकसोहरा थाना क्षेत्र की ओर ले गए। इस दौरान मौके का फायदा उठाकर दूसरी पत्नी वहां से फरार हो गई।सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि करीब एक घंटे तक चले इस पूरे ड्रामे के दौरान न तो स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और न ही रेल पुलिस या आरपीएफ के जवान नजर आए। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी सोनू इलाके का कुख्यात नशेड़ी बताया जा रहा है, जिसने अपनी पहली शादी छिपाकर दूसरी शादी की, जिसके कारण यह बवाल खड़ा हुआ।

## मसौढ़ी में सहयोग शिविर : दो पंचायतों में 221 आवेदन, 169 का ऑन स्पॉट समाधान, स्वास्थ्य विभाग के 125 केस पेंडिंग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के दो पंचायतों में लगे सहयोग शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ी। आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगाए गए शिविर में कुल 221 आवेदन आए, जिनमें से 169 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। 52 मामले अभी लंबित हैं। बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि शिविर में 19 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। हर विभाग से जुड़ी समस्याओं के लिए लोगों ने आवेदन दिए। कृषि विभाग में 24 आवेदन मिले, 8 का निष्पादन हुआ। ऊर्जा विभाग में 2, खाद्य आपूर्ति में 1, श्रम संसाधन एवं प्रवासी मजदूर में 2, पंचायती राज में 1, राजस्व एवं भूमि सुधार में 20, ग्रामीण विकास में 26, समाज कल्याण में 18 और अन्य में 2 आवेदन आए। इन सभी का निष्पादन मौके पर कर दिया गया।सबसे ज्यादा 125 आवेदन स्वास्थ्य विभाग से जुड़े आए, लेकिन एक भी आवेदन का निष्पादन नहीं हो सका। सभी 125 मामले अभी लंबित हैं। बीडीओ प्रभाकर कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर का मकसद आमजन को एक छत के नीचे सभी सरकारी सेवाओं का लाभ देना है। 169 मामलों का ऑन स्पॉट समाधान बड़ी उपलब्धि है। स्वास्थ्य विभाग के 125 लंबित मामलों का भी जल्द निष्पादन कर दिया जाएगा ताकि लोगों को शिविर का पूरा फायदा मिल सके।

### जातिसूचक गाली देने का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कोडिहरा गांव में एक दलित महिला के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई दरअसल कोडिहरा निवासी आरती देवी, उम्र 28 वर्ष, पति राकेश पासवान ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 19 मई 2026 की शाम करीब 6:30 बजे वह अपने मकान में मिट्टी भरने के लिए उठाने गई थी। इसी दौरान गांव के ही सनोज यादव उर्फ कैलू पिता बेमलाल यादव, सुनैना देवी पति सनोज यादव एवं बेमलाल यादव पिता स्व.पदारथ यादव ने उसे रोक दिया।

## मसौढ़ी में बेटे ने मां को पीटकर किया लहूलुहान, घर से बेदखल करने का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोजपुर मसौढ़ी के सोनकुकरा गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बंटवारे के बाद 70 वर्षीय मां को कमरा नहीं देने पर बेटे ने नशे की हालत में लोहे की रॉड से पीटकर मां का सिर फोड़ दिया। बीच-बचाव करने आए पिता को भी नहीं बख्शा। सोनकुकरा निवासी उर्मिला देवी (70वर्ष) पति हीरा रविदास ने मसौढ़ी थाने में आवेदन दिया है। उर्मिला देवी के तीन बेटे हैं। बंटवारे में तय हुआ था कि तीनों बेटे अपने हिस्से से मां को एक-एक कमरा रहने को देंगे। आरोप है कि समय बीतने के बाद अब तीनों बेटे मिलकर न तो कमरा दे रहे हैं और न ही घर में रहने दे रहे हैं। आए दिन झगड़ा करते हैं।उर्मिला देवी ने बताया कि 19 मई की रात करीब 9:30 बजे वह छत पर खाना खाकर सो रही थी। तभी बेटा रविरंजन रविदास, उम्र करीब 28 वर्ष, शराब के नशे में आया और पत्नी सविता देवी, उम्र करीब 25 वर्ष, के उकसाने पर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर रविरंजन ने लोहे की रॉड से सिर पर वार कर दिया। सिर फट गया और पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं।शोर सुनकर बचाने आए पति हीरा रविदास के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। चोट और खून बहने से उर्मिला देवी बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। ग्रामीणों ने उन्हें गांव में ही इलाज कराया।

# नुरचक में रवींद्र कुंवर की श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन**



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के नुरचक निवासी भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता स्वर्गीय रविन्द्र कुँवर के निधन के उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक-संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लवकुश कुमार ने की, जबकि संचालन विधानसभा संयोजक नारायण कुमार ने किया। अंत में भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, पूर्व प्रत्याशी सुनील यादव (लोजपा), विधानसभा प्रभारी निकेश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंडल अध्यक्ष साही जी, उत्तम कुमार, सिंधु कुमार, दीपक कुशवाहा, रविकांत शर्मा, सतीश शर्मा, सूर्यदेव सिंह, मिथिलेश वर्मा, मो. साहिद, लंकेश सिंह, तेजनारायण शर्मा, जयराम प्रसाद, मुन्ना शर्मा, रविशंकर, माया जी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभा में वक्ताओं ने स्व. कुँवर के संगठन के प्रति समर्पण, उनके मिलनसार व्यक्तित्व और सक्रिय भूमिका को याद करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद नौसेना अधिकारी का पार्थिव शरीर बरहपुर पहुंचा, गांव में पसरा मातम

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव में बुधवार को शोक की लहर दौड़ गई, जब शहीद नेवी अधिकारी रिंकू कुमार



का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा। शहीद पीटी ऑफिसर के पद पर दिल्ली में तैनात रिंकू कुमार का किडनी ट्रांसप्लांट होना था। इलाज के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होने से उनका निधन हो गया। बुधवार को नौसेना के अधिकारियों की मौजूदगी में उनका पार्थिव शरीर बरहपुर लाया गया। नौसेना के जवानों ने पूरे सैन्य विधि-विधान और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न कराया।पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर सम्मान दिया गया।शहीद के 13 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार ने नम आंखों से पिता को मुखाग्नि दी।जैसे ही शव गांव पहुंचा, पूरा बरहपुर गमगीन हो गया। हर आंख नम थी। ग्रामीणों ने कहा कि रिंकू कुमार गांव का गौरव थे। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। रिंकू कुमार भारतीय नौसेना में पीटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में दिल्ली में पोस्टेड थे। किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे और ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया चल रही थी।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना पुलिस ने नवनिर्मित भारतमाला सड़क स्थित टोल प्लाजा के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की अपाचे बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान काले रंग की अपाचे बाइक (बीआर 07- एई 4795) को रोका गया। कागजात मांगने पर बाइक सवार युवक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद एच.एच.डी मशीन से जांच में बाइक सीतामढ़ी जिले के सुरसंड निवासी मो. तनवीर खान के नाम से पंजीकृत पाई गई। बाइक मालिक से संपर्क करने पर उसने बताया कि उसका एक दोस्त बाइक लेकर नेपाल गया था, जहां बाइक चोरी हो गई थी। इस संबंध में नेपाल के जलेश्वर में मेरे दोस्त रंजीत कुमार के द्वारा सनहा भी दर्ज कराया गया था। इधर पुलिस पूछताछ में युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान शिवहर जिले के पिपराही थाना क्षेत्र के नयागांव महुआवा निवासी जितेंद्र पासवान के 26 वर्षीय पुत्र नवलेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### तपसी परसौना में भव्य महाविष्णु यज्ञ कलश यात्रा, हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तपसी परसौना में मंगलवार को महाविष्णु यज्ञ सह कलश यात्रा का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के माहौल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव ने आचार्य सत्येंद्र बाबा सहित अन्य गणमान्य लोगों के साथ संयुक्त रूप से



किया। इस अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में महिलाएं एवं युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं। श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। कलश यात्रा में घोड़ा, हाथी, बैंड-बाजा एवं धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में बृज किशोर यादव, मनु गिरी, धर्मेंद्र सिंह, मंजू साह, मोहम्मद गुड्डू, अवधेश गिरी, बाबू नंद सिंह, सुनील यादव एवं सर्व देव यादव समेत पंचायत के विभिन्न समुदायों के हजारों लोग मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच कलश यात्रा निकाली। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महाविष्णु यज्ञ के दौरान कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### जिलाधिकारी, जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश ने किया ऑब्जरवेशन होम का निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ने संयुक्त रूप से जिले के ऑब्जर्वेशन होम का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पपर्यवेक्षण गृह में निवासरत बच्चों की समग्र स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने वहाँ उपलब्ध शैक्षणिक व्यवस्था एवं शिक्षा सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। यह दृष्टिकोण रेखांकित करते हुए कि समाज के विरुद्ध अपराधों से जुड़े इन बच्चों को दंड की नहीं, बल्कि पुनर्वास और स्नेह



की आवश्यकता है, तीनों अधिकारियों ने बच्चों से सीधे संवाद किया। अधिकारियों ने वहाँ तैनात मनोवैज्ञानिक से भी भेंट कर बच्चों की मानसिक एवं भावनात्मक स्थिति के संबंध में विस्तृत चर्चा की। रसोई का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। इसके साथ ही पर्यवेक्षण गृह में स्थापित न्यायालय कक्ष एवं कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया और वहाँ की प्रक्रियागत व्यवस्थाओं एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा की गई ।

# रक्सौल में थमी दवा की रफ्तार, राष्ट्रव्यापी बंदी का व्यापक असर

**दवा दुकानों के बंद रहने से मरीजों को हुई परेशानी, व्यवसायियों ने जताई एकजुटता**



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के राष्ट्रव्यापी आह्वान का असर गुरुवार को सीमावर्ती शहर रक्सौल में साफ तौर पर देखने को मिला। शहर की लगभग सभी दवा दुकानें बंद रहीं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यापक प्रभाव पड़ा और जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। सुबह से ही शहर के प्रमुख दवा बाजारों और मेडिकल हॉलों के शटर बंद नजर आए। दवा मंडियों में सामान्य दिनों की तुलना में पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। बंदी को सफल बनाने के लिए दवा व्यवसायियों ने एकजुटता दिखाते हुए नागा रोड स्थित जिला परिषद कैंपस में जुटकर पूरे अभियान की निगरानी की। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह बंदी दवा व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं सरकार की कुछ नीतियों के विरोध में सांकेतिक रूप से आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों के हितों की रक्षा को लेकर संगठन लगातार संघर्षरत है और इसी कड़ी में राष्ट्रव्यापी बंद का निर्णय लिया गया। बंदी कार्यक्रम का नेतृत्व रक्सौल इकाई के अध्यक्ष सिकन्दर प्रसाद, सचिव अरविन्द कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, उपाध्यक्ष अशोक कुमार एवं संगठन सचिव अंजय कुमार ने किया। वहीं अभियान को सफल बनाने में कार्यकारिणी सदस्य विजय गुप्ता, मनोज प्रसाद, प्रदीप पाण्डेय, अमित कुमार, भूपेंद्र कुमार, चन्देश्वर जी, मुन्ना जी, एमडी रईस, शेषनाथ जी, अभिमन्यु जी और संतोष जी समेत बड़ी संख्या में दवा व्यवसायी सक्रिय रहे। दवा दुकानों के बंद रहने से दिनभर मरीजों और उनके परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हालांकि संघ के पदाधिकारियों ने बंदी को शांतिपूर्ण बताते हुए रक्सौल के सभी दवा व्यवसायियों का सहयोग के लिए आभार जताया।

## मोकामा में बंद रहीं सभी दवा दुकानें, एक दिवसीय हड़ताल से मरीज परेशान



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को मोकामा प्रखंड की सभी दवा दुकानें एक दिन के लिए पूरी तरह बंद रहीं। हड़ताल के कारण मरीजों और उनके परिजनों को जरूरी दवाओं के लिए भटकना पड़ा।केमिस्ट एसोसिएशन ने सरकार के सामने कई मांगें रखी हैं।जैसे ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक,बिना डॉक्टर की पर्ची के ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से मरीजों की सेहत को खतरा और लोकल केमिस्ट के रोजगार पर असर।साथ ही बड़ी कंपनियों द्वारा 20-30% तक के भारी डिस्काउंट से छोटे दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। और दवा नीति में सुधार, लाइसेंस प्रक्रिया सरल करना और नकली दवाओं पर सख्त कार्रवाई। मोकामा बाजार, मोर, हाथीदह, घोसवरी और ग्रामीण इलाकों की करीब 80+ रिटेल दवा दुकानों के शटर गिरे रहे।

## दिल्ली से आ रहे कंटेनर से 8998 बोतल विदेशी शराब जब्त

**2645 लीटर का जखीरा, राजस्थान का तस्कर गिरफ्तार**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में शराबबंदी के बीच तस्करों के मंसूबों पर धनरूआ पुलिस ने पानी फेर दिया। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दिल्ली से आ रहे एक कंटेनर से विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। कंटेनर में बक्सों में छुपाकर रखी 8998 बोतल शराब जब्त की गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान सूचना मिली कि दिल्ली से एक कंटेनर में भारी मात्रा में शराब लाई जा रही है। पुलिस ने घेराबंदी कर कंटेनर को रोका और तलाशी ली। अंदर बड़े-बड़े बक्सों में शराब छुपाकर रखी गई थी।जब्त शराब में 180 एमएल की 7199 बोतल और 370 एमएल की 1799 बोतल शामिल हैं। कुल 2645 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई है। तस्कर इसे गंतव्य स्थान पर डिलीवरी करने ले जा रहा था। मौके से कंटेनर चालक गणेश चौधरी, निवासी अजमेर, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्तार तस्कर से सख्ती से पूछताछ कर रही है कि शराब की यह खेप कहां पहुंचाई जानी थी और इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल है।शराबबंदी को सफल बनाने के लिए पुलिस लगातार चौकस है। गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई। तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## हत्या मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हत्या प्रयास मामले के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में अथमलगोला थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदा में छापेमारी कर हत्या के प्रयास में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अथमलगोला थाना कांड संख्या 280/17 अंकित किया गया था। उन्होंने बताया कि अवैध शराब सहित पूर्व के मामले में फरार चल रहे आरोपियों पर पुलिस की पैनी नजर है। इसी कड़ी में चंदा निवासी तीनों आरोपी बिट्टू कुमार, संजय सिंह और रमाशंकर सिंह को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया गया है।

## कृषि अनुसंधान परिसर मणिछपरा गांव में संतुलित उर्वरक उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा दिनांक 20 मई, 2026 को पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत मणिछपरा गाँव में किसानों के लिए जागरूकता एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, हरी खाद, जैविक संसाधनों एवं मिट्टी स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था, ताकि कम लागत एवं पर्यावरण-अनुकूल खेती को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि रासायनिक उर्वरकों का असंतुलित एवं अत्यधिक उपयोग मिट्टी की उर्वरता एवं जैविक गुणवत्ता को प्रभावित करता है। इसलिए किसानों को मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी गई। जागरूकता अभियान के दौरान हरी खाद के महत्व एवं उसके सही प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि ढैंचा जैसी हरी खाद फसलों को उचित अवस्था में मिट्टी में मिलाने से भूमि में जैविक पदार्थ एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे मिट्टी अधिक उपजाऊ बनती है। इसके साथ ही गोबर की खाद के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं पोषक तत्वों की हानि रोकने के उपायों की भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने किसानों को कम्पोस्ट तैयार करने की विभिन्न विधियों के बारे में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. गौस अली एवं तकनीकी कर्मी श्री रवि कुमार मीणा ने किसानों को वैज्ञानिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

## विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा के तहत मोकामा रेलवे स्टेशन पर चला स्वच्छता अभियान



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा के अवसर पर मंगलवार को मोकामा रेलवे स्टेशन परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान का नेतृत्व स्टेशन प्रबंधक श्री हरिशंकर कुमार ने किया। इस दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश झा, स्टेशन मास्टर किसलय कौशल, विद्युत कर्षण विभाग से राजेश कुमार एवं अमीत कुमार, रेल पथ विभाग से कन्हैया कुमार, उमेश कुमार, शशिभूषण शर्मा, पोर्टर शिवकुमार, रंजीत कुमार सहित कई संविदा कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान किया।सभी प्रतिभागियों ने मिलकर प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, ट्रैक किनारे व स्टेशन परिसर में साफ-सफाई की। कचरा उठाया गया, नालियों की सफाई की गई और यात्रियों को डस्टबिन के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया।अधिकारियों व कर्मचारियों ने यात्रियों से संवाद कर उन्हें स्वच्छता बनाए रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की अपील की। नुक्कड़ बातचीत के जरिए यात्रियों को बताया गया कि स्वच्छ स्टेशन ही स्वस्थ यात्रा की पहली शर्त है।स्टेशन प्रबंधक हरिशंकर कुमार ने कहा, पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है। रेलवे स्टेशन पर आने वाले हजारों यात्री अगर स्वच्छता का संकल्प लें तो बड़ा बदलाव संभव है।मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश झा ने बताया कि पर्यावरण दिवस पखवाड़ा के तहत आगे भी स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे।

## जनगणना कार्य में तेजी लाने को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी भवन के सभागार में बुधवार को बीडीओ डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में जनगणना कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकों एवं कर्मियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि जनगणना कार्य में पारदर्शिता बनाए रखते हुए इसमें तेजी लाएं। सभी पर्यवेक्षक निर्धारित समय सीमा से पूर्व कार्य पूर्ण करने का प्रयास करें ताकि बचे हुए अवधि में उसकी समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार या मकान का विवरण छूटना नहीं चाहिए। बीईओ सरोज कुमार सिंह ने जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए कहा कि सभी प्रगणक बचे हुए मकानों और परिवारों का सही क्रमांकन कर उसे ऐप पर दर्ज कर कार्य को जल्द पूर्ण करें। वही उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्रगणकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। इसके साथ ही पर्यवेक्षकों को प्रगणक के कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान पर्यवेक्षकों ने प्रगणकों द्वारा बॉल पेन से तैयार किये गए नजरी नक्शा जमा कराए। इसके अलावा जिनका कार्य पूर्ण हो चुका है वैसे पर्यवेक्षक एवं प्रगणक से एक भी मकान छूटे नहीं, इस बात को लेकर अविलंब शपथ पत्र जमा करने को कहा गया है। मौके पर मुकेश कुमार यादव, कार्तिक कुमार, अशोक कुमार पटेल एवं रंजीत कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## डीएम ने दिया तीन छात्रों को एक माह की सफल इंटर्नशिप का प्रमाण पत्र

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के डिपार्मेंट आफ मीडिया स्टडीज के तीन छात्रों- सुश्री अपर्णा शर्मा, वीरोनिता राय एवं काजल कुमारी ने जिला जनसंपर्क कार्यालय पूर्वी चंपारण मोतिहारी में एक माह का इंटर्नशिप सफलतापूर्वक प्राप्त किया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आज इन छात्रों को इंटर्नशिप पूर्ण करने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश भी उपस्थित रहे।



### विलेन इमर्शन ड्राइव्स, ए विलेज कॉन्ट्रैक्ट एक्टिविटी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत क्षेत्रीय स्तर पर 'विलेज इमर्शन ड्राइव्स-ए विलेज कॉन्टैक्ट एक्टिविटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबंधित प्रखंड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत दरमहा के रामगढ़वा टोला एवं केसरिया प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी सरोतर गांव में ट्रांसेक्ट वॉक आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक परिस्थितियों का अवलोकन किया गया एवं कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, अधिकारों एवं सुविधाओं के संबंध में जागरूक किया गया तथा दिनांक 23.05.26 को आयोजित 'जन सुनवाई' कार्यक्रम की तिथि घोषित करते हुए अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

## हिलसा से उठी आंदोलन की चिंगारी: एस.यू. कॉलेज के शिक्षकेत्तर कर्मी भी उतरे मैदान में

**'कर्मचारी एकता जिंदाबाद' के नारों से गूंजा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र**

**दनियावां, पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर अब पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र के अंगीभूत इकाई एस.यू. कॉलेज, हिलसा के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। 'कर्मचारी एकता जिंदाबाद' लिखे लाल बैनर तले कर्मचारियों ने 15 सूत्री मांगों को लेकर संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है।

**1955 से सेवा दे रहा कॉलेज, कर्मचारी आज भी उपेक्षित**

1955 में स्थापित एस.यू. कॉलेज, हिलसा के शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के बैनर पर साफ लिखा है - 'अंगीभूत इकाईः पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय'। मगर विडंबना यह है कि 70 साल पुराने इस कॉलेज के कर्मचारी आज भी बुनियादी हक के लिए तरस रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद न तो निर्धारित वेतनमान मिल रहा है, न ही 65 वर्ष सेवानिवृत्ति उम्र का लाभ।

**हिलसा से पटना तक जाएगा आंदोलन**

कर्मचारियों ने ऐलान किया है कि महासंघ द्वारा जारी 15 सूत्री माँग-पत्र को लागू कराने के लिए अब हिलसा से आंदोलन की शुरूआत होगी। प्रमुख मांगें -4600 ग्रेड-पे, पुरानी पेंशन योजना, 2006 से बकाया भुगतान और मानदेय कर्मियों का नियमितीकरण-नहीं मानी गईं तो पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय मुख्यालय पटना का घेराव किया जाएगा।



**हलधर बलराम की तपोभूमि हिलसा अब कर्मचारी आंदोलन की भूमि बनेगी। माँ काली के धाम से अन्याय के खिलाफ शंखनाद हो चुका है : डॉ. राजीव नयन,अध्यक्ष, कर्मचारी महासंघ, एस यू कॉलेज, हिलसा।**

**'तदर्थवाद बंद करो' का नारा**

एस.यू. कॉलेज इकाई ने आरोप लगाया कि कॉलेज और विश्वविद्यालय में कुलसचिव से लेकर लिपिक तक के पदों पर तदर्थ नियुक्ति कर कर्मचारियों का हक मारा जा रहा है। "स्थाई नियुक्ति करो, सिनेट-सिंडिकेट में प्रतिनिधित्व दो" की मांग को लेकर कर्मी लामबंद हो रहे हैं।

**महासंघ के साथ कदमताल**

अध्यक्ष वेंकटेश कुमार और महामंत्री रोहित कुमार,प्रभाग मंत्री दीपक कुमार,अध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद,उपाध्यक्ष मंगल मूर्ति,भोला सिंह,संजीव कुमार,रोनित रॉय,जलेन्द्र कुमार,शैलेश कुमार,कुमार पवन,आलोक कुमार सिंह,स्थानीय संरक्षक अरुण प्रसाद,वजरंगी लाल वर्मा,प्रदीप कुमार,गुड्डू कुमार, मो. वसीम,सुनीति देवी व सैकड़ों अन्य के नेतृत्व में चल रहे राज्यव्यापी आंदोलन को अब हिलसा इकाई का भी पूरा समर्थन मिल गया है। इस ऐतिहासिक कॉलेज से उठी आवाज अब पूरे नालंदा व बिहार में गूंजेगी।

## मोतिहारी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में स्टार्टअप्स के लिए लीगल एंड कंप्लायंस क्लिनिक्स कार्यशाला का आयोजन





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के उद्यमिता प्रकोष्ठ और उद्योग विभाग, बिहार सरकार के स्टार्टअप बिहार कार्यक्रम के संयुक्त तत्वाधान में 20 मई 2026 को कॉलेज परिसर के नए प्रशासनिक भवन में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. नवीन कुमार, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शुभम कुमार, स्टार्ट-अप सेल प्रबंधक डॉ. रवि कुमार और नवीन कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। लीगल एंड कंप्लायंस क्लिनिक्स विषय पर आधारित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के छात्रों और संकाय सदस्यों को स्टार्टअप्स एवं नवाचार से जुड़े जरूरी कानूनी व प्रशासनिक नियमों के प्रति जागरूक करना था। सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक चले इस व्यावहारिक सत्र में विषय विशेषज्ञों द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार के जरिए नए विचारों को सुरक्षित करने, स्टार्टअप्स के लिए अनिवार्य जीएसटी और टैक्स कंप्लायंस को समझने, कंपनी निगमन की प्रक्रिया व उसके फायदों और व्यावसायिक अनुबंधों की बारीकियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कॉलेज के ई-सेल द्वारा आयोजित इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम ने युवाओं को विशेषज्ञों से सीधे जुड़ने और अपने बिजनेस आइडिया को मजबूत कानूनी आधार देने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। अधिक जानकारी के लिए कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल नंबर 91 91226 72711 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नियम विरुद्ध वाहनों का संचालन करने पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी सुनन्दा कुमारी की अध्यक्षता में औरंगाबाद जिलान्तर्गत सभी बस मालिकों एवं परिवहन संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य रामाबाँध बस स्टैण्ड एवं उसके आसपास उत्पन्न हो रही यातायात जाम की समस्या के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। बैठक में विशेष रूप से यह चर्चा की गई कि रामाबाँध बस स्टैण्ड के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ-139 (एनएच-139) पर अनावश्यक रूप से बसों के खड़े रहने तथा सड़क पर ही सवारी चढ़ाने एवं उतारने के कारण आमजन को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सभी बस मालिकों एवं संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी बसों का परिचालन केवल निर्धारित बस स्टैण्ड से ही किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी चढ़ाने-उतारने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही रामाबाँध बस स्टैण्ड के निकट एनएच-139 पर बस अथवा अन्य व्यावसायिक वाहनों को खड़ा नहीं करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि बस स्टैण्ड परिसर में लंबे समय से बिना परिचालन के खड़े वाहनों को अविलंब हटाया जाए, ताकि बस स्टैण्ड परिसर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे एवं यात्रियों को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी बस संचालकों से प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की तथा कहा कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### जनजातीय समुदायों की समस्या समाधान को लेकर प्रशासन गंभीर

**औरंगाबाद**। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान के अंतर्गत औरंगाबाद जिला के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत ग्राम घेउरा एवं देव प्रखंड अंतर्गत ग्राम छुछिया में "विलेज इमर्शन ड्राइव – एक ग्राम संपर्क गतिविधि" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मियों द्वारा गांवों में ट्रांसेक्ट वॉक कर ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया गया तथा ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, सामाजिक सुरक्षा एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही ग्रामीणों को आगामी जनसुनवाई कार्यक्रम की तिथि एवं उद्देश्य की जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि जनजातीय समुदायों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके।

# पशु क्रूरता और तस्करी मामले में फरार चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पशु क्रूरता और तस्करी मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के सोनारखाप गांव निवासी सीताराम पासवान के पुत्र दीपक कुमार पासवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से ही पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। पुलिस को उसके छिपे होने की सटीक सूचना मिली जिसके बाद विशेष टीम ने छापेमारी कर उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी कर ली है। थानाध्यक्ष के अनुसार पुलिस केवल इस गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। इस मामले से जुड़े अन्य सफ़ेदपोशों और पशु तस्करी के पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क को खंगालने के लिए गहन जांच शुरू कर दी गई है। बहुत जल्द इस धंधे से जुड़े अन्य चेहरों को भी बेनकाब किया जाएगा। इस गिरफ्तारी के बाद बिहार-झारखंड की सीमा पर स्थित संडा में संचालित हो रहे पशु मेले पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमावर्ती इलाका होने के कारण इस मेले की आड़ में बड़े पैमाने पर पशुओं की तस्करी और उनके साथ क्रूरता की जाती है। प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मेले की गतिविधियों पर कड़ा अंकुश लगाया जाए ताकि अवैध पशु तस्करी को पूरी तरह रोका जा सके।

# रफीगंज पुलिस ने दो लापता बच्चियों को सकुशल बरामद किया

**रफीगंज, औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रफीगंज पुलिस ने दो लापता नाबालिग बच्चियों को सकुशल बरामद कर थाना लाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शम्भु कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि काजीचक गांव एवं भादवा गांव से लापता हुई बच्चियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। भादवा गांव से लापता 13 वर्षीय बच्ची के मामले में उसके पिता के द्वारा रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दर्ज कांड संख्या 176/26 के तहत कार्रवाई करते हुए रफीगंज थाना के एसआई बिनोद कुमार ने बच्ची को भादवा क्षेत्र से सकुशल बरामद किया। वहीं काजीचक गांव निवासी 14 वर्षीय पुत्री के लापता होने के मामले में कांड संख्या 171/26 दर्ज किया गया था। इस मामले में भी एसआई बिनोद कुमार द्वारा कार्रवाई करते हुए बच्ची को काजीचक गांव से बरामद किया गया। पुलिस द्वारा दोनों मामलों में आगे की आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# रोजगार के अवसर भी मिलेंगे तथा क्षेत्र में छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के अब्दुलपुर मोहल्ले में सोमवार को गुनगुन इंटरप्राइजेज का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू यादव, संचालक छोटू यादव, भोरिक यादव एवं प्रयाग यादव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर संस्थान का उद्घाटन किया तथा व्यवसाय की सफलता की कामना की। इस अवसर पर संचालक छोटू यादव ने बताया कि गुनगुन इंटरप्राइजेज में कटोरी, प्लेट, गिलास सहित विभिन्न प्रकार के उपयोगी सामानों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस उद्योग के शुरू होने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे तथा क्षेत्र में छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में मनोज यादव, रवि कुमार, संटू कुमार, राजेंद्र चौधरी, रामानंद यादव एवं राजद नेता सह समाजसेवी संतोष कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा तथा अतिथियों का स्वागत गर्मजोशी के साथ किया गया।



# प्रशासन की कार्रवाई में 109 पशु बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। पशु तस्करी एवं अवैध बूचड़खानों के विरुद्ध जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष के निर्देशानुसार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं सदर एसडीपीओ के संयुक्त नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान औरंगाबाद नगर क्षेत्र के कुरैशी मोहल्ला, वार्ड संख्या-10 में छापेमारी कर अवैध रूप से रखे गए कुल 109 पशुओं को जब्त किया गया। जब्त किए गए सभी पशुओं को सुरक्षित रूप से मुक्त कराते हुए विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत गौशालाओं में भेजा जा रहा है। संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई, ताकि अभियान से संबंधित प्रत्येक गतिविधि का अभिलेखीकरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त कुरैशी मोहल्ला एवं आसपास के अन्य क्षेत्रों का ड्रोन सर्वेक्षण भी कराया गया, जिससे अवैध पशु व्यापार एवं जमाखोरी से जुड़े गतिविधियों की पहचान की जा सके। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पशु तस्करी, अवैध भंडारण एवं बूचड़खानों के संचालन में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पशुओं के बचाव एवं जब्ती का यह अभियान लगभग पांच घंटे तक लगातार संचालित किया गया। अभियान में नगर परिषद, औरंगाबाद के अधिकारियों सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं अन्य संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने जिले में पशुओं के अवैध व्यापार, तस्करी एवं अवैध बूचड़खानों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



# आठ वर्षीय शिवम चार साल बाद सकुशल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा से वर्ष 2022 में रहस्यमय तरीके से लापता हुए 8 वर्षीय शिवम पांडेय को पुलिस ने चार साल बाद सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। बेटे की वापसी से परिवार में खुशी और भावुकता का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, ओबरा निवासी अनूप पांडेय का पुत्र शिवम वट सावित्री पूजा के दिन वर्ष 2022 में ओबरा देवी मंदिर से अचानक लापता हो गया था। काफी खोजबीन और प्रयासों के बावजूद चार वर्षों तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। धीरे-धीरे परिजनों की उम्मीद भी टूटने लगी थी।

इसी बीच 16 मई 2026 को ओबरा देवी मंदिर से अपहृत हुए आदविक परासर मामले की जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली। आदविक की बरामदगी के दौरान पुलिस ने दो अन्य बच्चों को भी सुरक्षित पाया। जांच में खुलासा हुआ कि उनमें से एक बच्चा शिवम पांडेय है, जो चार साल पहले इसी मंदिर परिसर से गायब हुआ था।

बताया गया कि बच्चा चोर गिरोह ने शिवम को गया में रखा हुआ था। मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव के निर्देश पर दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने आदविक अपहरण कांड का उद्भेदन करते हुए गया के खरखुरा रोड इलाके में छापेमारी की। इस दौरान रंजू देवी नामक महिला को गिरफ्तार किया गया और शिवम समेत तीन बच्चों को बरामद किया गया।

डीएनए वेरिफिकेशन और परिजनों की पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 20 मई 2026 को शिवम को उसके परिवार को सौंप दिया गया। चार साल बाद बेटे को सामने देखकर परिजन भावुक हो उठे। पिता अनूप पांडेय ने कहा कि उन्हें पुलिस पर भरोसा था और आदविक अपहरण केस की जांच की वजह से उनका बेटा वापस मिल सका।

# दो पक्षों के बीच मारपीट में 10 लोग ज़ख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई, जिसमें दोनों पक्षों से करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला फेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत करसांव पंचायत के रूपखाप गांव की है। सूचना पर पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले में दोनों पक्षों से छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया।

# युवाओं को रोजगार देने की बड़ी तैयारी

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड महाविद्यालय में बुधवार को सुरेश सिंह, संयुक्त निदेशक युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग पटना की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना से संबंधित जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में आए सभी शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को ज्यादा से ज्यादा छात्र एवं छात्रों को लाभ पहुंचाने हेतु निर्देश दिए गए। इस योजना के तहत योग्यता के अनुसार सभी छात्राओं को कम से कम तीन महीना और ज्यादा से ज्यादा तीन साल तक इस योजना का लाभ दिया जा सकता है। सोनू जायसवाल जिला नियोजन पदाधिकारी औरंगाबाद, आशीष कुमार सहायक निदेशक युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग, राजेश कुमार बिहार कौशल विकास मिशन प्रबंधक, चंदन राय टीम लीडर जिला के विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि, विभिन्न कालेज, आई.टी.आई, पॉलिटेक्निक व इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रतिनिधि के साथ अन्य शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। अमित कुमार प्राचार्य भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बी एड कालेज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। रंजीत कुमार जिला नियोजनालय कार्यालय, चंदन कुमार जिला कौशल प्रबंधन एवं औरंगाबाद जिला के सभी कुशल युवा केंद्र के निर्देशक उपस्थित रहे। मंच का संचालन संजय कुमार जिला कौशल प्रबंधन के द्वारा किया गया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ऑनलाइन बिक्री के विरोध में दवा दुकानें बंद

**मदनपुर/नबिटा संवाददाता**। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में करीब 100 से अधिक दवा दुकानें ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ हड़ताल पर बंद हैं जिससे मरीजों को दवा नहीं मिलने से हल्कान हो रहे हैं। केवल केन्द्र सरकार प्रायोजित जन औषधि दवा उपलब्ध है और दुकान खुलें हुए हैं। मरिजों को चिकित्सक द्वारा इलाज किया तो जा रहा है पर चिकित्सक द्वारा लिखें गए जरुरत की दवाईयां दुकानें बंद रहने से नहीं मिल रही है। सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सरकारी स्तर उपलब्ध दवाईयां जीवन रक्षक दवाइयां मरीजों को मिल रहे हैं जबकि अन्य निजी अस्पतालों में भी मरीजों का इलाज हो रहें हैं। मेडिकल दुकानदार ज्ञानदत्त पाण्डेय ने बताया कि बड़े बड़े कंपनियां अपने दवा की बिक्री आनलाइन करते हैं जिसका प्रभाव मेडिकल दुकानदारों पर पड़ रहा है। ऑनलाइन दवा की गुणवत्ता अच्छी है कि नहीं इसकी जांच तो होती नहीं है। थोड़ी सस्ता दवाईयां मिलती है जिसके वजह से लोग मंगवाते हैं। उन्होंने बताया कि जब तक सरकार द्वारा ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक नहीं लगाई जाती है तब तक दवा दुकानें बंद रहेगी।

# चिकित्सक डॉ. ललन शर्मा के निधन पर शोक की लहर

**हसपुरा/नबिटा संवाददाता**। प्रखंड के मौआरी गांव निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. ललन शर्मा के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन को क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने कहा कि उनका जाना केवल एक चिकित्सक का निधन नहीं, बल्कि गरीबों, जरूरतमंदों और आम लोगों के भरोसेमंद सहारे का टूट जाना है। डॉ. ललन शर्मा के निधन पर मुखिया अजीत कुमार चुन्नु, पूर्व मुखिया मृत्युंजय शर्मा, संतोष शर्मा तथा डॉ. देवलाल पासवान सहित कई लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। शोक व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि डॉ. शर्मा एक कुशल चिकित्सक होने के साथ-साथ संवेदनशील समाजसेवी भी थे। उन्होंने जीवनभर सेवा को ही अपना धर्म माना और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहे। लोगों ने कहा कि वे जहां भी रहे, समाज और मानवता की भलाई के लिए कार्य करते रहे। उनके व्यवहार, सेवा भावना और लोगों के प्रति समर्पण को क्षेत्र के लोग हमेशा याद रखेंगे। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना की।

**प्रपत्र सं. URC–2**

**कंपनी पंजीकरण हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन**

(कंपनियां अधिनियम, 2013 की धारा 374(ख) तथा कंपनियां (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4 (1) के अनुसार)

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि कंपनियां अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उपधारा (2) के अनुपालन में, रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, पटना, बिहार के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि एम/एस रोहतास कोक प्लांट, जो कि एक साझेदारी फर्म है और जिसका पंजीकृत कार्यालय टेंडुआ, डिहरी-ऑन-सोन, जिला-रोहतास, बिहार - 821305 में स्थित है, को कंपनियां अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक शेयरों द्वारा सीमित निजी कंपनी (प्राइवेट लिमिटेड कंपनी) के रूप में पंजीकृत किया जाए।

**कंपनी के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:**

● एक नई कंपनी द्वारा साझेदारी फर्म **एम/एस रोहतास कोक प्लांट** का अधिग्रहण करना, जिसमें सभी व्यावसायिक परिसंपत्तियों एवं देनदारियों का हस्तांतरण नवगठित प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को किया जाएगा।

●कोयला उद्योग के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करना तथा विभिन्न प्रकार के घरेलू कोक जैसे विशेष धूम्ररहित ईंधन (SSF), कोलतार एवं टार फेल्ट, बिटुमेन एवं अन्य कोयला संबंधित उत्पादों का निर्माण करना, साथ ही कोल हैंडलिंग प्लांट, निर्माण (फैब्रिकेशन) एवं अन्य यांत्रिक उपकरणों की स्थापना (इरेक्शन) का कार्य करना।

**आदि अन्य–**

प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन (Memorandum) एवं उपनियम (Articles of Association) की प्रति टेंडुआ, डिहरी-ऑन-सोन, जिला-रोहतास, बिहार - 821305 स्थित कार्यालय में कार्य समय के दौरान निरीक्षण हेतु उपलब्ध है।

यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन पर आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर लिखित रूप में अपनी आपत्ति रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC), IICA, प्लॉट सं. 6, 7 एवं 8, सेक्टर-5, IMT मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा - 122050, ईमेलः crc.escalation@mca.gov.in, फोनः 0124-4832500 पर भेज सकता है तथा उसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजनी होगी।

दिनांकः 15-05-2026

**एम/एस रोहतास कोक प्लांट की ओर से**

हस्ताक्षरित
संजय कुमार
**पदनामः भागीदार /**
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

## एक नजर

### विवाहिता का अपहरण, दो बच्चों की मां को जबरन ले जाने का आरोप

**अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। कुटुंबा थाना क्षेत्र के गोडीहा गांव से एक विवाहिता के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता के पति आनंद कुमार चौधरी ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस को दिए आवेदन में पति ने गांव के ही एक युवक पर अपनी पत्नी को जबरन ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन के अनुसार, आनंद चौधरी की 29 वर्षीया पत्नी प्रियंका देवी बीते 18 मई की रात करीब दो बजे अचानक घर से गायब हो गई। घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। पति का आरोप है कि शहजाद अली उर्फ गुड्डु नामक व्यक्ति उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर या जबरन उठा ले गया है। पीड़ित महिला के दो छोटे बच्चे (शिवम कुमार और प्रीति कुमारी) हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। शिकायतकर्ता ने बताया कि घटना से कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर दो अलग-अलग नंबरों से धमकी भरा कॉल आया था। फोन करने वाले ने सीधे तौर पर कहा था कि वह उसकी पत्नी प्रियंका देवी को उसके घर से उठा ले जाएगा। रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर काफी खोजबीन करने के बाद भी जब महिला का कोई सुराग नहीं मिला तब थक-हारकर पीड़ित पति ने पुलिस की शरण ली। पीड़ित परिवार ने थानेदार से मामले की गंभीरता से जांच कर महिला की सकुशल बरामदगी करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन और मोबाइल नंबरों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगालने में जुट गई है।

### ई-फार्मेसी के विरोध में बंद रहीं सभी दवा दुकानें

**अंबा (नबिटा संवाददाता)**। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट (एआईओसीडी) के देशव्यापी आह्वान पर बुधवार को कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र की सभी दवा दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। एकदिवसीय हड़ताल के कारण क्षेत्र में दवाओं की किल्लत देखी गई और मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हड़ताल का मुख्य कारण केंद्र सरकार की नीतियों और ऑनलाइन दवा बिक्री (ई-फामेसी) का विरोध है। स्थानीय दवा विक्रेताओं का कहना है कि ऑनलाइन फार्मेसी के आने से न सिर्फ छोटे और पारंपरिक दवा दुकानदारों का रोजगार खतरे में पड़ गया है, बल्कि बिना सही वेरिफिकेशन और डॉक्टर के पर्चे के दवाइयां बिकने का जोखिम भी बढ़ गया है। इससे नकली और प्रतिबंधित दवाओं के बाजार में आने का खतरा रहता है।

### सुंदरकांड पाठः घंटों गूंजती रही रामायण की चौपाइयां

**हसपुरा/नबिटा संवाददाता**। प्रखंड के हसपुरा बाजार स्थित कनाप रोड मोहल्ला में रिटायर्ड शिक्षक अवधेश शर्मा के आवास पर धार्मिक आस्था और भक्ति के माहौल में रामायण के सुंदरकांड का सामूहिक वाचन आयोजित किया गया। करीब तीन घंटे तक चले इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और रामभक्तों की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुंदरकांड पाठ का आयोजन भौली गांव निवासी सुदामा प्रसाद सिंह तथा सोनबरसा गांव के पूर्व मुखिया संतोष शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। जैसे ही सुंदरकांड की चौपाइयों का पाठ आरंभ हुआ, उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम में मुंजहड़ गांव के नाल वादक राम केवल शर्मा, श्रीराम शर्मा, बरपा गांव के दिलीप शर्मा तथा कैथी बनकट के विजय शर्मा समेत अन्य रामायण गायकों ने मधुर स्वर में लगातार पाठ एवं गायन किया। कार्यक्रम की शुरुआत रामायण पुस्तक के विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर पूर्व मुखिया संतोष शर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामायण की प्रत्येक पंक्ति मानव जीवन के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि रामायण का नियमित वाचन समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। राम-भरत मिलाप जैसे प्रसंग लोगों को पारिवारिक और सामाजिक संबंधों की गहराई समझाते हैं। सुंदरकांड पाठ की समाप्ति के बाद रामायण पुस्तक की सामूहिक आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### डॉ. श्वेता गुप्ता पर अभद्र टिप्पणी की वैश्य समाज ने की निंदा

**हसपुरा/नबिटा संवाददाता**। बिहार सरकार में समाज कल्याण मंत्री बनाए जाने के बाद डॉ. श्वेता गुप्ता के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर वैश्य समाज में नाराजगी देखी जा रही है। वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक सह सुढ़ी संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय सहसंयोजक विजय कुमार अकेला ने बयान जारी कर टिप्पणी की तीखी आलोचना की है। विजय कुमार अकेला ने कहा कि डॉ. श्वेता गुप्ता समाज की आन, बान और शान हैं तथा वैश्य समाज की धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि उनके पति डॉ. बरुण कुमार भी एक सक्रिय समाजसेवी हैं, जिन्होंने अपने नेतृत्व में ऐतिहासिक रैली आयोजित कर समाज को संगठित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्वेता गुप्ता को मंत्री बनाए जाने से समाज के लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल है। अकेला ने कहा कि राजनीति में अक्सर टिकट वापस होने पर लोग बगावती रुख अपना लेते हैं, लेकिन डॉ. बरुण कुमार ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी और गठबंधन के हित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने बताया कि सीतामढ़ी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए डॉ. बरुण कुमार को टिकट दिया गया था और वे जनसंपर्क अभियान भी चला रहे थे। इसी दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर उन्होंने पार्टी का सिंबल वापस कर लिया और एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में पूरी ताकत से चुनाव प्रचार किया।

### बंटवारा को लेकर मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज, छह नामजद

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। रफीगंज थाना क्षेत्र के कोटवारा गांव में बंटवारा को लेकर पुत्र ने पिता को मार कर घायल कर दिया जिसका प्राथमिक ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया।गंभीर हालत देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया।इस मामले में रामदीन यादव ने अपने पिता कामता यादव, भाई संदीप यादव सहित चार एवं संदीप कुमार ने रामदीन यादव एवं इसकी पत्नी निर्मला देवी को आरोपित बनाया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि बटवारा को लेकर पिता पुत्र में विवाद हुआ पिता अभी इलाजरत है।प्राथमिक की दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु वार्ड सदस्य को दें आवेदन

**मदनपुर/नबिटा संवाददाता**। मदनपुर प्रखंड के घोड़ा डिहरी पंचायत के मुखिया शोभा देवी ने पंचायत वासियों से जानकारी दी कि 1 अप्रैल 2026 से जिनके परिवार में किसी की मृत्यु हो गई हो वे मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए आवेदन या फार्म भर कर संबंधित वार्ड सदस्य के पास जमा कर दें, ताकि उन्हें सहज रूप से प्रमाणपत्र बन मिल जाए। मुखिया व मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत के लोग 1 अप्रैल 2026 से जिनका भी मृत्यु हुई है। लोग अपने-अपने वार्ड सदस्य से फॉर्म लेकर और उनसे साइन करवा कर जमा करें। अन्य कहीं और से मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनेगा । पंचायती व्यवस्था के अनुसार सभी वार्ड सदस्य को मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए फॉर्म उनके पास दे दिया गया है। आवेदकों से फार्म लेकर जमा कराए। बिहार सरकार के आदेश अनुसार सभी वार्ड सदस्य को अपने-अपने वार्ड के सौदाहगृह का प्रभारी बनाया गया है। सभी वार्ड सदस्यों से अपील किया है कि इस कार्य में सहयोग करें। मृत्यु प्रमाणपत्र सुलभता से बन जाएगा। कहीं जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि डॉ. बरुण कुमार ने त्याग, समर्पण और राजनीतिक मर्यादा का परिचय देते हुए समाज और गठबंधन की एकता बनाए रखने का कार्य किया। विजय कुमार अकेला ने कहा कि समाज को ऐसे लोगों पर गर्व है तथा अभद्र टिप्पणी करने वालों को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

### पंडित राजकुमार शुक्ला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**औरंगाबाद**। शहर के सत्येंद्र नगर स्थित ब्रह्म भट्ट समाज के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक राय के आवास पर बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी पंडित राजकुमार शुक्ला की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित राजकुमार शुक्ला ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश भट्ट थे। उन्होंने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ला ने देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न दिया जाना चाहिए।

# एनटीपीसी बरौनी को मिला प्लेटिनम अवॉर्ड

## गोवा में आयोजित समारोह में किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी को ऐपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 10वें एपेक्स इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स 2025 में प्लेटिनम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गोवा में आयोजित समारोह के दौरान प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार ग्रामीण समुदायों तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने हेतु संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) जैसी प्रभावशाली एवं सतत पहलों के लिए प्रदान किया गया। पृथ्वी राज, कार्यपालक (सीएसआर), ने एनटीपीसी बरौनी की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। एनटीपीसी बरौनी की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में




स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने और स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक जांच एवं दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल से प्रतिमाह लगभग 2,000 लाभार्थी लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ हो रही हैं।यह पुरस्कार समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति एनटीपीसी बरौनी की निरंतर प्रतिबद्धता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में किए जा रहे सार्थक प्रयासों को रेखांकित करता है।बरौनी परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान संगठन की समाज के प्रति प्रतिबद्धता और सामुदायिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी एनटीपीसी बरौनी समाज के कल्याण एवं सतत विकास की दिशा में इसी प्रकार कार्य करता रहेगा।

# बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर चला पर्यावरण जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** रेलवे एवं माया कौशल्या फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से बुधवार को पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया। बुधवार को रेलवे स्टेशन बेगूसराय के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर रेल विभाग एवं माया कौशल्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में नारे लगाए तथा स्टेशन के मुख्य द्वार पर श्रमदान कर साफ-सफाई की। मौके पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक,ऑपरेटिंग विभाग, आर.पी.एफ., जी.आर.पी. एवम संविदाकर्मी के द्वारा संयुक्त रूप में यात्रियों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की अपील की। वहीं राहुल कुमार ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र राय एवं अधिवक्ता अभिषेक जायसवाल ने इसे प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक कर्तव्य बताया। संस्था की भूमिका स्पष्ट करते हुए माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार ने कहा कि हमारी संस्था सामाजिक एवं पर्यावरणीय सुधार के लिए पूरी तरह संकल्पित है। रेल विभाग के सहयोग से चलाया गया यह अभियान यात्रियों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने की एक पहल है, ताकि लोग अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक बन सकें। कार्यक्रम में ई. वीरेंद्र सिंह एवं पर्यावरण साथी छोटू कुमार ने भी प्रकृति का संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। अभियान के माध्यम से प्लेटफॉर्म एवं ट्रेनों में सफर कर रहे सैकड़ों यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# मनरेगा से मजदूरों को नहीं मिल रहा रोजगार

## प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में भाकपा ने दिया धरना, आंदोलन की कही बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** भाकपा व खेत मजदूर यूनियन के बैनर तले प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में धरना प्रदर्शन किया गया। सभी पंचायतों में आयोजित धरना प्रदर्शन सभा की अध्यक्षता रजाकपुर में गंगा साह, विष्णुपुर में लक्ष्मी तांती, हसनपुर बागर में मो नसीम रब्बानी, पहसारा पश्चिमी में अनुभव कुमार केशव आदि ने किया। सहायक अंचल मंत्री जितेंद्र कुमार ने उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार मनरेगा मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इस योजना का नाम बदलकर जी वीवी रामजी कर साल में 125 दिनों का काम उपलब्ध कराने की घोषणा की है, पर धरातल पर मजदूरों को काम उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। काम के अभाव में मजदूर अन्य प्रांतों में पलायन करने के लिए मजबूर है। पूर्व में किये गए काम की मजदूरों का मजदूरी बकाया है। उसके भुगतान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के माध्यम से मजदूरों का अविलंब मजदूरी भुगतान करने की मांग करते हैं। भुगतान नही होने पर आक्रमक आंदोलन करने की भी चेतावनी दी। मौके पर अंचल मंत्री चंद्र भूषण चौधरी, शाखा मंत्री देवेंद्र पासवान, सिया राम महतो, मो असफाक, गणेश महतो, अमर कुमार, मो शहीद, बलराम राय, अमीर राय, इंदिरा देवी, सरस्वती देवी, मीना देवी, अशोक मोची, राम पुकार पासवान, लक्ष्मी पासवान सहित कई कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कई भाकपा नेताओं ने भाग लिया तथा अपने-अपने विचार दिये।

# तीन सूत्री मांगों को लेकर दवा दुकानें रहीं बंद, लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** ऑल इडिया केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर प्रखंड के सभी दवा दुकानदार तीन सूत्रीय मांगों के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखी। इससे आम लोगों के साथ बीमार हुए रोगियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, सचिव हीरा लाल प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष शंभू शर्मा ने बताया कि सरकार ऑनलाइन व्यवसाय को खुली छूट दे रखी है। रोजमर्रे की उपयोग की वस्तुओं के अतिरिक्त जीवन रक्षक दवा भी ऑनलाइन बेची जा रही है। इससे दवा की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़ा होता है। इससे छोटे और मझोले दवा विक्रेताओं के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आम लोगों को इसकी गुणवत्ता का पता नहीं चलता है, साथ ही इसकी विश्वनीयता पर भी सवाल हो जाता है। उन्होंने दवा की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने, कोरपोरेट द्वारा भारी डिस्काउंट बंद करने तथा कोविड जीएसआर 2020 वापस लेने की आवाज बुलंद की। इससे नावकोठी में 8, समसा में 3, पहसारा में 3, डफरपुर में 1, सिसौनी में 1, हसनपुर बागर में 1 दवा की दुकानें है। इस तरह कुल 16 दवा की दुकानें बंद रहने से दो लाख रुपए का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ है।दुकानदारों ने कहा कि सरकार इनकी मांगों को नहीं मानती है तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की जाएगी। प्रखंड अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष तीनों मिलकर पूरे प्रखंड के बंद दवा दुकानों का निरीक्षण किया।

# रेलवे संपत्ति की चोरी मामले में आरपीएफ ने किया बड़ा खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** आरपीएफ एवं सीआईबी जमालपुर ने रेलवे संपत्ति चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की गई 55 एलईडी फ्लड लाइट बरामद करते करते हुए चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। बरामद सामान की कीमत करीब 34 हजार रुपये बताई गई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि सीआईबी जमालपुर को सूचना मिली थी कि रेलवे की फ्लड एलईडी लाइटों की अवैध खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर एसके सुधा के नेतृत्व में आरपीएफ एवं सीआईबी




की टीम सक्रिय हो गई। टीम ने आरपीएफ पोस्ट जमालपुर तथा एसएसई इलेक्ट्रिक जमालपुर से संपर्क कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि जमालपुर रेलवे यार्ड स्थित नई पिट लाइन से कुल 55 फ्लड एलईडी लाइट चोरी हुई हैं। इसके बाद देर संध्या में सीआईबी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने स्थानीय ईस्ट कॉलोनी थाना पुलिस के सहयोग से ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया। सबसे पहले कुंदन कुमार उर्फ पर्रा के घर सह गोदाम में छापा मारा गया जहां से 27 फ्लड एलईडी लाइट बरामद की गई। इसके बाद रात्रि तक अभियान जारी रहा। सीआइबी इंस्पेक्टर एसके सुधा ने बताया कि कुंदन कुमार की निशानदेही पर पुलिस टीम ने अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की। इस दौरान भीम यादव के घर से 9 फ्लड लाइट, अमर कुमार के घर से 4 फ्लड लाइट तथा अजीत बिहारी के घर से 15 फ्लड एलईडी लाइट बरामद की गई। सभी सामानों को विधिसम्मत जब्ती सूची बनाकर कब्जे में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि पूछताछ में मुख्य आरोपी कुंदन कुमार उर्फ पर्रा ने खुलासा किया कि ये सभी रेलवे की लाइटें नीरज कुमार, निवासी नया गांव दुर्गा स्थान, ईस्ट कॉलोनी द्वारा चोरी कर बेची गई थीं। आरोप है कि नीरज कुमार ने जमालपुर रेलवे यार्ड की पिट लाइन से इन लाइटों की चोरी की थी। इधर एसएसई इलेक्ट्रिक जमालपुर की लिखित शिकायत पर आरपीएफ पोस्ट जमालपुर में आरपीएफ की धारा के तहत प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मुहिम में सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा, अनुज कुमार, रवि कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जवान शामिल थे।

# नालसा जागृति योजना एवं पॉक्सो एक्ट की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जेके प्लस टू स्कूल बेगूसराय में नालसा जागृति योजना के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले बुधवार को नगर निगम के ट्रैफिक चौक स्थित जे.के. प्लस टू स्कूल के प्रांगण में नालसा जागृति योजना के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित छात्राओं को नालसा जागृति योजना एवं पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के शुरुआत में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रेशमा कुमारी के द्वारा उपस्थित अतिथियों को पुष्प



कुछ देकर सम्मानित किया गया एवं विद्यालय के बच्चियों द्वारा स्वागत का गाकर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम में मंच संचालन विद्यालय के सहायक शिक्षक उमेश कुमार ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित बच्चियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव और न्यायाधीश करुणा निधि प्रसाद आर्य ने जागृति योजना एवं पोक्सो एक्ट के बारे मे बताया। उनहोने बताया कि नालसा की जागृति योजना का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, मानव तस्करी, लैंगिक भेदभाव एवं महिलाओं के विरुद्ध हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति कानूनी जागरूकता फैलाकर इन्हें जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कानूनन अपराध है। ऐसा करने पर 2 वर्ष तक की जेल और 1 लाख रुपये तक जुर्माना हो सकता है। साथ ही साथ दहेज लेना-देना दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत दंडनीय अपराध है। प्राधिकार के सचिव न्यायाधीश करूनानिधि प्रसाद आर्य ने बताया कि पोक्सो एक्ट 2012 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ यौन शोषण करना गंभीर अपराध है। बच्चों को गुड टच-बैड टच की पहचान बताई गई। पोक्सो एक्ट में न्यूनतम 20 साल की जेल से लेकर मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पीड़ित की पहचान गुप्त रखी जाती है। उनहोने बताया कि किसी भी पीड़ित महिला या बच्चे को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता, वकील एवं काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम मे न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने छात्राओं से अपील की कि वे 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में डीएलएसए की सहयोगी बनें। यदि उनके आस पड़ोस में कहीं बाल विवाह, बाल शोषण या महिला उत्पीड़न की घटना हो रही हो तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या नालसा हेल्पलाइन 15100 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया। सभी को जागृति योजना एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में फाइनल अधिवक्ता पंकज कुमार तौसीफ अहमद एलएडीसी के सहायक अखिलेश कुमार नेवी उपस्थित छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जागृति योजना के बारे में बताया मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संगम मिश्रा शैलेश कुमार विवेक कुमार सिंह सुजीत कुमार उपस्थित थे।

# छात्रों को मिलेगा भाषाई और सांस्कृतिक ज्ञान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे इंटर कॉलेज जमालपुर में भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित यह समर कैंप 20 से 27 मई तक चलेगा जिसमें कक्षा छह एवं सात के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य एम किरण कुमार विद्यालय ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि विकसित करना, भाषाई विविधता की समझ बढ़ाना तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना है। कैंप के दौरान बच्चों को भाषा आधारित गतिविधियों, कला एवं शिल्प, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा विभिन्न ज्ञानवर्धक सत्रों से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल शिक्षक विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जाएगा। इससे बच्चों में भाषाई कौशल के साथ-साथ आत्मविश्वास और सामाजिक समझ भी विकसित होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाषा शिक्षकों में पीके हलदर, मोनिका कुमारी एवं कुमारी शिल्पी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वहीं कला एवं शिल्प गतिविधियों की जिम्मेदारी उत्सव आनंद को सौंपी गई है, जो बच्चों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण देंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक टीम में सुमन कुमारी, शेफाली कुमारी, श्रुति राजी, सौरभ दत्ता, राजीव कुमार एवं संतोष कुमार शामिल हैं।

### प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष कन्हैया कुमार ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। संघ के जिलाध्यक्ष को सौंपे त्यागपत्र में उसने बताया कि उनका पदस्थापन खगड़िया जिला में प्रधान शिक्षक के पद पर हो गया है। जिला से बाहर रहने के कारण संघ के कार्य उनके द्वारा संपादित कर पाना असंभव प्रतीत होता है। संघ तथा शिक्षकों के हित का ध्यान रखते हुए उन्होंने बतौर कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उपाध्यक्ष संजय कुमार पासवान के नाम की अनुशंसा की है, ताकि संघ का कार्य निर्बाध रूप से हो सकें। उन्होंने अपने कार्यकाल में हुए आय, व्यय का भी हिसाब करने का भी अनुरोध किया है।

# केमिस्टों की हड़ताल के दौरान खुले रहे जनऔषधि केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर में केमिस्टों की हड़ताल के दौरान भी प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र आम मरीजों के लिए खुले रहे।ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉर्पोरेट छूट के विरोध में आयोजित राज्यव्यापी बंद में मेडिकल स्टोरों के बंद रहने के बावजूद, मरीजों को सस्ती और जरूरी दवाइयाँ आसानी से उपलब्ध कराई गईं। बंद का आह्वान ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एवं बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने किया था। मुंगेर में सदर अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र के संचालक राकेश कुमार ने बताया कि फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार, जन औषधि केंद्र हड़ताल में शामिल नहीं हुए और लोगों को सामान्य दिनों की तरह बाजार से 50 फीसदी से 90 फीसदी तक सस्ती दवाइयाँ दी गईं। उन्होंने कहा कि जन औषधि का संकल्प सेवा है। प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों पर हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, डायविटिज, कीमोथेरेपी व कैंसर रोधी दवाओं के साथ–साथ पेट और पाचन गैस, एसिडिटी, कब्ज और अल्सर की दवाएं उपलब्ध रहती है, जिसकी जरूरत लोंगों को पड़ती है। मुंगेर में सदर अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र के अतिरिक्त मोगलबाजार, पूरबसराय, नौवागढ़ी, बरियारपुर, वेलनबाजार, कासिमबाजार, जमालपुर के भी प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र खुले रहे। एहतियात के तौर पर सदर अनुमंडलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इन केन्द्रों इर्द गिर्द सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।

# सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकहा ररिऔना में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैम्प का समापन बुधवार को हुआ। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सरोज कुमार ने की। उन्होंने कहा कि मातृभाषा के अतिरिक्त दूसरी भारतीय भाषा की जानकारी काफी महत्वपूर्ण है। विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार सात दिनों तक कक्षा संचालन के साथ-साथ भाषा समर कैम्प में बंगाली, गुजराती, तेलुगू, मलयालम, मैथिली भाषा की सामन्य समझ पर आधारित गतिविधि में विद्यालय के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक समर शिरीन और दर्शन कुमार पोद्दार ने बड़ी लगन और मेहनत के साथ भाषा शिक्षक मिथिलेश राम, राकेश कुमार और नवीनता कुमारी के साथ समन्वय बनाकर यूथ क्लब के नोडल शिक्षक विनय कुमार और मनीष कुमार के निर्देशन में भाषा समर कैम्प को कराया गया। समर कैम्प के 50 प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र मेडल और कॉपी कलम प्रदान कर हौसला बढ़ाया गया। पुरस्कृत छात्र, छात्रा में अंजलि, कामिनी, साबरा, नायला, सिदरा राहत निगम, आशुतोष, तौफिक आदि बच्चे काफी खुश थे। मौके पर शिक्षक महफूज आलम, दीपक कुमार, इन्दु कुमारी, दीक्षा श्रीवास्तव, अजिता राज ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

# स्वच्छता अभियान को लेकर रेल यात्रियों को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेशन पर एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान का नेतृत्व एपीओ धनंजय मांझी ने किया। जिसका मुख्य उद्देश्य रेल यात्रियों और स्टेशन परिसर में मौजूद लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। एपीओ ने 'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने के लिए यात्रियों को जागरूकता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन एक सार्वजनिक स्थल है और इसकी साफ-सफाई बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी




है। मांझी ने यात्रियों से अपील की कि वे स्टेशन परिसर में गंदगी न फैलाएं और कूड़ा हमेशा निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें।अभियान के दौरान रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और आसपास के क्षेत्रों की गहन साफ-सफाई की। उन्होंने यात्रियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए उन्हें साफ-सुथरा वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार, अजय कुमार, पंकज कुमार सहित कई मौजूद थे।

# विभिन्न पेंशनों के लिए केवाईसी करना जरूरी : बीडीओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** बिहार सरकार ने वृद्धा पेंशन का लाभ ले रहे सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी जीवन प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य कर दिया है। प्रखंड कार्यालय में पेंशन से संबंधित पदाधिकारी कर्मचारियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रभात रंजन ने बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीडीओ ने कर्मचारियों एवं विकास मित्र को पेंशन से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि इस



कार्य में तेजी लाना है क्योंकि 30 मई हर हाल में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पेंशनधारियों का केवाईसी करवाना अनिवार्य है। बीडीओ ने शहरी एवं ग्रामीण इलाके के जनता जनप्रतिनिधि को भी इसके लिए जागरूक करते हुए कहा कि आसपास के जो भी पेंशनधारी है उन्हें केवाईसी करवाने के लिए प्रेरित करें। केवाईसी करने की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। जो पेंशनधारी निर्धारित समय के अंदर केवाईसी नहीं करवाते हैं उनका पेंशन रोकने का प्रावधान भी निर्धारित किया गया है। बैठक में पेंशन विभाग के डाटा ऑपरेटर अर्चना कौशल, लिपिक सनी कुमार, संतोष कुमार, शिवरानी कुमारी, राजेश कुमार, रामलाल सहित कई मौजूद थे।

# पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही पहुंचे डीएम, घायल को भिजवाया अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** शहर के अति व्यस्त जिला पुलिस लाइन के समीप आज मुख्य सड़क पर पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे और पेड़ से चोटिल एक महिला को तुरंत इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन के पास बुधवार को मुख्य सड़क के किनारे स्थित एक पेड़ अचानक टुट कर सड़क पर गिर पड़ी। जिससे उस समय गुजर रही एक महिला पेड़



की चपेट में आकर चोटिल हो गई। इधर हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मौके पर पहुंचकर सबसे पहले घायल महिला को जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाये। उन्होंने भागलपुर नगर निगम के आयुक्त किसलय कुशवाहा एवं वन विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाया और गिरे हुए पेड़ को हटाने का कार्य प्रारंभ करवाया। पेड़ की चपेट में आने से एक ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस तरह से वहां पर एक बड़ा हादसा होने से बच गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने एवं आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इधर मौके पर उपस्थित लोगों ने जिलाधिकारी की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते पाए गए।

# ऑनलाइन गेम का खूनी अंजाम :10वीं के छात्र की हत्या, दो दिनों से था लापता

## दो लाख की फिरौती मांगने के बाद झाड़ी में मिला शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां ऑनलाइन मोबाइल गेम के चक्कर में एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजड़ गईं। पलासी थाना क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय करोड़ दिघली में 10वीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र विशाल कुमार (15) बीते 18 मई से लापता था। बुधवार सुबह मजलिसपुर पंचायत के कुजरी बेलबाड़ी गांव स्थित एक बांस की झाड़ी से उसका शव बरामद किया गया। पुलिस की शुरुआती जांच में हत्या की वजह मोबाइल गेम में पैसों का विवाद बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के ही दो दोस्तों को हिरासत में लिया है। मृतक की मां ममता देवी ने पलासी थाने में दिए आवेदन में बताया था कि 18 मई को स्कूल से घर लौटने के बाद विशाल अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसी बीच परिजनों के मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें विशाल को छोड़ने के बदले दो लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। अपहरण की आशंका को देखते हुए परिजनों ने तुरंत पुलिस से गुहार लगाई, लेकिन दो दिनों बाद बुधवार सुबह विशाल का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

**डॉलर और ऑनलाइन गेम के चक्कर में ली दोस्त की जान**

अररिया एसपी जितेंद्र कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। संदेह के आधार पर मृतक के दो दोस्तों को हिरासत में लिया गया। कड़ी पूछताछ में जो सच सामने आया, वह चौंकाने वाला था। विशाल और उसके दोस्त ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलते थे, जिसमें डॉलर के रूप में पैसे लगाए जाते थे। इसी गेम के पैसों के लेनदेन को लेकर दोस्तों के बीच विवाद हुआ और उन्होंने मिलकर विशाल की हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार (दाबिया) भी बरामद कर लिया है।

**फोरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत, घर में कोहराम**

घटना की सूचना मिलते ही पलासी थाना पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। विशाल के पिता श्रीलाल महतो और उसका बड़ा भाई मुंबई में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घर पर विशाल की मां ममता देवी और बहन पूजा कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग इस बात से हैरान हैं कि महज कुछ पैसों और गेम के विवाद में दोस्त ही कातिल बन गए।

**अभिभावकों के लिए एसपी की बड़ी अपील**

बच्चों को मोबाइल देने के बाद उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना बेहद जरूरी है। ऑनलाइन गेम और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बच्चों की बढ़ती निर्भरता और लत कई बार ऐसी गंभीर आपराधिक घटनाओं का कारण बन रही है। अपने बच्चों के व्यवहार में आ रहे बदलावों को पहचानें।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहीं मेडिकल दुकानें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बौंसी/बांका।** ऑल इंडिया मेडिकल संगठन द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में बुधवार को आयोजित दवा दुकान बंदी का असर बांका और बौंसी इलाके में व्यापक रूप से देखने को मिला। बंदी के दौरान शहर और बाजार क्षेत्र की छोटी-बड़ी मेडिकल दुकानें पूरी तरह बंद रहीं, जिससे दवा खरीदने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। संगठन द्वारा ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण स्थानीय दवा व्यवसाय पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव, सस्ती एवं कथित रूप से गुणवत्ता रहित दवाओं की बिक्री तथा दवा कारोबारियों की सुरक्षा संबंधी मांगों को लेकर यह बंद बुलाया गया था। बंदी के समर्थन में बौंसी बाजार के कई प्रमुख मेडिकल स्टोरों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। बंद रहने वाली प्रमुख दुकानों में जवाहर मेडिकल हॉल, अशोक मेडिकल, श्रीराम मेडिकल हॉल, मनीष मेडिकल तथा भगत मेडिकल सहित दर्जनों दवा दुकानें शामिल रहीं। स्टेशन रोड, डैम रोड और भुरना रोड इलाके में अधिकांश मेडिकल स्टोरों पर दिनभर ताले लटके रहे। दुकानों के बंद रहने से बाजार क्षेत्र में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। कई मरीज आवश्यक दवाइयों के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए, खासकर बुजुर्ग और गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा। दवा दुकानदारों ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए दवाओं की बिक्री से स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि कई ऑनलाइन कंपनियां कम कीमत पर दवाएं बेच रही हैं, जिससे छोटे व्यवसायियों की आय घट रही है। साथ ही उन्होंने दवाओं की गुणवत्ता और निगरानी को लेकर भी चिंता जाहिर की। व्यवसायियों ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण लगाने, स्थानीय मेडिकल दुकानदारों के हितों की रक्षा करने तथा दवा व्यवसाय से जुड़े नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की है। बंदी के दौरान संगठन के सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया।

# 'नैतिकता और वर्तमान समाज' विषय पर सेमिनार आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पीजी समाजशास्त्र विभाग में एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया, जिसका विषय 'नैतिकता और वर्तमान समाज' था, जिसमें समकालीन समाज में नैतिक मूल्यों के क्षरण और उनकी प्रासंगिकता पर गंभीर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ कृष्ण कांत झा ने अपने संबोधन में वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में नैतिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विष्णुपुराण, मनुस्मृति, महाभारत एवं विदुरनीति इत्यादि विभिन्न ऐतिहासिक और पौराणिक ग्रंथों के अंतर्गत वर्णित नैतिकता और समाज के सम्बन्धों की विस्तृत व्याख्या की। वहीं विशिष्ट वक्ता के रूप में संस्कृत-प्राध्यापक डॉ आर एन चौरसिया ने अपने सारगर्भित विचार साझा किए, जिसमें उन्होंने स्वयं से पहले समाज के प्रति समर्पण भाव को रखने की अपील की। कहा कि वर्तमान समाज में नैतिकता एक गहन संकट है, क्योंकि आधुनिक भाग-दौड़, भौतिकता, व्यक्तिवाद और शीघ्र लाभ की चाह के कारण नैतिकता में गिरावट आ रही है। उन्होंने कहा कि 'मैं' की जगह 'हम' की भावना सर्वोपरि होना चाहिए। बच्चों के लिए परिवार प्रथम पाठशाला होता है, जहां वे नैतिकता का पाठ सीखते हैं। अपने समाज के माहौल का भी व्यक्ति की नैतिकता पर काफी असर पड़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष सह सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष प्रो ध्रुव कुमार द्वारा की गई।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवारा में 'विभिन्न भाषाएं' विषय पर समर कैंप आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कलवारा में बृहस्पतिवार को ऌविभिन्न भाषाएँ विषय पर एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों के भाषा ज्ञान, रचनात्मक क्षमता एवं आत्मविश्वास को विकसित करना था। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया समर कैंप के दौरान बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी, मैथिली, उर्दू, पंजाबी समेत विभिन्न भाषाओं के सामान्य शब्द, अभिवादन की शैली, छोटी कविताएँ, प्रेरणादायक कहानियाँ एवं दैनिक संवाद सिखाए गए। शिक्षकों ने बच्चों को खेल-खेल में नई भाषाओं की जानकारी दी, जिससे बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे चार्ट, पोस्टर, चित्रकला एवं अभिनय के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। कई बच्चों ने अलग-अलग भाषाओं में अभिवादन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुति को देखकर अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उनकी सराहना की विद्यालय के प्रधानाध्यापक बालमुकुंद सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जून के प्रथम सप्ताह में छोटी गाड़ियों का होगा परिचालन

## अपर महानिदेशक ने विक्रमशिला सेतु के बेली ब्रिज का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** सीमा सड़क संगठन के अपर महानिदेशक जितेंद्र प्रसाद (विशिष्ट सेवा पदक), ने जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं संगठन के अधीक्षण अभियंता विपिन कुमार सुद के साथ आज विक्रमशिला गंगा सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से में निर्माणाधीन बेली ब्रिज का निरीक्षण किया। एकदिवसीय दौरे पर बुधवार को यहां पहुंचे अपर महानिदेशक ने विक्रमशिला गंगा सेतु पर बन रहे बेली ब्रिज के कार्य का निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित अभियंताओं की टीम से ब्रिज निर्माण एवं उसकी वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया कि बेली ब्रिज के उत्तर दिशा में एक स्पैन पर 24 मीटर तथा दक्षिण दिशा में भी एक स्पैन पर 12 मीटर लंबाई का बेली ब्रिज निर्माण कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त दक्षिण के एक अन्य स्पैन पर भी बेली ब्रिज निर्माण को लेकर उच्च स्तर पर विचार-विमर्श जारी है। बेली ब्रिज निरीक्षण के उपरांत अपर महानिदेशक जितेंद्र प्रसाद ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जून 2026 के प्रथम सप्ताह से छोटे वाहनों के परिचालन के लिए बेली ब्रिज चालू होने की संभावना है। सेतु के ऊपर बेली ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, इसलिए सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्रारंभिक चरण में केवल छोटे वाहनों को ही आवागमन की अनुमति दी जाएगी। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए जल्द ही छोटे वाहनों के लिए पुल को चालू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वहीं निर्माणाधीन ब्रिज का काम तेजी से चल रहा है। मौके पर कार्यरत अभियंताओं और कर्मियों को जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता की जा रही है।

# पीड़ित परिवारों से मिले सांसद प्रदीप सिंह, दी 25-25 हजार की आर्थिक मदद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट**

**अररिया/नरपतगंज।** मध्य प्रदेश के इंदौर के देवास में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में नरपतगंज प्रखंड के पांच मजदूरों की दर्दनाक मौत के बाद पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह नरपतगंज पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दुखद घड़ी में सांसद ने व्यक्तिगत तौर पर प्रत्येक मृतक के परिवार को 25-25 हजार की तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की। पीड़ित परिजनों से मिलते हुए सांसद प्रदीप कुमार सिंह भावुक हो गए। उन्होंने कहा, ''घर चलाने और मेहनत-मजदूरी करने गए हमारे युवाओं की इस तरह असमय मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक है। इस भीषण त्रासदी के दुख में पूरा समाज और सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।''

सांसद ने मौके से ही अररिया के जिलाधिकारी से फोन पर बात की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जरूरी कागजी प्रक्रियाएं और आपदा राहत से जुड़ी औपचारिकताएं बिना किसी देरी के पूरी की जाएं, ताकि पीड़ित आश्रितों को जल्द से जल्द सरकारी मुआवजा और अन्य लाभ मिल सकें। इसके साथ ही उन्होंने हादसे में घायल हुए अन्य मजदूरों के बेहतर इलाज और उनके परिवारों को हरसंभव प्रशासनिक सहयोग देने की बात कही।

# सहयोग शिविर बने लोगों की उम्मीद, आवेदन के बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सहयोग शिविर अब केवल शिकायत और आवेदन लेने का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बनता जा रहा है। जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला के मार्गदर्शन में प्राप्त आवेदनों का तेजी से निष्पादन किया जा रहा है, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। इसी क्रम में रजौन प्रखंड के लीलातारी राव टोला निवासी विनोद कुमार राव ने सहयोग शिविर के माध्यम से अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाई। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन देकर बताया कि उनके नाम से 29 दिसंबर 2025 को बिजली कनेक्शन के लिए मीटर तो लगा दिया गया था, लेकिन कई महीनों बाद भी उनके घर में बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी थी। आवेदन प्राप्त होते ही जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित विद्युत विभाग को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। प्रशासनिक निर्देश के बाद विभागीय अधिकारियों ने जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और आवेदक के घर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। घर में बिजली आने के बाद विनोद कुमार राव और उनके परिवार में खुशी का माहौल देखा गया। उन्होंने जिला प्रशासन और सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित समस्या का समाधान इतनी जल्दी हो जाएगा, इसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी। प्रशासन का कहना है कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जिला पदाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ऑनलाइन आवेदन करें या जहां सहयोग शिविर आयोजित हो रहे हैं वहां पहुंचकर ऑफलाइन आवेदन भी जमा कर सकते हैं। जिला प्रशासन के अनुसार सभी प्राप्त आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर राहत मिल सके। प्रशासनिक पहल के कारण अब ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर पहले की तुलना में अधिक जागरूक और आश्वस्त नजर आ रहे हैं।

# आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं जनसुनवाई शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बौंसी/बांका।** जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान जनभागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले के तहत बांका जिले में विशेष शिविरों का आयोजन शुरू हो गया है। जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला के निर्देशानुसार बुधवार को बौंसी प्रखंड के भलजोर स्थित आदि सेवा केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैंप लगाया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन भी लिए गए। मेडिकल कैंप के दौरान 35 लोगों की सिकल सेल एनीमिया जांच की गई, जबकि 4 संभावित ट्यूबरक्लोसिस मरीजों की सक्रिय जांच की गई। इसके अलावा मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत टीकाकरण एवं शुगर जांच के लिए 88 लोगों की जांच की गई। कैंप में दिव्यांगता प्रमाण पत्र से जुड़े 4 आवेदन तथा आयुष्मान कार्ड से संबंधित 21 आवेदन प्राप्त कर उनका निष्पादन भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की भीड़ काफी अधिक रही और लोगों ने सरकारी सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में भागलपुर प्रमंडल के उप निदेशक कल्याण लालदेव राम, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रौशन कुमार, हॉस्पिटल मैनेजर अमित कुमार, आयुष चिकित्सक डॉ. राम मुकेश यादव, विकास मित्र विकास कुमार सहित सीएचओ और एएनएम मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि 21 मई से 23 मई 2026 तक संबंधित पंचायतों के आदि सेवा केंद्रों पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, राशन कार्ड, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र, पोषण वाटिका, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड समेत कई योजनाओं से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे और उनका ऑन-द-स्पॉट निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन की ओर से बताया गया कि शिविरों का आयोजन पंचायत स्तर पर क्लस्टर प्रभारियों की निगरानी में किया जाएगा। साँगा पंचायत में बीपीआरओ बौंसी, चिलकरा पंचायत में सीडीपीओ बौंसी, सरुआ पंचायत में हॉस्पिटल मैनेजर तथा बभनगामा पंचायत में एमडीएम प्रभारी की देखरेख में कैंप संचालित होंगे। कार्यक्रम के दौरान भागलपुर प्रमंडल के उप निदेशक कल्याण द्वारा सरुआ पंचायत के बड़ापघार आदिवासी टोला में वृक्षारोपण भी किया गया। प्रशासन का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करना है।

**जनसुनवाई कार्यक्रम की तिथि एवं स्थल**

21 मई 2026 विशनपुर-बीपीआरओ, महगुड़ी-सीडीपीओ, सिमरा-प्रभारी एमडीएम, 22 मई 2026, भलजोर-बीपीआरओ, बड़ापघार-हॉस्पिटल मैनेजर 23 मई 2026 राजदह- बीपीआरओ।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–106 के लिए खुली ई निविदा सूचना, दिनांक 15.05.2026,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (कर्षण), पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–106, कार्य का नाम :** मालदा मंडल–ओएचई की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए 160 वर्गमिमी बड़े कॉपर जंपर से मौजूदा 105 वर्ग मिमी जी–जंपर को बदलना। **निविदा मूल्य :** रु. 2,90,79,080/–, **बयाना राशि:** रु. 5,81,600/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 27.05.2026 से 10.06.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-54/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में स्टार्टअप कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** जिले में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में एक विशेष स्टार्ट-अप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार, तकनीकी आधारित उद्यमिता तथा स्टार्ट-अप के प्रति जागरूक और प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी, बांका द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को पारंपरिक नौकरी की सोच से आगे बढ़कर नवाचार और स्टार्ट-अप की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा अपनी प्रतिभा और तकनीकी ज्ञान के बल पर रोजगार पाने के साथ-साथ रोजगार देने वाले भी बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधिक एवं अनुपालन क्लिनिक विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को कंपनी के विभिन्न स्वरूप, कंपनी निबंधन की प्रक्रिया, कानूनी प्रावधान एवं स्टार्ट-अप संचालन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर उद्योग विभाग के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने बिहार स्टार्ट-अप नीति-2022 की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार युवाओं को स्टार्ट-अप स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण, मेंटरशिप एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा और उद्यमिता का समन्वय राज्य में आत्मनिर्भरता को नई दिशा देगा। तकनीकी सत्र के दौरान विशेषज्ञ आकाश सिन्हा, नितिन कुमार एवं शुभम साकेत ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया।

# विश्व मधुमक्खी दिवस : 'स्वीट क्रांति' से गांवों में बढ़ी आत्मनिर्भरता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मुंबई/नई दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा बुधवार को 'विश्व मधुमक्खी दिवस-2026' के अवसर पर देशभर में वर्चुअल माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम मुंबई स्थित केवीआईसी मुख्यालय तथा नई दिल्ली के गांधी दर्शन कार्यालय से संचालित हुआ। केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने देशभर के केवीआईसी कार्यालयों, मधुमक्खी पालकों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और ऊर्जा संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष कार्यक्रमों का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया गया। इससे ईंधन और अनावश्यक यात्रा की बचत के साथ देशभर से बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हुई। इस अवसर पर केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीबीआरटीआई), पुणे में आयोजित 'हनी प्रदर्शनी' का शुभारंभ भी वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस वर्ष 'विश्व मधुमक्खी दिवस' की 'थीम लोगों और ग्रह के लिए एक साथ मिलकर काम करें' रही, जिसके तहत मधुमक्खियों की पर्यावरण संरक्षण, कृषि उत्पादकता और जैव विविधता में भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति' के विजन ने गांवों में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को नई दिशा दी है। उन्होंने बताया कि केवीआईसी ने वर्ष 2017 में 'हनी मिशन' की शुरुआत की थी, जो आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। केवीआईसी के अनुसार, वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक देशभर में 2,46,099 बी-बॉक्स एवं बी-कालोनियों का वितरण किया गया है, जिससे लगभग 24,269 मीट्रिक टन शहद उत्पादन को बढ़ावा मिला। वहीं वर्ष 2025-26 में शहद उत्पादन का अनुमान 5,512 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवीआईसी से जुड़े मधुमक्खी पालकों द्वारा करीब 31 करोड़ रुपये मूल्य के शहद का निर्यात किया गया। भारतीय शहद की मांग अमेरिका, कनाडा, यूएई, इजराइल, सऊदी अरब, ओमान, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कतर और कोरिया रिपब्लिक समेत कई देशों में लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम में देशभर के मधुमक्खी पालकों ने डिजिटल माध्यम से अपने अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं। केवीआईसी अधिकारियों ने इसे 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में ग्रामीण रोजगार और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत अभियान बताया।

# सड़क किनारे सूखे पेड़ दे रहे हादसे को निमंत्रण

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चांदन देवघर मुख्य सड़क मार्ग के सिलजोरी मोड़ के समीप सड़क किनारे एक शीशम की पेड़ और सुखी डालियां लोगों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। कई जगहों पर तेज आंधी और बारिश के बीच पेड़ धराशाई हो रहे हैं। स्थानीय लोगों व राहगीरों व किसी वाहन के उपर पेड़ गिरने की डर का माहौल है। पेड़ों की नियमित देखरेख नहीं होने के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवा चलने पर सूखी डालियां टूटकर सड़क पर कई बार गिर चुके है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर रात के समय और बारिश के दौरान गुजरना जोखिम भरा हो गया है।डोली देवी पति सुचित यादव ने जिला पर्यावरण पदाधिकारी बांका को आवेदन देकर पेड़ काटवाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पेड़ कटवाने को लेकर चंदन कुमार वनपाल चको आवेदन दिया गया वावजूद पेड़ की कटाई नहीं हुई है।इस संबंध में वनपाल चंदन कुमार ने बताया जांचोपरांत पेड़ काटने योग्य होगी तो पेड़ कटवाने की कार्रवाई की जाएगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल–20–26, दिनांक 19.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल–एसएसई/इलेक्ट (जी)/आसनसोल के अधीन एक वर्ष (वित्त वर्ष 2026–27) के लिए विविध विद्युत कार्य अनुबंध। **निविदा मूल्य :** रु. 1,00,00,447.50, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 2,00,000/–, **कार्य के लिए समापन अवधि :** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 10.06.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-99/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सड़क हादसे में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीनगर थाना क्षेत्र के नवीनगर-जपला मुख्य मार्ग पर नेनुआ तोल गांव के समीप बुधवार सुबह बाइक सवार दंपति ट्रैक्टर ने की चपेट में आ गए जिससे पति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के डंगवार गांव निवासी 53 वर्षीय विश्वनाथ साव के रूप में हुई है। वहीं घायल पत्नी की पहचान 50 वर्षीय सुनैना देवी के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि विश्वनाथ साव के एक रिश्तेदार की मौत हो गई थी। इसी कारण वे अपनी पत्नी सुनैना देवी के साथ बाइक से शोकाकुल परिवार से मिलने जा रहे थे। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवीनगर पहुंचाया और घटना की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन विश्वनाथ साव को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उनकी मौत हो गई जबकि सुनैना देवी को इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय के अनुसार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हुई है जबकि उनकी पत्नी का इलाज पटना में चल रहा है। ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं जम्होर थाना क्षेत्र के एनएच-139 पर कर्मा भगवान मोड़ के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर के पलट जाने से चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक की पहचान ओबरा निवासी 60 वर्षीय सत्येन्द्र यादव के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता ने बताया कि अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से एक चालक की मौत हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बाइक-पिकअप की टक्कर में युवक की मौत, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बुधवार की सुबह सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर दाउदनगर-बारुण पथ स्थित शहीद प्रमोद सिंह चौक के पास शव रखकर सड़क जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मृतक की पहचान अंछा पंचायत के ठाकुर बिगहा निवासी जनेश्वर मेहता के 33 वर्षीय पुत्र कुंदन महतो उर्फ साधु के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी के साथ गोह थाना क्षेत्र के बहुरिया वर्मा स्थित ससुराल से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-120 दाउदनगर-गोह-गया मार्ग पर ममरेजपुर कटरिया गेट के पास सुबह करीब छह बजे एक अज्ञात पिकअप वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में सीओ शैलेंद्र कुमार यादव ने मृतक के परिजनों को मुआवजा का चेक सौंपा, तब जाकर मामला शांत हुआ।

# अस्पतालों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना आवश्यक : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल एवं अनुमंडल अस्पतालों की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में सिविल सर्जन, डीपीएम (स्वास्थ्य) एवं डीपीएम (जीविका) के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि अस्पताल परिसरों की नियमित एवं बेहतर सफाई व्यवस्था में जीविका दीदियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पतालों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना मरीजों एवं उनके परिजनों के हित में अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में सदर अस्पताल एवं अनुमंडल अस्पतालों की साफ-सफाई का कार्य जीविका दीदियों के माध्यम से कराए जाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। बैठक में साफ-सफाई व्यवस्था के संचालन, कार्यप्रणाली, निगरानी एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अस्पतालों में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी एवं सतत बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

# मिथिलेश नंदिनी शरण का निधन, शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के क्लब रोड निवासी सेवानिवृत पुलिस इंस्पेक्टर मिथिलेश नंदिनी शरण का आज निधन हो गया। वे विगत दो वर्षों से बीमार चल रहे थे और अपने पुत्र डालटनगंज के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ रविश सिन्हा के साथ रह रहे थे जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। इनका अंतिम संस्कार 21 मई को होगा। गौरतलब है कि श्री शरण अपने सरल स्वभाव और सामाजिक सक्रियता के लिए जाने जाते थे। वे समाज के हित के लिए सक्रिय रहते थे तथा सामाजिक गतिविधियों में उनकी विशेष भागीदारी रहती थी। औरंगाबाद जिले के नवीनगर, ओबरा, अम्बा आदि थानों में भी वे थाना प्रभारी रह चुके थे। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों, शुभचिंतकों और ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के सदस्यों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। शोक व्यक्त करने वालों में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. कमल किशोर, जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, कायस्थ महासभा बिराटपुर शाखा के अध्यक्ष सह लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, नवीनगर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा, खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़, 105 सिलेंडर जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** अवैध गैस सिलिंडर रिफिलिंग, भंडारण और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह द्वारा प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर रिसियप थानाध्यक्ष संजीत राम तथा कुटुंबा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा की गई। रिसियप थाना क्षेत्र के पहरा गांव में इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। जहां घरेलू गैस को लेकर लोगों को घंटों लाइनों खड़े होकर इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं इतनी बड़ी मात्रा में गैस मिलने से लोगों में तरह तरह की चर्चा है। यह कार्रवाई विकास कुमार सिंह के मकान एवं दुकान परिसर में की गई। तलाशी के क्रम में कुल 105 गैस सिलेंडर, 90 गैस पासबुक, 6 उज्ज्वला गैस चूल्हा, 01 रिफिलिंग नोजल पाइप तथा 1 इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन बरामद एवं जब्त किया गया। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया अवैध गैस भंडारण एवं घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग से संबंधित गतिविधियों के साक्ष्य प्राप्त हुए। उक्त मामले में पहरा गांव निवासी मनोज सिंह के पुत्र विकास कुमार सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, जमाखोरी अथवा अनधिकृत रिफिलिंग को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि घरेलू उपयोग हेतु प्रदत्त एलपीजी गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल निर्धारित प्रयोजनों के लिए करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित प्रशासनिक अथवा पुलिस पदाधिकारियों को उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है तथा आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने हेतु सतत निगरानी की जा रही है। आमजन से अनुरोध किया गया है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना अथवा अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता के अनुरूप ही गैस की बुकिंग करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से गैस आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सके।

# हत्यारोपित के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के जमुआ गांव में एक युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले के मुख्य नामजद आरोपित विनय कुमार सिंह के घर पर बुधवार को विधिवत कुर्की-जब्ती की कार्रवाई को अंजाम दिया। विदित हो कि मृतक रंजीत पासवान (30 वर्ष)19 मार्च 2025 की सुबह करीब 9 बजे अपनी मां विमला कुंवर के साथ बाइक से इलाज कराने औरंगाबाद जा रहा था। इसी दौरान मटपा रोड पर पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोका। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए रंजीत पासवान को पकड़ा और विनय कुमार सिंह ने उसके सीने में सटाकर गोली मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। वारदात के बाद से ही मुख्य आरोपी विनय कुमार सिंह लगातार फरार चल रहा था। न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के बाद कुटुंबा थाना पुलिस ने आरोपी के जमुआ स्थित आवास पर पहुंचकर ढोल-नगाड़े बजाकर मुनादी कराई और घर के सभी सामानों को जब्त कर अपने साथ ले गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्काघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से लू प्रभावित व्यक्ति को देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



इनका नियमित सेवन करें :-

नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है|सावधानियाँ हीं बचाव|

हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो, तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

झारखण्ड सरकार 104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

PR-380346 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27